श्रावण कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधि. | 27.0° | 29.0° |
| न्यून. | 23.0° | 23.0° |

रांची, शुक्रवार
18 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-166, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## हमारी सैन्य शक्ति काफी मजबूत

राष्ट्रीय नवीन मेल




निर्मला कर्ण

धरती का स्वर्ग कहलाने वाला कश्मीर जहां दूर-दूर से लोग आते हैं घूमने। कभी छुट्टियां बिताने तो कभी हनीमून मनाने और कभी रोज के काम से फुरसत पाकर अपने बच्चों को भी कश्मीर लाते हैं प्रकृति की सुषमा दिखाने। 22 अप्रैल को भी तो यही हो रहा था सभी सैलानी घूम रहे थे वहाँ। दूर-दूर से आए थे वह सभी कोई सुदूर दक्षिण से तो कोई पूर्व से और कोई पश्चिम से, कोई उत्तर प्रदेश तो कोई कर्नाटक और बेंगलुरु के भी थे कई सैलानी विदेशी भी थे। स्थानीय दुकानदार भी बाजार लगा कर बैठे थे वहाँ। कभी अचानक आतंकवादी वहाँ पहुँच गए और उन्होंने सभी सैलानियों से उनके नाम और धर्म पूछ कर गोलियाँ बरसाना शुरू कर दिये। बेशर्मी की पराकाष्ठा– पैंट, जींस खोल करके भी उन्होंने जाँच किया और आश्वस्त होने के बाद गोलियों से छलनी करते गए। आँखों के सामने बहन-बेटियों का सिंदूर धुल गया। उनके करुण विलाप का किसी आतंकवादी पर कोई असर नहीं हुआ। किसी स्थानीय ने भी कोई मदद नहीं की सैलानियों की, वह स्वयं अपने बचाव में लगे रहे जबकि उनका कुछ भी नहीं होना था

शेष पेज 11 पर

## ओरमांझी से अवैध नकली पनीर की बड़ी खेप जब्त

**रांची।** राजधानी रांची के ओरमांझी इलाके से नकली पनीर बरामद किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में ओरमांझी थाना द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध नकली पनीर की खेप को पकड़ा गया। यह पनीर टम्पू वाहन के माध्यम से रांची लाया जा रहा था। सूचना प्राप्त होते ही खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, राँची के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त नकली पनीर को जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में पनीर के गुणवत्ताहीन एवं मानकविहीन होने की पुष्टि हुई है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।



## भारी बारिश के अलर्ट के बीच पलामू में दूसरे दिन भी बंद रहे स्कूल

# औसत से 358 फीसदी ज्यादा हुई बारिश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में भारी बारिश के बीच गुरुवार को भी स्कूल बंद रहे। हालांकि गुरुवार को पलामू में छिटपुट बारिश हुई और कई इलाकों में हल्की धूप निकली। दरअसल, बुधवार को भी पलामू में भारी बारिश हुई थी जिसके बाद आपदा प्रबंधन की बैठक में स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया गया था।

बुधवार को ही पलामू के इलाकों में बारिश से घरों में पानी घुस गया, वहीं कोयल, औरंगा, अमानत सोन समेत सभी नदियां उफान पर रहीं। गुरुवार को भी सभी नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही थीं। भारी बारिश को लेकर सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी अपने-अपने इलाकों में अलर्ट रहे और आम लोगों से नदी किनारे नहीं जाने का अनुरोध करते रहे। बुधवार को पलामू में 157.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। गुरुवार को दोपहर तक पलामू के इलाके में बहुत कम बारिश हुई और जनजीवन सामान्य हो गया है।

### 2024 में यह आंकड़ा 166.5 मिमी था

पलामू क्षेत्र में भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने भी आंकड़े जारी किए हैं। जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 1 जुलाई से 16 जुलाई के बीच पलामू में औसत से 358 प्रतिशत ज़्यादा बारिश हुई। इस दौरान पलामू में 763.7 मिमी बारिश भी हुई है। 2024 में यह आंकड़ा 166.5 मिमी बारिश का रिकॉर्ड किया गया था। बुधवार को ही पलामू में बारिश ने बड़े पैमाने पर जनजीवन को प्रभावित किया। कई इलाकों का संपर्क अपने जिला मुख्यालयों से टूट गया था। एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने कई सड़कें भी बंद कर दीं थी।

## आहर में डूबे किशोर का शव 24 घंटे बाद बरामद

पलामू में भारी बारिश थमने के बाद, चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर स्थित नई मोहल्ला आहर से 16 वर्षीय शाहिद खान नाम के एक किशोर का शव बरामद किया गया। शाहिद बुधवार को बारिश के दौरान शाहपुर स्थित निमिया बांध पर गया था। शाहिद का शव गुरुवार को आहर से बरामद किया गया। चैनपुर थाना पुलिस ने शाहिद के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं बुधवार को भारी बारिश के बीच पांकी थाना क्षेत्र के सगालिम मोहल्ले में गांव की आबादी को सरकारी भवनों में शिफ्ट किया गया है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25

# देशभर में जमशेदपुर को स्वच्छता में तीसरा स्थान



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणाम की घोषणा हो गई है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में परिणाम की घोषणा की गई है। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित किया गया है। इसमें झारखंड के जमशेदपुर और बुंडू का नाम शामिल है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विभाग के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने झारखंड सरकार, राज्य के नगर विकास विभाग और प्रदेश के नागरिकों खासकर जमशेदपुर और बुंडू के नागरिकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी।

**जमशेदपुर और बुंडू को अलग-अलग श्रेणी में सम्मान :** 3-10 लाख तक की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में जमशेदपुर को तृतीय स्थान मिलने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर को सम्मानित किया। वहीं बुंडू को झारखंड के प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्मानित किया।

शेष पेज 11 पर

बुंडू को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में मिला सम्मान...

नगर विकास सचिव ने सीएम हेमंत सोरेन को दिया श्रेय...

### शहरी स्वच्छता के लिए किए गए कई पहल का नतीजा

बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। लेकिन लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 में राज्य की जनता के सहयोग और शहरी निकायों के साथ-साथ राज्य सरकार के मार्गदर्शन में राज्य नें स्वच्छता के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त किए। इसके लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करनें के लिए कार्यक्रम चलाए गए। डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन सुनिश्चित कराया गया। सेग्रिगेशन एंड प्रोसेसिंग ऑफ वेस्ट को प्राथमिकता दी गयी। पीट कंपोस्टिंग एंड ऑनसाइट कंपोस्टिंग के लिए नगर निकायों और नागरिकों को प्रोत्साहित किया गया।रीसाइक्लर्स को नगर निकायों के साथ जोड़ा गया। स्वच्छता ऐप के माध्यम से सफाई से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निदान किया गया। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री के कुशल शेष पेज 11 पर

### दूसरे शहरों का अन्य श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन

खास बात है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ अन्य श्रेणी में भी झारखंड के शहरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। स्वच्छता के क्षेत्र में जमशेदपुर को पांच सितारा शहरों की सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा देवघर, जुगसलाई और चाकुलिया को वन स्टार रैंकिंग मिला है। वाटर प्लस शहरों की सूची में जमशेदपुर को जगह मिली है। बुंडू, चिरकुंडा, राजमहल, साहिबगंज और देवघर को प्लस प्लस श्रेणी में रखा गया है।

## डाकघर से 9 करोड़ के गबन में सीबीआई ने 7 को किया गिरफ्तार

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर स्थित केके पॉलिटेक्निक उप डाकघर में 9 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले में सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को धनबाद स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले की जांच में यह बात सामने आई कि तत्कालीन सब पोस्टमास्टर सुमित कुमार सौरभ पूरे घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता है। प्रारंभिक जांच के आधार पर सीबीआई ने सुमित सौरभ सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

**पहचान छिपा कर 20 साल गुजारने के बाद सीबीआई ने पकड़ा :** छानबीन में यह पाया गया कि डाकघर कर्मियों ने खाताधारकों की रकम में हेराफेरी कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया। शेष पेज 11 पर

## पंचायतों के विकास में लोहरदगा सबसे आगे

झारखंड के अधिकांश पंचायत को मिला सी ग्रेड



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी पंचायत उन्नति सूचकांक में झारखंड में लोहरदगा जिला ने 59.37 प्रतिशत स्कोर लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद खूंटी को 59.27% पश्चिम सिंहभूम को 56.4 8% धनबाद को 54.15% और जामताड़ा 53.91 प्रतिशत स्कोर प्रकार द्वितीय तृतीय चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया है। राज्य का सबसे खराब प्रदर्शन सरायकेला खरसावां जिला का रहा जो 42.36 प्रतिशत पाकर सबसे नीचे रहा। देश के अन्य राज्यों की तुलना में हालांकि झारखंड की स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। राज्य के 4297 ग्राम पंचायत में 4281 ने पंचायत उन्नति सूचकांक में आंकड़ा दाखिल किया जिसमें से बी कैटेगरी में 375 और सी कैटेगरी में 3229 और दी कैटेगरी में 677 ग्राम पंचायत को स्थान मिला है। बता दें कि भारत सरकार ने पंचायत उन्नति सूचकांक के जरिए पंचायत में हुए नौ क्षेत्रों में विकास के कार्य को लेकर शेष पेज 11 पर

## हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर का मर्डर

### 10 से ज्यादा हत्या के आरोपी को मारी 4 गोलियां, शूटर ने सुपारी लेकर की हत्या

एजेंसी । पटना

पारस अस्पताल में भर्ती गैंगस्टर चंदन मिश्रा की अपराधियों ने अस्पताल के अंदर घुसकर हत्या कर दी। गुरुवार को शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में अस्पताल के आईसीयू में घुसकर गोली मारी गई। 5 की संख्या में आए अपराधियों ने हॉस्पिटल के बाहर गाड़ी खड़ी की, अस्पताल में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चंदन को शूट करने का वीडियो भी बनाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मृतक का नाम चंदन मिश्रा है। चंदन, बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज के लिए पारस अस्पताल आया था। उसका बवासीर का ऑपरेशन हुआ था। चंदन बक्सर का रहने वाला था। बक्सर में राजेंद्र केसरी नाम के चूना व्यवसायी की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उसे उम्रकैद की सजा हुई थी। पटना एसएसपी ने बताया कि चंदन एक कुख्यात अपराधी था।

शेष पेज 11 पर




**सीसीटीवी में कैद हुए हत्यारे :** मर्डर का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें 5 अपराधी बड़े आराम से चंदन मिश्रा के वॉर्ड तक आते हैं। कमरे के बाहर एक-एक कर अपनी कमर से पिस्टल निकालते हैं। फिर कमरे में दाखिल होते हैं। गोली मारकर करीब 30 सेकेंड में बाहर आते हैं। पिस्टल कमर में खोंसकर फरार हो जाते हैं। देर रात तक एक अपराधी के गिरफ्तार होने की सूचना है।

## इंडिया

# एल वन से सस्ते के बजाय विश्वस्तरीय पुल बने और निर्माता से गारंटी ली जाए

एल वन यानी सबसे कम में सरकारी काम का फ़ॉर्मूला अब घटिया निर्माण या आपूर्ति का पर्याय बन गया है जिससे सरकारी खजाने की बचत नहीं होती और एक ही काम बार-बार कराना पड़ता है । अक्सर लोग सवाल उठाते हैं कि अंग्रेजों के समय बने पुल या इमारत अभी तक सही सलामत हैं जबकि हमारे राज्य या देश में उदघाटन से पहले इनके धंसने के भी मामले हैं। ऐसा क्यों है इसके मूल में जाएंगे तो पता चलेगा कि आजादी के पहले सबसे सस्ते जैसी अवधारणा नहीं थी बल्कि श्रेष्ठ काम को प्राथमिकता दी जाती थी । कुछ लोगों ने सरकारी खजाने में बचत के लिए सबसे कम की अवधारणा शुरू की जो सुनने में अच्छी लगती है पर यहीं से धालमेल शुरू हुआ। कुछ धूर्त और बेईमान लोगों ने घटिया निर्माण को भी रिश्वत देकर पास कराना शुरू किया और उसके बाद यह चलन में आ गया। यदि तकनीकी मानक तय कर दिए जाएं और किसी भी निर्माता या आपूर्तिकर्ता को गारंटी की शर्तों से बांधा जाए तो इसपर रोक लग सकती है और सही अर्थों में जनता के पैसों की बचत हो सकती है क्योंकि एक ही काम बार-बार नहीं करानी पड़ेगी। गुजरात में वडोदरा के नजदीक नौ जुलाई को गंभीरा पुल का टूटने की घटना में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई यह भारत के आधारभूत ढांचे के विकास में गड़बड़ी की दुखद गाथा है । 2022 में गुजरात में मोरबी पुल का गिरना, 2016 में महाराष्ट्र का महाड पुल हादसा और 2016 में कोलकाता में विवेकानंद फ्लाईओवर का ढहना-ये सभी हादसे नौकरशाही की निष्क्रियता और आम लोगों के प्रति राजनीतिक उदासीनता के उदाहरण हैं।चार दशक पुराने गंभीरा पुल पर हादसे के बारे में स्थानीय निवासी लंबे समय से चेता रहे थे कि वाहनों के गुजरने पर गंभीरा पुल हिलता है और मोरबी हादसे के बाद भी ऐसी चेतावनी दी गई थी। नया पुल बनाने के लिए सर्वेक्षण किए गए, डिजाइन तैयार हुए, फिर भी जीर्ण-शीर्ण संरचना को खुला रखा गया और सतही मरम्मत की गई। जर्जर पुल पर यातायात की अनुमति देने का निर्णय लापरवाही को ही दर्शाता है। पुल बंद करने पर व्यापार प्रभावित होता और जनता नाराज हो सकती थी-ये ऐसे विचार हैं, जो अल्पकालिक दृष्टिकोण से संचालित प्रणाली में सुरक्षा से अधिक महत्वपूर्ण होते हैं।वर्ष 2023 में मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे की सड़क धंसने से उसमें एक बस समा गई और यात्रियों को चोटें आई थीं, जबकि 2024 में ऐसा ही हादसा दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में हुआ, जिससे कई दिनों तक यातायात बाधित रहा था। पुल ढहने जैसी ये घटनाएं रखरखाव की लापरवाही और चेतावनियों की अनदेखी को उजागर करती हैं।भारत में बुनियादी ढांचे का संकट प्रणालीगत है। वर्ष 2017 में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कराए गए सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित 6,500 से ज्यादा पुल 'क्षतिग्रस्त' अवस्था में थे, इनमें सौ साल से भी अधिक पुराने 20 पुलों को तत्काल बंद किया गया। पिछले साल मंत्रालय की ओर से लोकसभा में बताया गया कि 'पुलों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए दृश्य और उपकरण-आधारित आवधिक निरीक्षण, मूल्यांकन और निगरानी अनिवार्य कर दी गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न घटकों की संरचनात्मक अखंडता समय पर मरम्मत/पुनर्वास हस्तक्षेप के माध्यम से बनाए रखी जाए।'मोरबी के झूला पुल या कोलकाता के विवेकानंद फ्लाईओवर की तरह गंभीरा पुल के बारे में भी पहले से संकट की जानकारी थी। गंभीरा पुल में होने वाला कंपन उतनी ही बड़ी चेतावनी थी, जितनी कि मुंबई की सड़कों के धंसने से पहले आईं दरारें।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



इसका मुख्य कारण एल वन के तहत तय कम लागत है। भारत का तेजी से होता शहरीकरण आधुनिक बुनियादी ढांचे की मांग करता है, लेकिन हल्के भार के लिए बने गंभीरा जैसे पुलों का पर्याप्त पुनर्निर्माण शायद ही कभी किया जाता है। मुंबई की सड़कें अक्सर पुरानी जल निकासी प्रणालियों के कारण धंस जाती हैं, जो उपेक्षा को दर्शाती हैं। घटिया निर्माण, बेतरतीब रखरखाव और भ्रष्टाचार इन त्रासदियों में योगदान देते हैं। मोरबी के बाद की जांच में लापरवाहीपूर्ण निगरानी को दोषी ठहराया गया, फिर भी कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ। गंभीरा हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, लेकिन आशंका है कि पहले की तरह इसकी रिपोर्ट भी दबा दी जाएगी और जिम्मेदार अधिकारी बच निकलेंगे।

राज्य सरकार ने हादसे के तत्काल बाद मुआवजे का एलान कर दिया, ताकि लोगों का ध्यान प्रणालीगत सुधारों से भटक जाए और मौद्रिक मरहम-पट्टी पर चला जाए। राहत की अपेक्षा दिखावे को प्राथमिकता देने की संस्कृति सर्वव्यापी है। झारखंड में भी कई पुल धंसे दुर्घटना भी हुई पर कार्रवाई क्या हुई किसी को पता नहीं। हर काम के पहले यदि पश्चिमी देशों की तरह रिसर्च हो कि पिछले काम में क्या कमी थी या पुल धंसने की घटना दुबारा नहीं हो इसके लिए विशेषज्ञ क्या कहते हैं जैसी बातों पर ध्यान दिया जाए तो भारत विकसित देश बन सकता है।

### 24 घंटे में दूसरी बार मिले उद्धव-फडणवीस

## 20 मिनट की मुलाकात ने महाराष्ट्र की सियासत में मचाई हलचल



एजेंसी । पुणे

महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर करवट लेती दिख रही है। बुधवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अप्रत्यक्ष रूप से सत्ताधारी पक्ष में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद दोनों नेता एक-दूसरे से मिलते नजर आए थे। वहीं, ठीक एक दिन बाद गुरुवार को दोनों नेताओं की मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कार्यालय में हुई। यह बैठक करीब 20 मिनट तक चली। इस बैठक में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। इन दो मुलाकातों ने राजनीतिक गलियारों में नई संभावनाओं को जन्म दे दिया है। इस मुलाकात पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि आज हमने मुख्यमंत्री को एक संकलन दिया है, जिसमें लिखा है कि पहली कक्षा से तीन-भाषा नीति क्यों नहीं होनी चाहिए। बता दें कि बुधवार को विधानसभा में फडणवीस ने साफ कहा था कि भारतीय जनता पार्टी 2029 तक विपक्ष में जाने वाली नहीं है। उन्होंने उद्धव ठाकरे को इशारों में संदेश दिया था कि शेष पेज 11 पर



## बंद होगा डिबडीह के पास रेलवे ट्रैक से वाहनों का आवागमन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के डिबडीह पूल के पास से जाने वाली रेलवे ट्रैक पर ट्रेन गुजरने के बाद भरी जाम की स्थिति बन जाती है। हालांकि अगर उस जगह को बेहतर तरीके से ढाला जाए तो सड़क और चौड़ी हो सकती है। सड़क से सटे हुए बिजली पोल्स को व्यवस्थित तरीके से बनाया जाए तो उस सड़क को थोड़ी और जगह मिल जाएगी। वहीं रेलवे की जमीन पर भी अवैध कब्ज़ा किया गया है। आस पास के दुकानदारों का कहना है रेलवे को जरुरत होगी कब्जे की जगह पर बने गई दिवार को हटा कर रेलवे उस जगह को वापिस ले सकती है। दूसरी तरफ सूत्रों का कहना है यह डिबडीह पूल के पास से रेलवे ट्रैक पर गाड़ियों का आवागमन बंद होने वाला है। सोइर्फ़ पैदल पाठी ही उस सडक का प्रयोग कर पाएंगे। वहीं रास्ता दूसरी तरफ से है जिसे वक्त आने पर सांकेतिक बोर्ड लगा कर लोगों को बताया जायेगा।

### 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

# पढ़ाई के साथ साथ खेल और संस्कृति भी जरूरी : खेल मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो मुख़र्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का गुरुवार को भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह रांची के खेलगांव स्थित प्रैक्टिस मैदान में आयोजित हुआ। उद्घाटन समारोह में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन, कांके के विधायक सुरेश बैठा, रामगढ़ की विधायक ममता देवी, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आप्त सचिव अजय कुमार सिन्हा, आप्त सचिव उज्जवल मिंज, जेईपीसी के प्रशासी पदाधिकारी सचिदानंद दि. तिग्गा, झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे, विधायक प्रतिनिधि सोना राम सोरेन, कालीपदों गोहराई, सोमेश सोरेन समेत सभी प्रखंडों से चयनित खिलाड़ी शामिल हुए। मंच संचालन चंद्रदेव सिंह और जय होरो ने किया।



● झारखंड को फुटबॉल कैपिटल बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है शिक्षा विभाग : शशि रंजन

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सुब्रतो मुख़र्जी जी ने विद्यालय स्तर से फुटबॉल खेलना शुरू किया। आज उनकी उपलब्धि हमें सीख देती है। राज्य के विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चो के खेल कूद और शारीरिक विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। श्री सोरेन ने कहा कि खेल कूद के साथ साथ संस्कृति भी जरूरी है, इसीलिए पढ़ाई के साथ खेल और संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार ने इसके लिए बेहतरीन खेल नीति बनाई है और खेल शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड को फुटबॉल कैपिटल बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि स्कूली स्तर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच देने के लिए सुब्रतो कप एक प्रतिष्ठत आयोजन है। राज्य के स्कूली बच्चो में खेल का विकास हो इसके लिए हर माह एक राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा।

आज दूसरे दिन हुए अंडर 15 बालक वर्ग मुक़ाबले में संथाल ने कोल्हान को 5-0 से पराजित किया। दूसरे मुक़ाबले में उत्तरी छोटानागपुर ने दक्षिणी छोटानागपुर को 1-0 से शिकस्त दी। कोल्हान और पलामू के बीच हुआ मैच 1-1 के स्कोर के साथ ड्रा हुआ, अंतिम मुक़ाबला संथाल और दक्षिणी छोटानागपुर के बीच खेला गया, जिसमे मैच की समाप्ति तक दोनों टीमों ने एक भी गोल नहीं किया।

अंडर 17 बालक वर्ग मुकाबले में उत्तरी छोटानागपुर ने कोल्हान को 5-0 से हराया। संथाल ने पलामू को 4-0 से शिकस्त दी। संथाल ने एक अन्य मुकाबले में कोल्हान को 2-0 से पराजित किया। अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में संथाल की टीम ने कोल्हान पर बड़ी जीत दर्ज करते हुए कोल्हान को 9-0 के अंतर से पराजित कर दिया। दक्षिणी छोटानागपुर ने संथाल को 2-0 से हराया। उत्तरी छोटानागपुर और दक्षिणी छोटानागपुर के बीच हुए मुकाबले में किसी ने कोई गोल नहीं किया, कुछ यहीं हाल पलामू और कोल्हान के बीच हुए मैच का भी रहा, जहां मैच समाप्ति तक कोई भी टीम एक गोल भी नहीं कर सकी।

### खरीफ फसलों के 90% बीज का वितरण हुआ पूरा

# भारी बारिश में बिचड़े के नुकसान का होगा आकलन : कृषि निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**



● परिवर्तित फसलों की हो रही समीक्षा

**रांची।** झारखंड खनिज संपदा से संपन्न कृषक प्रदेश है। यहां की 90 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर करती है यहां के लोगों की रोजी रोटी खेती से ही चलती है। समय पर बीज मिलने से किसानों को खेती करने में काफी सहूलियत होती है, बीज लेने के लिए किसानों की लंबी लाइन देखी जाती है। गरीब किसानों के लिए सरकार द्वारा बीज का वितरण प्रत्येक वर्ष किया जाता है, ताकि वैसे किसान जिनके पास पैसे की कमी है, वे भी अपने खेतों को लहलहाने में कोई कसर न छोड़ें। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने झारखंड के कृषि निदेशक भोर सिंह यादव से विशेष बातचीत की। उन्होंने बताया कि झारखंड में बीज वितरण का 90% काम पूरा हो चुका है और जो बचे हुए हैं उसे भी तीव्रता से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में भारी बारिश हुई थी जिससे किसानों के बिचड़े का नुकसान हुआ है कृषि विभाग यह आकलन करने में जुटी है की कितने क्षेत्र में और किन-किन जिलों में बिचड़े को नुकसान हुआ है। वहीं झारखंड के किसान अपने फसल को परिवर्तित करते हैं दूसरे फसल लगाते हैं तो यह भी आकलन किया जा रहा है कि किन-किन जिलों में कितने क्षेत्र में फसल बदली जा रही है।

### पीएम धन-धान्य कृषि योजना की मंजूरी स्वागत योग्य : पवन साहू



**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने केंद्र सरकार द्वारा पीएम धन धान्य कृषि योजना को कैबिनेट में मंजूरी की स्वागत किया है। पवन साहू ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं यशस्वी प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार इस योजना को कैबिनेट में मंजूरी देकर किसानों को बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में तीन बड़े फैसले लिए हैं। किसानों के लिए हैं। 'पीएम धन-धान्य योजना' को मंजूरी दी है। इसके तहत हर साल 24 हजार करोड़ रुपये से 100 जिलों में कृषि सुधार होगा।

# भाई की जमीन हड़पने का आरोप डीडीसी पर

● डीडीसी ने कहा वे उनके देवर नहीं

● सरकार के उच्चाधिकारियों तक पहुंची शिकायत

● मामला कोर्ट में चल रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के खोरहा टोली निवासी अमर शीतल तिग्गा ने नवीन मेल को जानकारी दी की उनके भाई सन्नी शीतल तिग्गा जो की बीएसएफ में कमांडेंट रह चुके हैं। वहीं इनकी पत्नी जो कि डीडीसी रैंक की अधिकारी हैं। उनके द्वारा सदर थाना क्षेत्र स्थित खोरहा टोली में रोड पर स्थित 3 कट्ठा जमीन पर कब्जा करने की कोशिश लगातार की जा रही है। अमर शीतल तिग्गा का कहना है कई बार इनके द्वारा दुकान में तोड़ फोड़ की गई है। उन्होंने कहा ये दुकाने हमारी स्वर्गीय मां के द्वारा हमारे नाम की गई थी। यही हमारे रोजी रोजगार का जरिया है। जिसे हड़पने की कोशिश सन्नी शीतल तिग्गा के द्वारा किया जा रहा है।

अमर शीतल तिग्गा ने कहा मामला पहले से सिविल कोर्ट में चल रहा है बावजूद इसके सन्नी शीतल तिग्गा और उनकी पत्नी के द्वारा जमीन को हड़पने के लिए तरह तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हमारे घर में रह रहे रेंटर्स और हमें भी लगातार टॉर्चर किया जा रहा है। अपने पद का धौंस दिखाते हुए कई बार उन्होंने हमे धमकियां भी दी है।

वहीं डीडीसी रैंक की अधिकारी स्मिता टोप्पो हैं। यह सन्नी शीतल तिग्गा की पत्नी हैं। जब नवीन मेल संवाददाता ने स्मिता टोप्पो से मामले पर उनका पक्ष जानने की कोशिश की ओर सवाल किया तो उन्होंने आलोक शीतल तिग्गा को अपना रिश्तेदार मानने से इनकार कर दिया। वहीं संवाददाता से भी सरकारी पद का धौंस दिखाते हुए बदतमीजी की। इसकी शिकायत आलोक शीतल तिग्गा के द्वारा झारखंड के उच्च अधिकारियों के पास की गई है।



● जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय ने उप निदेशक जनसम्पर्क, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया।

# विश्वविद्यालय और राज्य सरकार उचित निर्णय नहीं लेती है, तो करेंगे आंदोलन : डीके सिंह



**रांची।** झारखंड में विवि एवं महाविद्यालय शिक्षकों के वर्ष 2008 से लंबित प्रमोशन की मांग को लेकर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. डी.के. सिंह और महासचिव डॉ. अमूल्य सुमन बेक के नेतृत्व में उच्चतर और तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव एवं निदेशक से मिलकर प्रमोशन प्रक्रिया में आ रही बाधाओं से अवगत कराया तथा इसमें आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए आग्रह किया। इस मांग पर दोनों अधिकारियों ने जल्द से जल्द सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से डॉ. संजय सिंह, डॉ. मुकुंद रविदास, डॉ. मासूफ अहमद एवं डॉ. डी.के. सिंह शामिल थे।

# कांग्रेस सभी पंचायतों में समिति के गठन के लिए जिलों करेगी बैठक

● बेला प्रसाद और केशव महतो कमलेश 20 जुलाई से करेंगे बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस पाटी झारखंड के सभी पंचायत में पंचायत समिति के गठन करेगी। झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 20 जुलाई से पूरे झारखंड के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष जिला पर्यवेक्षक ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि इस क्रम में नेताद्वय 20 जुलाई को सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष जिला पर्यवेक्षक प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड पर्यवेक्षक एवं मंडल अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे जिसके बाद जिला अध्यक्ष जिला पर्यवेक्षक ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक पर्यवेक्षक एवं शहरी निकायों के चुनाव के लिए मनोनीत पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं, 21 जुलाई को हजारीबाग में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ के ग्राम पंचायत के गठन के लिए प्रशिक्षण शिविर करेंगे। समीक्षा बैठक मैं भाग लेंगे वहीं, रात्रि विश्राम धनबाद में करेंगे। 22 जुलाई को धनबाद मं धनबाद बोकारो गिरिडीह के जिला प्रखंड मंडल अध्यक्ष पर्यवेक्षक के साथ ग्राम पंचायत समिति के गठन के लिए प्रशिक्षण शिविर में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेंगे रात्रि विश्राम हजारीबाग में करेंगे तथा 23 जुलाई को बेतला में लातेहार पलामू गढ़वा के पंचायत समिति के गठन के लिए जिला ब्लॉक मंडल अध्यक्ष एवं परवक्षकों के प्रशिक्षण शिविर एवं जिला प्रखंड अध्यक्ष पर्यवेक्षक एवं शहरी निकाय के लिए गठित पर्यवेक्षकों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेंगे जिसके बाद रात्रि विश्राम गढ़वा में करेंगे। दिनांक 24 तारीख को पूर्व सांसद स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के श्राद्ध क्रम में भाग लेंगे।

### एप से लोन लेने की कीमत युवक ने मौत से की अदा

● सुसाइड नोट में लिखा- "मैं अच्छा बेटा नहीं बन सका'

**रांची।** राजधानी रांची के करमटोली इलाके में एक युवक ने कर्ज वसूली के दबाव में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रामगढ़ निवासी जय गोस्वामी के रूप में हुई है, जो करमटोली अन्नपूर्णा चौक स्थित संधू लॉज में किराए पर रह रहा था। बुधवार को उसका शव उसके कमरे से बरामद हुआ। मिली जानकारी के अनुसार जय गोस्वामी एक लगेज कंपनी में काम करता था पुलिस को मौके से 3 पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने मोबाइल ऐप से लिए गए कर्ज और रिकवरी एजेंट की प्रताड़ना का जिक्र किया है। सुसाइड नोट में जय ने लिखा कि उसने ऐप से 2 लाख रुपये का कर्ज लिया था, जिसे चुका भी दिया था। इसके बावजूद कथित एजेंट उसे लगातार व्हाट्सऐप कॉल कर पैसे की मांग कर रहा था और पैसे नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी देता था। जय ने अपने माता-पिता के लिए भी संदेश छोड़ा है। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा, "मैं अच्छा बेटा नहीं बन सका।"

# ठेका मजदूरों की मांगों पर एचइसी प्रबंधन को आजसू पार्टी ने दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**




● देवशरण भगत व प्रवीण प्रभाकर हुए एचइसी मुख्यालय पर प्रदर्शन में शामिल

**रांची।** आजसू पार्टी ने एचइसी के ठेका मजदूरों के आंदोलन का समर्थन किया है और एचइसी प्रबंधन को चेतावनी दी है कि 17 दिनों से जारी एचइसी सप्लाई मजदूर संघर्ष समिति के आंदोलन का उचित समाधान किया जाए नहीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मजदूरों के निमंत्रण पर आजसू के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर आज एचइसी मुख्यालय पर प्रदर्शन में शामिल हुए और उनकी मांगों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। डॉ देवशरण भगत ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि एचइसी प्रबंधन ने 1400 ठेका मजदूरों को आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से रखने का निर्णय लिया है जिसका मजदूर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एचइसी प्रबंधन सप्लाई कामगारों का शोषण करने का प्रयास नहीं करे। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि ठेका मजदूरों का हक छीनने नहीं दिया जाएगा। आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से झारखंडी मजदूरों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजसू ने संघर्ष कर झारखंड राज्य इसलिए बनाया है कि गरीबों–मजदूरों को हक मिले। स्थानीय विस्थापित मजदूरों के हितों को नजर अंदाज कर एचइसी का जीर्णोद्धार पूर्ण नहीं माना जा सकता। आवश्यक हुआ तो केन्द्र सरकार तक मुद्दा उठाया जाएगा। संघर्ष समिति ने नेहरू पार्क से एचइसी मुख्यालय तथा जुलूस निकाला तथा घंटों प्रदर्शन किया तथा एवं सभा की। सभा की अध्यक्षता करते हुए दिलीप सिंह ने कहा कि 25 वर्षों से काम करने वाले मजदूरों को प्रबंधन आउटसोर्सिंग के हवाले करना चाहती है। लेकिन आज के समय में एक भी मजदूर ने आउटसोर्सिंग का फॉर्म नहीं भरा है। जबतक प्रबंधन पुरानी व्यवस्था बहाल नहीं होती और चार महीना का वेतन नहीं दिया जाता है, आंदोलन चलता रहेगा। सभा को रंथु लोहरा, मनोज पाठक, उवैस आज़ाद, वाई त्रिपाठी, राजेश शर्मा, मोईन अंसारी, शारदा देवी, शांति देवी, रोहित पाण्डेय, प्रेम नाथ शाहदेव, फिरोज अंसारी आदि ने भी संबोधित किया।

### बिजली की मार | नगर विकास विभाग ने प्रस्तावित बिजली सरचार्ज के मुद्दे पर संयुक्त बैठक में बोले परेश गटानी

# बिजली सरचार्ज से झारखंड में निवेश प्रभावित होगा

● प्रस्तावित 5% बिजली सरचार्ज सभी शहरी बिजली उपभोक्ताओं पर समान रूप से लागू होगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रस्तावित झारखंड इलेक्ट्रिसिटी कंजम्प्शन सरचार्ज रूल्स 2025 से होनेवाली संभावित कठिनाइयों को देखते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, जेसिया और लघु उद्योग भारती की एक संयुक्त बैठक जेसिया कार्यालय में हुई। सर्वसम्मति से कहा गया कि प्रस्तावित ड्राफ्ट के नियम से उपभोक्ताओं पर सीधा आर्थिक भार पड़ेगा और राज्य में औद्योगिक वातावरण अस्थिर होगा। प्रस्तावित 5% बिजली सरचार्ज सभी शहरी बिजली उपभोक्ताओं पर समान रूप से लागू होगा, चाहे खपत की मात्रा, उपयोग का उद्देश्य या आर्थिक गतिविधि की प्रकृति कुछ भी हो। इससे एमएसएमई इकाइयों की उत्पादन लागत बढ़ेगी, अस्पताल, स्कूल और अन्य आवश्यक सेवाओं का व्यय भी प्रभावित होगा। बिजली सरचार्ज निम्न और मध्यम आयवर्ग के उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बनेगा।

झारखण्ड चैम्बर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि 5% बिजली सरचार्ज से न केवल व्यापार महंगा होगा, बल्कि यह झारखंड में निवेश को भी प्रभावित करेगा। हम सरकार से इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग करते हैं। जेसिया के अध्यक्ष अंजय पचेरीवाल ने कहा कि झारखंड की औद्योगिक इकाइयाँ पहले से ही लॉजिस्टिक और लागत संबंधी चुनौतियों से जूझ रही हैं। इस सरचार्ज से प्रतिस्पर्धा की क्षमता और घटेगी। लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़ और प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि एमएसएमई सेक्टर के लिए यह अधिभार एक और झटका होगा।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, जेसिया के अध्यक्ष अंजय पचेरीवाल, लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़, चैम्बर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, जेसिया के सचिव शिवम सिंह, लघु उद्योग भारती के प्रांतीय महामंत्री बिनोद कुमार अग्रवाल, चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार मारु उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विकास प्रयोगशाला का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया निरीक्षण



**रांची।** हैदराबाद प्रवास के क्रम में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला और अनुसंधान केंद्र इमरथ का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अवलोकन किया। संस्थान के महानिदेशक श्री राजाबाबू ने डीआरडीओ प्रयोगशालाओं की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारियां दीं। राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र की सुरक्षा को मज़बूत करने में डीआरडीओ के वैज्ञानिकों का योगदान अभूतपूर्व और प्रशंसनीय है। ऐसे संस्थानों का अवलोकन कर बहुत ही आत्मिक संतुष्टि मिलती है। देश के हर संस्थान, हर व्यक्ति, हर कर्मयोगी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को सिद्ध करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय और इससे जुड़ी सभी इकाइयां पूर्णतः समर्पित भाव से बेहतर कार्य कर रहे हैं।

### आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, रांची रेलवे स्टेशन से अवैध शराब बरामद



**रांची।** कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार आरपीएफ फ्लाइंग टीम रांची और आरपीएफ पोस्ट/रांची के द्वारा ऑपरेशन "सतर्क" के तहत बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन और उसके आस-पास के क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बुधवार की शाम को प्लेटफार्म संख्या-01 पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में एक ग्रे रंग के ट्रॉली बैग और एक काले रंग के पीठू बैग के साथ खड़ा पाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि दोनों बैग उसी के हैं और इनमें शराब रखी हुई है। तलाशी लेने पर व्यक्ति के पास से अवैध शराब बरामद हुई जिसकी कुल मात्रा 30 लीटर है और कुल अनुमानित मूल्य 30,900/- है। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम चिन्टू कुमार, उम्र 38 वर्ष, पिता योगेश्वर नाथ और पता जहानाबाद बिहार बताया। उसने स्वीकार किया कि वह ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस से बिहार जा रहा था तथा इन शराब की बोतलों को ज्यादा दाम पर बेचने की मंशा के साथ। बरामद शराब को गवाहों की उपस्थिति में एएसआई अनिल कुमार द्वारा जब्त किया गया एवं आरोपी को आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया। जब्त शराब एवं आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, रांची (झारखंड) को सौंपा गया।

### रेलवे टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में एक गिरफ्तार




**रांची।** बुधवार को कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री के विरुद्ध एक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। आरपीएफ पोस्ट रांची और सीआईबी रांची की टीम द्वारा सीआईबी निरीक्षक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध विशाल कुमार को रांची रेलवे पीआरएस क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह विभिन्न फर्जी व्यक्तिगत यूजर आईडी के माध्यम से रेलवे की ई-टिकटें बुक कर यात्रियों को अतिरिक्त पैसे लेकर बेचता था। उसके पास से एक मोबाइल और कुल 15 रेलवे ई-टिकट, कुल मूल्य 34,800 बरामद किए गए। विशाल कुमार को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट/रांची लाया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रेल न्यायिक मजिस्ट्रेट, रांची के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जमानत पर रिहा किया गया।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि दिव्यांगों को भोजन कराया गया



**रांची।** सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में गुरुवार को अमन कुमार पोद्दार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांगों व उनकी सेवा करने वाले सेवादारों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 3 से 17 जुलाई तक 15 दिनों मे 2940 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में-करण प्रसाद, श्याम शशि वर्मा, प्रह्लाद मुरारका, प्रदीप सिंघानिया, गोवर्धन यादव, सुहानी सिन्हा, दीपक खेतान, सुधीर पांडेय, अमित अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, शंकर लाल धनुका, निर्मल मानपुरिया, नीता रुंगटा, विश्वनाथ प्रेमलता मोदी, संजय निशि अग्रवाल, दिया केसरी, पूजा सिंह, विकास अग्रवाल, के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गई। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुजारी अरविंद पांडे, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### अभिभावक बच्चे-बच्चियों का रखे ख्याल मानव तस्करी से बचाएं : सतीश कुमार



**रांची।** बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत के टिकरा टोली गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी सतीश कुमार, मंगल तिर्की, दिनेश प्रमाणिक, सधनी कुमारी, संजय कुमार एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। पीएलवी सतीश कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलनेवाली सुविधाओं एवं मानव तस्करी तथा नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला। दिनेश प्रमाणिक ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का ध्यान रखे, अब समय पहले जैसे नहीं रहा, लोग बच्चों को बहला-फूसला कर ले जाते हैं और दूसरे राज्य में बेच देते हैं। बच्चों-बच्चियों को या तो घरों में काम कराया जाता है या फिर अज्ञात अपराधियों के द्वारा बच्चे-बच्चियों को भीख मांगने पर मजबूर किया जाता है। सधनी कुमारी ने नशा उन्मूलन पर बोलीं कि अभिभावक स्वयं एवं अपने बच्चों को नशा से दूर रखें। हड़िया-दारू या विदेशी शराब का सेवन न करें इससे शरीर के साथ-साथ धन की भी हानी होती हैं, अंततः पूरा घर-परिवार बिखर जाता है। नशा के आदि व्यक्ति या बच्चे अपराध की ओर जाते हैं और कई छोटे-बड़े अपराधों को अंजाम देते है।

## ट्रैफिक पुलिस की नजरों के सामने शहर के चौक पर लगती है ये बसें

# ट्रैफिक जाम पुलिस का क्या काम

**काजल मेहता**

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन बहुत धूम धाम से हुआ। इसके बनाए जाने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जाम से राहत मिलेगी। लेकिन हालात सोच के विपरीत हैं। कॉरिडोर से आने में तो पांच मिनट का समय लगता है लेकिन वहां से रातू रोड चौक तक जाने में 20 से 30 मिनट का समय लगता है। कारण है कि नागाबाबा खटाल के जाम से कचहरी के तरफ से आने वाले और रातू रोड चौक के तरफ से जाने वाले परेशान है। नवीन मेल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित की है। जाम लगने के कई कारण हैं जिसमें सबसे बड़ा कारण किशोरी यादव चौक पर मिनी बसों का लगाया जाना और सड़कों पर ऑटो चालकों का बेतरतीब ढंग से कहीं भी यात्री को बैठाना है। वहीं, दूसरी तरफ सब्जी और फल विक्रेता भी नागा बाबा खटाल के बाहर सब्जियां और फल बेचते हैं जिस से हमेशा सड़क जाम के कब्जे में ही रहता है।

उल्लेखनीय है कि किशोरी यादव चौक पर मिनी बसों को लगाने की इजाजत नहीं है इस बात की पुष्टि नवीन मेल के द्वारा खबर प्रकाशित करने के बाद हुई। बावजूद इसके बसें मनमाने ढंग से चौराहे पर लगाईं जाती है और यात्रियों को बैठाया जाता है। जिससे लंबी जाम की स्थिति बन जाती है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस किशोरी यादव चौक पर मौजूद रहते हैं इसके बावजूद बसें लगती है और यात्री बैठाए जाते हैं। यहां कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मिनी बस चालकों को किसका संरक्षण प्राप्त है कि इन्हें पुलिस का भी डर नहीं है। या फिर कहा जा सकता है कि ट्रैफिक पुलिस के द्वारा इन बसों को हटाया क्यों नहीं जाता है।

निडर बस चालक बीच चौराहे पर बैठाते हैं यात्री, ट्रैफिक पुलिस खामोश



ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिस मोबाइल में मग्न, रांची जूझ रही है जाम में












- इटकी और बेड़ो जाने वाली बसों में लिखा है नगर बस
- बस चालकों ने इटकी और बेड़ो को रांची नगर में किया शामिल

### निगम के अधिकारियों ने भी जाम का लिया जायजा

नगर निगम के द्वारा भी गुरुवार को नागा बाबा खटल के पास अधिकारियों के द्वारा जायजा लिया गया था। वहीं, नागा बाबा खटाल के बाहर अवैध तरीके से बिक्री कर रहे लोगों को हटा कर इलाकें को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नवीन मेल ने हमेशा जाम से होने वाली परेशानियों के मामलों को उठाया है। नतीजन आज निगम और डीटीओके द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

### किशोरी यादव चौक पर बस नहीं लगाना है : डीटीओ

डीटीओ अखिलेश ने कहा कि मामले में गुरुवार को टीम के द्वारा जायजा लिया गया है। उन्होंने कहा बसों को किशोरी यादव चौक पर लगाने के की इजाजत नहीं है। वहीं उन्होंने कहा संबंधित चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस से भी बातचीत कर कहा गया है कि वहां बसों को ना लगाया जाए। फिलहाल डीटीओके द्वारा मिली जानकारी के अनुसार टीम के द्वारा जायजा लेने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कांके प्रखंड में जमीन के बड़े फर्जीवाड़े का अब हुआ खुलासा

# जांच करेगी सीआईडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके प्रखंड में जमीन के फर्जीवाड़े का बड़ा मामला अब जाकर सामने आया है और 201 एकड़ भूमि के नेचर बदलने पर प्रशासन का ध्यान गया है। इसमें अंचल से लेकर ऊपर तक के लोगों के शामिल होने की सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई थी। इस खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने एक महीना पूर्व ही प्रकाशित कर दिया था। खबर का असर हुआ है और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आदेश दिया है कि भूमि का नेचर बदलकर जमीन की अवैध खरीद फरोख्त पर लगाम लगाई जाए। लेकिन अब मोर्चा सीआईडी में संभाल लिया है जमीन के नेचर बदलने से संबंधित दस्तावेज अवैध म्यूटेशन और रजिस्ट्री की जांच सीआईडी करेगी जिसमें दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और उन लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जिनके साथ में नाइंसाफ हो रहा था।


बहुत तेजी से बिक रही है कांके क्षेत्र की कृषि भूमि

ग्रामीणों ने भूमाफिया से बचाव की सरकार से लगाई गुहार

मनोज मिश्रा

अनिल टाइगर की हत्या के बाद सामने नहीं आना चाहते ग्रामीण



### व्यास पूजा एवं शिक्षा नीति में शिक्षकों की भूमिका पर संगोष्ठी

**रांची।** भारतीय शिक्षण मंडल झारखंड प्रांत एवं वाईबीएन विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वाईबीएन विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित संगोष्ठी का विषय व्यास पूजा एवं शिक्षा नीति में शिक्षकों की भूमिका विषय पर हुआ ।

इस समारोह का मुख्यअतिथि वाईबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ सत्यदेव पोद्दार ने कहा कि व्यास जी विश्व के प्रथम गुरु रहे हैं, भारत की ज्ञान परम्परा गुरु शिष्य परम्परा आदि काल से ही सभी कालों में महान व गौरन्वित करने वाला रहा है। राम को राम बनाने वाले गुरु महर्षि वशिष्ठ, श्री कृष्ण का गुरु महर्षि पन्नीनी, विवकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस, चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरु चाणक्य सरीखे हर मनुष्य को महान बनाने वाले प्रेरणा बनाने वाले गुरु हीं हैं ।

# पीएचडी चैंबर के इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन

## डीएवी कपिल देव चिल्ड्रन पार्क में एक्सपो का हो रहा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री झारखंड चैप्टर ने कडरू स्थित डीएवी कपिल देव चिल्ड्रन पार्क में झारखंड इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का आयोजन किया गया है। यह एक्सपो 20 जुलाई तक चलेगा। इस ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि रांची में तेजी से कारोबार का विकास हो रहा है। उद्योग जगत के विकास की गति अपने चरम पर है। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय ने इस ट्रेड एक्सपो को मंजूरी दी है। देश भर आए हुए एमएसएमई के लोग बिजनेस कर रहे हैं। उन्होंने ट्रेड एक्सपो के आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह आयोजन भविष्य में भी किया जाना चाहिए। एक्सपो में 20 राज्यों के कुल 60 स्टॉल लगे हुए है। इन स्टालों में हस्तशिल्प, हथकरघा, वस्त्र, आयुर्वेदिक दवाएं, स्टील एवं लकड़ी के फर्नीचर, सौर पैनल, बाजरा और खाद्य पदार्थ शामिल है। यह एक्सपो झारखंड के विविध औद्योगिक परिदृश्य को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच बना है जहां बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) और बी2सी (बिज़नेस टू कंज्यूमर) दोनों तरह के इंटरेक्शन पर केंद्रित है। ट्रेड एक्सपो सुबह 10 बजे से रात्रि नौ बजे तक खुलेगा। इसमें एंट्री निःशुल्क है। बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क लगा हुआ है। खाने पीने का भी स्टॉल लगा हुआ, जहां विभिन्न प्रकार के व्यंजन खाने को मिलेंगे। एमएसएमई मंत्रालय के स्कीम का लाभ पानी के लिए कोकर स्थित एमएसएमई के कार्यालय में इंद्रजीत यादव से संपर्क कर सकते हैं।






# श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज रांची पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज श्रीधाम वृंदावन से अपने परिकरों के साथ गुरुवार को रांची पहुंचे। स्वामीजी श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित त्रीदिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में शामिल होने के लिए रांची आए हैं। ज्ञातव्य है कि 18वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के सारे कार्यक्रम स्वामीजी की अध्यक्षता और निर्देशन में संपन्न होंगे। शुक्रवार 18 जुलाई को सायं 4:00 बजे से कलश स्थापना और यजमान संकल्पम का कार्यक्रम होगा। शनिवार 19 जुलाई को सुबह 9:00 बजे से श्रीसुदर्शन महाहोमम और अपराह्न 3:00 बजे भगवान नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे और जो भक्त मंदिर जाकर भगवान का दर्शन नहीं कर पाते हैं, उन्हें उनके घर - दुकान तक जाकर दर्शन देंगे। रविवार 20 जुलाई को भगवान और महालक्ष्मी का कल्याणोत्सव होगा। श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी ने सभी तैयारियों का निरीक्षण किया और संतोष व्यक्त किया। श्रीस्वामी जी ने गुरुदेव परमहंस श्रीभगवानदासाचार्य जी महाराज के प्रति आभार प्रकट किया और कहा '- गुरुदेव के संकल्प से ही यहां रांची में दिव्य देश का निर्माण हुआ है और भक्तों के अभीष्ट फलदाता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर अपने पूरे वैभव के साथ यहां विराजमान है और भक्तों पर लगातार कृपा कर रहे हैं। श्रीस्वामी जी ने कहा भगवान को विराजमान हुए 18 वर्ष पूरे हो गए हैं और विशेष बात यह है कि इस वर्ष भगवान के विशेष कृपापात्र हरे - हनुमान और गरुड़ जी सेवा - मुद्रा में पधार कर विराजमान हुए हैं। गुरुदेव हरे - हनुमान जी के चरणों में विराजमान हैं।

**आज / कल**




# डीपीएस का 36वां स्थापना दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने गुरुवार को अपना 36वां स्थापना दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम "कृष्णा ओडिसी - अ स्टोरी ऑफ़ इनोसेंस एंड इनसाइट" बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम को विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। यह आयोजन परंपरा, रचनात्मकता और युवा उत्साह का अद्भुत संगम था। इस अवसर पर विवेकानंद प्रेक्षागृह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने मंच पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

इस अवसर आईजी रेलवे अमोल विनुकांत होमकर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल थे। उनके आईपीएस कमांडेंट, जैप-7 किशोर कौशल, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समराजीत जाचक, सीजीएम (एचआर), आरडीसीआईएस, और इंचार्ज (एचआर), सेल रांची यूनिट एवं डीपीएस रांची के प्रो-वाइस चेयरमैन उपस्थित थे।



कार्यक्रम के दौरान नृत्य नाटिक की हुई प्रस्तुति

मौके पर अमोल विनुकांत होमकर ने कहा कि वह विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कला रूपों के सुंदर मिश्रण को देखकर वह प्रफुल्लित हो उठे। उन्होंने डीपीएस को शिक्षा जगत में अनमोलरत्नके रूप में माना, जिसके विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर में भी कई उपलब्धियां हासिल करते हुए विशिष्ट पहचान बनाई है। किशोर कौशल ने कहा, "मैं डीपीएस रांची को इसके 36वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और मूल्य-आधारित शिक्षा प्रशंसनीय है। मैं विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने उपस्थित अतिथियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। मौके पर छात्रों द्वारा एक शक्ति और विचारों से परिपूर्ण नृत्य नाटिका 'कृष्णा ओडिसी - स्टोरी ऑफ़ इनोसेंस एंड इनसाइट' प्रस्तुत की गई। यह प्रस्तुति केवल पौराणिक घटनाओं का वर्णन नहीं थी, बल्कि आज के समाज के लिए महत्वपूर्ण नैतिक संदेशों को उजागर करने का प्रयास था। यह नाटक भक्ति, सच्चाई, लोभ पर विजय, नारी सम्मान और धर्म की रक्षा जैसे उच्चतम मूल्यों पर आधारित था। महाभारत के एक अत्यंत मार्मिक दृश्य में श्रीमद्भगवद्गीता के सार को मंच पर सजीव कर दिया गया।

## बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत खलारी के किसानों को मिला मूंगफली का बीज



**खलारी।** राज्य सरकार की बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत खलारी पंचायत में गुरुवार को किसानों के बीच उन्नत किस्म के मूंगफली बीज का वितरण किया गया। यह वितरण बलथरवा स्थित पशुपालन सह सहकारिता विभाग कार्यालय सह गोदाम परिसर में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत की मुखिया तेजी किस्पोट्टा और विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने किसानों के बीच बीज वितरण किया। योजना के महत्व के बारे में बताते हुए मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं कृषि क्षेत्र को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। बिरसा फसल विस्तार योजना से किसानों को समय पर गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ने की पूरी संभावना है। किसानों ने भी सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर बीज उपलब्ध होने से खेती की तैयारी में सुविधा हो रही है और वे बेहतर उत्पादन की उम्मीद कर रहे हैं। कार्यक्रम में कृषक मित्र छोटू पाहन, रीता देवी, देवंती देवी, चिरनी देवी, सरस्वती देवी, गीत देवी, मनिता देवी, बुटन गंझू, मोहन मुंडा, बिरसा मुंडा, बिरजू मुंडा, आकाश मुंडा, अनिल मुंडा, राम गंझू, सुलेंद्र मुंडा, श्रीनाथ गंझू सहित कई किसान उपस्थित थे।

# राजभवन के पास फिर बुलेट प्रूफ शीशा लगाया गया


14 दिन पहले उद्घाटन हुए एलिवेटेड कॉरिडोर में चोरी शुरू



● उठते सवाल : चोर पकड़े जाएंगे या बार-बार बुलेट प्रूफ शीशा लगाया जाएगा

**खबर का असर**

मनोज मिश्रा

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का 14 दिन पहले उद्घाटन हुआ था। इस फ्लाईओवर का उद्घाटन सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। सुरक्षा की दृष्टिकोण से राजभवन के पास बुलेट प्रूफ शीशे लगाए गए हैं, इस बुलेट प्रूफ शीशे को चोरों ने चुरा लिया था। लोगों में इस बात की चर्चा थी कि राज भवन जैसे स्थान जहां चारों ओर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है वहां की सुरक्षा को सेंध लगाते हुए चोरों ने बुलेट प्रूफ शीशा चुरा लिया और इसकी कानों कान खबर प्रशासन एवं आला अधिकारियों को नहीं लगी। आते जाते कितनी पुलिस पेट्रोलिंग गस्ती की लेकिन किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं गया।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने इस खबर को गंभीरता से उठाया और एनएचआई की जीएम एकता कुमारी से सवाल पूछे थे, उन्होंने बताया था कि मामले की जानकारी नहीं है और इसकी जांच करेंगे। खबर का असर हुआ और पाया गया कि बुलेट प्रूफ शीशे की चोरी हुई है इसके बाद राज भवन के पास फिर बुलेट प्रूफ शीशा लगाया गया है। मगर सवाल यह उठ रहा है कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किस प्रकार से लोगों ने बुलेटप्रूफ शीशे की चोरी की और चोर अभी तक पकड़े क्यों नहीं गए हैं क्या हर बार चोरी होगी और इसी तरह से बुलेट प्रूफ शीशे लगाते रहेंगे या फिर उन चोरों पर कार्रवाई होगी जिन्होंने बुलेट प्रूफ शीशे शीशे चुरा लिए थे।

## न्यूज बॉक्स

### मधुमक्खियों के हमले में घायल वृद्ध की रिम्स में मौत


फाइल फोटो

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के चूरी जंगल में मधुमक्खियों के झुंड के हमले में गंभीर रूप से घायल एक वृद्ध की रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना बुधवार शाम की है। घटना के संबंध में बताया गया कि खलारी के चूरी कालोनी निवासी पूर्व सीसीएल रामचंद्र राम (70 वर्ष) बुधवार शाम करीब 5 बजे जंगल में बकरियों के लिए पत्ते लाने गए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामचंद्र राम ने किसी तरह अपने छोटे बेटे अखिलेश को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही अखिलेश और मोहल्ले के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल डकरा स्थित सीसीएल सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बुधवार रात उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया था। लेकिन गुरुवार तड़के लगभग 4 बजे इलाज के

### राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में हर्ष साहु ने पाई सफलता

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय उरूगुटू के छात्र हर्ष कुमार साहु ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता पाई है। विदित हो कि उक्त परीक्षा में देश भर के छात्र शामिल होते हैं। परीक्षा में सफल छात्र को वर्ग 9 से 12वीं तक प्रति वर्ष 12000 रुपये छात्रवृत्ति मिलेगा। हर्ष कुमार साहु के सफलता पर विधायक सुरेश बैठा,मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी,शिक्षक पोखराज सिन्हा, रविकांत तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### धर्मेंद्र तिवारी ने अपना मार्ट का किया उद्घाटन



**रांची।** गुरुवार को महा अष्टमी के दिन सेक्टर 2 धुर्वा पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने अपना मार्ट प्रतिष्ठान का उद्घाटन जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी द्वारा किया गया । अपना मार्ट के संचालक कास सिंह द्वारा जनमानस को बड़ा उपहार एचएससी सेक्टर 2 धुर्वा क्षेत्र को दिया । उद्घाटन के पहले ही ग्राहकों का जमवाड़ा हो गया था। इस अवसर पर क्षेत्र के जाने माने लोग उपस्थित थे।

### रामवि टाटीसिल्वे की प्रभारी प्रधानाध्यापिका का निधन, शोक की लहर



**रांची।** राजकीय मध्य विद्यालय टाटीसिल्वे की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रीना महतो (52 वर्ष )का गुरुवार को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार थी। उनके निधन पर शोक की लहर दौड़ गयी। रीना महतो विद्यालय की लोकप्रिय शिक्षिका थी। वह अपने पीछे पति सत्य नारायण महतो एक पुत्र एवं एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गयी। मूल रुप से तमाड़ के डाटमदा ग्राम निवासी रीना महतो पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य डॉ राजाराम महतो की छोटी साली थी और उनका परिवार रांची के लोवाडीह स्थित महावीर कालोनी में रहते हैं। उनका अंतिम संस्कार नामकुम स्वर्णरेखा नदी घाट पर किया गया। इस अवसर पर डा राजा राम महतो, ज्ञानेश्वर सिंह, नागेश्वर महतो, भगीरथ महतो, जनक महतो, गंगाा राम, पोखलाल चैधरी, रीतेश महतो, हरीपद महतो, डा अरुण कुमार, अधिवक्ता मृत्युंजय प्रसाद, कार्तिक महतो,अराधना सिन्हा समेत बडी संख्या में उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला की मौत



**पिठौरिया।** कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी के पास गुरुवार को लगभग 11:40 बजे तेज रफ्तार से आ रही एक स्कोडा कार ने मोटरसाइकिल पैशन प्रो को अपनी चपेट में ले लिया।यह हादसा नगड़ी के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार 50 वर्षीय महिला रहीमन खातून की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक का भाई सोहराब अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कांके पिठौरिया मार्ग को कई घंटों तक जाम करके मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर डटे रहे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी, और मोटरसाइकिल सवारों ने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। मोटरसाइकिल सवार विपरीत दिशा से आ रहे थे तेज रफ्तार कार ने अपना नियंत्रण खो बैठे, जिससे टक्कर हो गई।और घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय महिला रहीमन खातून हुसीर निवासी के रूप में की गई है।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। कार चालक का कहना है कि वह अपनी लेन में सामान्य रफ्तार से गाड़ी चला रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक अचानक सामने आ गई और टक्कर हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अंब्रेला पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड के कंदरी मोड़ स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अंब्रेला पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रेनी सीजन के बारे में विद्यार्थियों को बतलाया गया। साथ ही साथ विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के अंब्रेला पेंटिंग प्रतियोगिता के आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के पप्राचार्या रेशम बाला कुमारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में सृजनात्मकता में वृद्धि होती है। कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता जीत हासिल की।

### अबुआ साथी सेवा तीन दिनों तक बंद रहेगी

रांची। रांची जिला प्रशासन की जन शिकायतों के निराकरण के लिए संचालित अबुआ साथी सेवा को अपग्रेड किया जाएगा। इस कारण व्हाट्सऐप नंबर 9430328080 गुरुवार रात दस बजे से तीन दिनों तक बंद रहेगा। इस अवधि में आमलोग अपनी शिकायतें जिला प्रशासन को वैकल्पिक ईमेल आईडी के माध्यम से भेज सकते हैं। प्रशासन प्राप्त शिकायतों को नियमित रूप से संकलित कर संबंधित विभागों को अग्रसारित करेगा तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी कंजिया का हुआ चुनाव

# मुजीबुल रहमान बने अध्यक्ष



**मांडर।** गुरुवार को प्रखंड अंजुमन कमेटी के उप सदर माशूक अली की अध्यक्षता में अंजुमन इस्लामिया कमेटी कंजिया का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान प्रखंड अंजुमन कमेटी के पदाधिकारी एवं चुनाव कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। चार पदों–सदर, उप सदर, सेक्रेटरी और खजांची–के लिए कुल आठ उम्मीदवार मैदान में थे। सदर पद पर मुजीबुल रहमान ने अपने प्रतिद्वंद्वी कयूम अंसारी को हराकर जीत दर्ज की। सेक्रेटरी पद पर हेलालूल इस्लाम ने आजाद अंसारी को मात दी। उप सदर के रूप में जुलफान अंसारी चुने गए। खजांची पद पर सज्जाद अंसारी और नायब सेक्रेटरी साबिर अंसारी निर्विरोध चुने गए। सदर ने कहा, कमेटी के सभी सदस्यों का मैं दिल से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और इस जिम्मेदारी के काबिल समझा। मैं सभी उम्मीदवारों के साथ मिलकर गांव के विकास के लिए काम करूंगा। गांव के लोगों ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे क्षेत्र के विकास और सामाजिक उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई।

# इटकी में मनरेगा के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**इटकी।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को मनरेगा के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इटकी प्रखंड उप प्रमुख प्रवेज राजा ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास में मनरेगा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मनरेगा की योजनाओं को धरातल पर उतार के न केवल क्षेत्र का विकास होता है बल्कि किसान का विकास भी व्यक्तिगत रूप से होता है। वहीं सामुदायिक योजनाओं के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई रोशनी दिखाई पड़ती है। मनरेगा के तहत सामाजिक अंकेक्षण का प्रावधान मनरेगा में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से किया जाता है। सोशल ऑडिट गलतियां और खामियां ढूंढने का नाम नहीं बल्कि मनरेगा के कार्यों को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने की ओर एक बेहतर कदम है। मौके पर उपस्थित मनरेगा लोकपाल ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण एक सुधारात्मक कार्रवाई का हिस्सा है। जिसके तहत योजनाओं की कमियों को दूर किया जा सकता है। ईटकी प्रखंड के कुल नौ पंचायत में विगत दिनों हुए सामाजिक अंकेक्षण तथा पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के उपरांत आज प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जहां पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई के लिए अग्रसरित किए गए विभिन्न पंचायत के कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जहां एक ओर कई मुद्दों का निष्पादन किया गया वहीं दूसरी ओर कई गंभीर मुद्दों के तहत सुधारात्मक कार्रवाई के दृष्टिकोण से कई कर्मियों पर जुर्माना भी लगाया गया।

## वज्रपात से हुई 45 वर्षीय महिला की मौत

**अड़की।** थाना क्षेत्र के जारगा गांव में धान रोपनी के दौरान वज्रपात की घटना में 45 वर्षीय शितोला देवी की मौत हो गई। वह अपने खेत में तीन अन्य महिला मजदूरों के साथ काम कर रही थीं, तब अचानक हल्की बारिश के साथ वज्रपात हुआ। जिससे शितोला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन मजदूर बाल-बाल बच गईं।घटना के बाद आसपास धान रोपाई कर रहे लोगों को पता चलने के बाद इसकी सूचना अड़की थाना प्रभारी को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और अड़की थाना ले गई। अधिक शाम होने के कारण शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि शितोला देवी एक मेहनती महिला थीं और अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए दिन-रात काम करती थीं। उनकी मौत से परिवार को बड़ा झटका लगा है।

## सर्पदंश से युवक घायल



**मुरी।** गुरुवार को दोपहर बाद खेत से घर आने के दौरान सिल्ली निवासी जयदेव कोईरी, पिता ननाद कोईरी को पानी वाले सांप ने काट लिया। देर ना करते हुए वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली पहुंचे और इलाज कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर विवेक कुमार ने बताया कि घबराने की कोई बात नहीं है मामला खतरे से बाहर है। चिकित्सक ने कहा कि बरसात के मौसम में लोग सतर्क रहें जमीन पर ना सोए, झाड़ी में ना चले, घास फूस में पैर ना रखें, घर के आसपास साफ सुथरा रखें। सांप या कुत्ते के काटने पर ओझा गुनी के चक्कर में ना पड़े सीधे अस्पताल में आए।

# कॉलेज में चला भारतीय तटरक्षक बल का जागरुकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता




**सिल्ली।** रांची और झारखंड के युवा अधिक से अधिक संख्या में इंडियन कॉस्ट गार्ड में शामिल हों, रोजगार के साथ राष्ट्र सेवा का अवसर उन्हें मिल सके इस उद्देश्य के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के पहल पर भारतीय तटरक्षक बल के द्वारा सिल्ली कॉलेज, सिल्ली में संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम किया गया।स्कूल के सचिव मुकुंद मेहता ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए मंत्री संजय सेठ का आभार जताया। मौके पर तटरक्षक बल के डिप्टी कमांडेंट सरताज सिंह साही ने विद्यार्थियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से बल की कार्य और जिम्मेदारियों को दिखाया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि तटरक्षक बल आपके करियर के लिए एक बेहतर विकल्प है। यहां आपको राष्ट्र सेवा का भी अवसर मिलता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी अपनी कई जिज्ञासा को टीम के सामने रखा और इसका जवाब पाकर प्रसन्न हुए। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ राष्ट्र की सेवा का संकल्प लिया। वही एस डी सिंह ने विद्यार्थियों को समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए प्रेरित किया।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज के बीबीए विभाग में तीन शैक्षणिक क्लबों का गठन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के एसएस मेमोरियल कॉलेज के बीबीए विभाग में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के साथ तीन शैक्षणिक क्लबों का गठन किया गया। इन क्लबों का उद्देश्य विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता, सृजनात्मकता, आयोजन कौशल एवं मीडिया समझ को विकसित करना है।

गठित किए गए क्लबों में इवेंट मैनेजमेंट क्लब में अनमोल प्रकाश, अरुणा कुमारी, आकर्ष कुमार, रौशन कुमार, क्रिएटिक्स क्लब में ऋतिक सिंह, स्वीटी कुमारी, रणवीर कुमार साहू, सौरव कुमार, कृतिका कुमारी व मीडिया क्लब में सुजल दीप, साहिल कुमार, अंश यादव व दिव्यांशु ठाकुर शामिल हैं। इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थी अब विभागीय गतिविधियों का संचालन अधिक संगठित, रचनात्मक और प्रभावशाली तरीके से करेंगे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने इन क्लबों की औपचारिक घोषणा करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि, ऐसे रचनात्मक प्रयास विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक जीवन के लिए भी तैयार करते हैं। यह कदम निश्चित ही छात्रों की नेतृत्व क्षमता, समन्वय कौशल एवं आत्मविश्वास को निखारेगा।

# सांसद ने पर्वतारोही बहादुर पाहन को किया सम्मानित



**लोहरदगा।** लोहरदगा ककरगढ़ के रहने वाले सूबेदार बहादुर पाहन जो अभी नेहरू इंस्टीट्यूट आफ मॉनिटरिंग में पदस्थापित है । ये 7 सदस्यों के साथ 23 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट पर चढ़े थे ।ये लोहरदगा के पहले व्यक्ति हैं जो माउंट एवरेस्ट पर चढ़े हैं । दिल्ली में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत ने बहादुर पाहन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद ने कहा कि सूबेदार बहादुर पाहन माउंट एवरेस्ट पर फतह कर लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है । सांसद मौके पर उन्हें बधाई दिए।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ने मनाया सावन मिलन समारोह



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची का सावन मिलन समारोह काफी धूमधाम से क्लब परिसर में मनाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब की महिला सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तथा क्लब के सदस्यों के अलावा उपस्थित अतिथिगण एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं द्वारा कई प्रतियोगिता रखी गई थी। गीत संगीत का भी कार्यक्रम था। चेयर पर्सेन लायन सुजाता गाड़ोदिया ने कार्यक्रम का काफी शानदार तरीके से संचालन किया। लायन पूनम सखूजा को सावन क्वीन के ताज से नवाजा गया। क्लब के सचिव लायन अनिल कुमार गोयल एवं कोषाध्यक्ष लायन तरुण कुमार अग्रवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों का अभिवादन किया।

**शिकायतें दूर** | सांसद पहुंचे लापुंग, सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

# बहुत जल्द एटीएम लगाने की प्रक्रिया होगी शुरू : सुखदेव भगत

- ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी
- महिलाओं ने कहा उन्हें मंईयां समान योजना का

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में बहुत जल्द एटीएम लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे बैंकों में ज्यादा भीड़ भाड़ की शिकायतें कम होंगी और बैंक में सुचारू रूप से काम होगा। एटीएम से लोगों को यहां सुविधा मिलेगी। उक्त बातें लापुंग प्रखंड मुख्यालय में सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के सांसद सुखदेव भगत ने कही। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में हम कैसे बेहतर कर पाएं इस पर हमें फोकस करना है। सभी योजनाएं धरातल पर उतरे और लोगों को उसका समुचित लाभ मिले यह जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस में महिलाओं का नया सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाएं उन्हे वे एक लाख रुपए दिलाना मेरा काम है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में सबसे अधिक पैसा मिला है लेकिन उस पर काम नहीं हो रहा है। उन्हें बताया गया कि लापुंग में पांच बड़े स्कीम पर काम हो रहे हैं परन्तु काम 60 और 40% ही हो पाया है। सांसद सुखदेव भगत ने जनवितरण प्रणाली पर कहा पीडीएस के उपभोक्ताओं की दो या चार किलो अनाज कम मिलने की शिकायतें दूर होनी चाहिए। मनरेगा योजना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बारिश में कुआं धंसने नहीं चाहिए।

मजदूरों को समय पर भुगतान हो जाना चाहिए। आवास सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों से उन्होंने कहा कि आवास निर्माण के दौरान पेड़ लगाया जाना चाहिए। आज के समय में हम पेड़ काट रहे हैं लेकिन पेड़ नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने जेएसएलपीएस के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली उन्हें बताया गया कि पूरे लापुंग प्रखंड में 824 सेल्फ हेल्प ग्रुप चल रही है। उन्हें यह भी बताया गया कि दानेकेरा पंचायत में सबसे बडा. ग्रुप कम कर रहा है यहां अचार बनाने का काम किया जा रहा है जबकि ककरिया में 2000 बतखों का पालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्हें बताया गया है ककरिया पिकेट के पूर्व की ओर वर्षों पहले स्वास्थ्य केंद्र बना है जिसका आज तक उद्घाटन भी नहीं हो पाया है। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव से कहा कि थोड़ा इसे देख लिजिए। किसी तरह की कोई शिकायतें नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा बालु उठाव एवं भंडारण अभी बंद है लेकिन अगर यहां ऐसा कुछ हो रहा है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की, बीपीओ लीलावती तिर्की, मनरेगा के बीपीओ मो इम्तियाज खलील, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता विजय कुमार सिंह, जेएसएलपीएस की बीपीएम सविता सांगा, मनरेगा के जेई सहित दर्जनों सरकारी पदाधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद थे।

# कई आदिम जनजातीय परिवारों के आवास जर्जर



**बरही।** प्रखंड के 33 आदिम जनजातीय परिवारों का आवास जर्जर हो चुका है. यह आंकड़ा प्रखंड प्रशासन द्वारा कराए गए सर्वे में सामने आई है। प्रखंड आवास समन्वयक कमलेश कुमार भारती से मिली जानकारी के अनुसार बरसोत पंचायत के बरियठ्ठा में 17, खोड़ाहर के केवाल स्थित बिरहोर कॉलोनी में 12 और भंडारों पंचायत के बैरिसाल में कुल 4 बिरहोर परिवार का आवास जर्जर स्थिति में पाया गया है। जिसका रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजी जा रही है। यह सभी भवन आज से लगभग तीन दशक पूर्व बनाए गए थे। जिसके छत या प्लास्टर टूट गए हैं या पूरी तरह से टूटने लगे हैं. जिससे छत से पानी का रिसाव हो रहा है। सुरक्षा को दृष्टि से इन्हें नए आवास निर्मित करने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। फिलवक्त यह सभी बिरहोर परिवार उसी जर्जर भवन में हीं रह रहे हैं। किसी भी प्रकार की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही किया गया है। आवंटन के निर्देश होते ही आवास निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। विदित हो कि प्रखंड के रसोईया धमना में छत गिरने से दंपति की हुई मौत के बाद प्रखंड प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सर्वे कर जर्जर आवास वाले परिवारों की सूची तैयार की जा रही है। साथ हीं बिल्कुल जर्जर आवास में रहने वाले परिवार को सरकारी भवन में शिफ्ट करवाने के कवायद जारी है।

**तीन दशक पूर्व बने दें आवास**

## ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**रामगढ़।** कुजू ओपी अंतर्गत श्री राम चौक फोरलेन सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार सीसीएल कर्मी घायल हो गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए नईसराय स्थित सीसीएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है की फारूख अंसारी अपनी बाइक पर सवार होकर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**तीन लोगों ने मिलकर दिया था घटना को अंजाम**

# सऊद का हत्यारा गिरफ्तार

- कपड़ा एवं घटनास्थल के समीप फेंका हुआ मृतक का जुत्ता को बरामद किया गया है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने 17 जुलाई को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में एसपी ने सऊद की हत्या में शामिल दो और आरोपियों के गिरफ्तार होने की जानकारी देते हुए बताया कि 6 जुलाई को मुहर्रम की शाम को मो सयूब अंसारी द्वारा अपने पुत्र सऊद, उम्र 24 वर्ष के गुम हो जाने के संबंध में 8 जुलाई को बरकाकाना ओपी में एक आवेदन दिया गया था। बताया कि आवेदन के आधार पर जांच के क्रम में 11 जुलाई को ग्राम पीरी स्थित अमान अंसारी के बंद पड़े चिमनी इंट भट्ठा के डग से गुम हुये सऊद की लाश को बरामद किया गया। तत्पश्चात मृतक के पिता मो सयूब अंसारी द्वारा अपने पुत्र की हत्या कर उसके शव को अमान अंसारी के चिमनी ईट भट्ठा के डग में छुपाने के आरोप में नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध पतरातु (बरकाकाना) थाना कांड सं.-177/25, दिनांक-11.07.2025, धारा-103 (1)/238/3 (5) बीएनएस दर्ज कराया गया।



**चाकू और खून से लथपथ कपड़े बरामद**

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। इसके अलावा खून से लथपथ कपड़ों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यहां तक कि मृतक सउद ने जो वारदात के दिन जूता पहना था, वह भी पुलिस को मिल गया है। सभी चीजों की फोरेंसिक जांच होगी और अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

एसपी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए मैंने सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया। गठित दल द्वारा अनुसंधान के क्रम में 13 जुलाई को अभियुक्त आफताब अंसारी, पिता मो शाहीद अंसारी, ग्राम-पीरी से सख्ती से पूछताछ किया गया। जिसमें उसके द्वारा अपने अपराध को स्वीकार करते हुए बताया कि वह और एबाद उर्फ आबाद दोनो पूर्व में ग्राम पीरी के अमान अंसारी के चिमनी ईट मट्ठा में दो वर्ष पूर्व काम कर चुके हैं। जिस कारण दोनों में परिचय था और दोनो अभियुक्त पूर्व में जेल भी जा चुके हैं। अभियुक्त आफताब अंसारी एबाद उर्फ आबाद, पिता-मुस्ताक अंसारी, ग्राम डुङगी के साथ मिलकर दिनांक-06.07.2025 को शाम में मोहर्रम के जुलुस से अभि आफताब अंसारी एबाद उर्फ आबाद, असफाक अंसारी तथा एबाद उर्फ आबाद के मौसेरा भाई सऊद को साथ लेकर सुलेशन का नशा करने के लिए ग्राम पीरी कर्बला रोड के आगे पीरीटांड़ के समीप सुलेशन का नशा किया। फिर ये तीनो पीरीटांड़ से कुछ दूरी पर इमली पेड़ के पास पहुंचे। कुछ देर के बाद आफताब अंसारी और एबाद उर्फ आबाद ने सऊद को उसके पास रखे टर्बो को मोहर्रम के बाद किसी दिन रात के अंधेरे में चोरी-छिपे कहीं ले जाकर कटवाने की बात कही तो सऊद बोला कि वह अपने पास रखे टर्बो को नहीं कटवाएगा। क्योंकि उसका मालिक मुझपर बहुत ज्यादा भरोसा करता है। इसी बात को लेकर सऊद और एबाद उर्फ आबाद के बीच लड़ाई होने लगा। लड़ाई-झगड़ा के क्रम में अभियुक्त आफताब अंसारी एवं एबाद उर्फ आबाद के द्वारा अपने पास रखे चाकु से सऊद के पेट एवं गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दिया एवं हत्या कर आफताब अंसारी, एबाद उर्फ आबाद एवं असफाक अंसारी द्वारा मिलकर लाश को अमान अंसारी के बंद पड़े चिमनी ईट भट्टा के डग के अन्दर छुपा दिया।

13 जुलाई को अभियुक्त आफताब अंसारी को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर घटना के दिन उसके द्वारा पहने हुए जींस एवं टी-शर्ट को उसके घर से बरामद किया गया। जिसे दिनांक 14.07.2025 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अग्रतर अनुसंधान के क्रम में गठित टीम द्वारा दिनांक-16.07.2025 को प्रा०अभि० एबाद उर्फ आबाद को ओरमांझी से गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर ग्राम-मसमोहना के मसमोहना नदी से कांड में प्रयुक्त चाकु अभियुक्त एबाद उर्फ आबाद द्वारा घटना के दिन अपने पहने हुए कपड़ा एवं घटनास्थल के समीप फेंका हुआ मृतक का जुत्ता को बरामद किया गया है। अन्य अभि असफाक अंसारी, पे-समीर अंसारी, सा इरबा, थाना-ओरमांझी, जिला-रांची को दिनांक-16.07.2025 को ग्राम पीरी स्थित उसके ससुराल से गिरफ्तार किया गया है। दोनो अभियुक्तो द्वारा अन्य अभि आफबात्त अंसारी के साथ इस कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है।



## अर्थ और श्रमदान कर पंसस ने की आहर भिंडी मार्ग की मरम्मती

बरही। प्रखंड के बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने अर्थ व श्रम दान कर आहरभिंडी मार्ग की मरम्मती किया। उक्त जानकारी पंसस श्री ठाकुर ने देते हुए बताया कि कीचड़ के कारण उक्त मार्ग से आना जाना दुर्लभ हो गया था। इसी मार्ग से ज्यादातर लोग बरहीडीह इत्यादि जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास किसी भी प्रकार के कोष उपलब्ध नहीं है। बाबजूद वह जन समस्याओं को देखते हुए अपने निजी खर्चे से मार्ग की मरम्मती का प्रयास किया है।

सपना की मौत या हुई हत्या, जांच में जुटी पुलिस

# ससुराल वालों पर लगा दहेज प्रताड़ना और हत्या करने का गंभीर का अरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** बुधवार को 19 वर्षीया विवाहित सपना कुमारी की डोभा में डूबने से हुई मौत का मामला ने मायके वालों के आवेदन के बाद एक नया मोड़ ले लिया है। गुरुवार को पुलिस ने मायके वालों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम करवाया। वहीं मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए उचित कारवाई की मांग किया है। घटना को लेकर मृतिका की मां गीता देवी पति जगदीश ठाकुर ने निमाड़ीह थाना (नवलशाही जिला कोडरमा) में आवेदन देकर ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना व हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार मृतिका की शादी 2024 में पड़ीरमा निवासी रामदेव शर्मा के पुत्र पंकज शर्मा से किया गया था। शादी के कुछ हीं महीने बाद ससुराल वाले 20 हजार नकद और अपाची बाईक की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे और साजिश के तहत उसकी हत्या की गई। मृतिका की मां ने बरही थाना में भी आवेदन देते हुए बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ उचित कारवाई की मांग किया है।

ससुराल वालों ने सभी आरोपों को बेबुनियाद और झूठ बताया है। आवेदन के बाद हत्या या मौत को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ऑटो पलटने से चालक घायल, टेंपू भी क्षतिग्रस्त



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना के समीप गुरुवार को एक टेंपु संख्या जेएचजीरो 2बी एच1831 नियंत्रण खोने की वजह से पलट गई। खैरियत रही की इसमें कोई सवारी नहीं बैठे थे। वहीं टेंपू पलटने के कारण ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया और टेंपू भी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक की पहचान संतोष राम,40वर्ष, पिता नागेश्वर राम ग्राम रोसिया,धनबाद के रूप में की गई है। तत्पश्चात स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से घायल टेंपू चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में भर्ती कराया गया जहां इसका इलाज चल रहा है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण में आम नागरिक भी दे सकते हैं अपना फीडबैक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सभी जिलों का स्वच्छता सर्वेक्षण स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें एजेंसी के प्रतिनिधि गांव में जाकर स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता तथा उसके उपयोग का आकलन करते हैं टीम के द्वारा सर्वेक्षण के क्रम में गांव में घरों में जाकर ग्रामीणों का फीडबैक लिया जाता है तथा पोर्टल में फीडबैक दर्ज किया जाता है। सर्वेक्षण को निष्पक्ष बनाने के लिए अंतिम समय में ग्राम का चयन किया जाता है जहां टीम का भ्रमण किया जाना है। स्वच्छ सर्वेक्षण में रामगढ़ जिले के आम नागरिक भी अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। आम नागरिकों को अपना फीडबैक देने के लिए गूगल प्ले स्टोर से एसबीएमएसएस 2025 ऐप इंस्टॉल करें, इंस्टॉल करने के पश्चात ऐप में मोबाइल नंबर डालें और ओटीपी प्राप्त करें, ओटीपी दर्ज करने के बाद आगे बढ़ना है तथा भाषा का चयन करते हुए बताएं गए निर्देशों का पालन करते हुए अपना फीडबैक दे सकते हैं। फीडबैक में कुल 13 प्रश्न पूछे जाते हैं जिनका विकल्पिक उत्तर देना होता है तथा अंत में अपनी फीडबैक को सेव करना होता है। सिटीजन फीडबैक में भाग लेते हुए तथा 13 प्रश्नों का उत्तर देते हुए गांव में स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में सरकार को अवगत कराया जा सकता है जिससे सरकार को भविष्य की रणनितियां बनाने में काफी सहायक सिद्ध होगा।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आज

**रामगढ़।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के पतरातू प्रखंड एवं बड़कागांव के पदाधिकारियों और सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक 18 जुलाई (शुक्रवार) को भुरकुंडा निकट उत्सव मैरेज हॉल (एयरटेल टावर के समीप) में सुबह साढ़े ग्यारह बजे से रखी गई है। बैठक में आगामी 31 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित त्राहिमाम महाधरना को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की जाएगी। साथ ही पोस्टर एवं पर्चा वितरण, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और सदस्यता अभियान पर भी विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा।

## डीएवी एनसीसी कैडेट्स का कंबाइन एनुअल ट्रेनिंग सफलतापूर्वक संपन्न

**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के एनसीसी छात्र-छात्राओं ने विशेष कंबाइन एनुअल ट्रेनिंग शिविर में सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया. उक्त जानकारी एनसीसी ऑफिसर डॉ दीपक शरण ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को शस्त्र संचालन, शारीरिक प्रशिक्षण और आपदा प्रबंधन आदि संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. जिसे विद्यार्थियों ने सफलता पूर्वक प्राप्त किया. डॉ शरण ने बताया कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठित, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाना है. इस प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति, चरित्र निर्माण, साहस और सौहार्द आदि भावनाओं का विकास हुआ. प्रशिक्षणोपरांत विद्यालय वापस लौटने पर प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने सभी एनसीसी कैडेट्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को दी बधाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमेन सुधीर मंगलेश ने झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद पर पूर्व विधायक जानकी यादव एवं सदस्य पद पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश वर्मा के मनोनयन पर गुरुवार को उनका बुके देकर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं का लम्बा राजनीतिक अनुभव, सामाजिक प्रतिबद्धता और संघर्षशील व्यक्तित्व झारखंड के पिछड़े वर्गों के हक और अधिकार की लड़ाई को मजबूत करेगा। यह नियुक्ति सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सुधीर मंगलेश ने विश्वास जताया कि जानकी यादव एवं नरेश वर्मा जैसे जमीनी और कर्मठ नेताओं के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग आयोग नये आयाम स्थापित करेगा तथा समाज के वंचित वर्गों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित होगा।

# अंचल अनुसेवक ने पत्नी व तीन बेटों को निकाला घर से, थाने पहुंचा मामला

- उनकी मदद करने पर अपने भाइयों को ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दी
- उनके बड़े भाई महेंद्र कुमार दास को अनुकंपा के आधार पर रामगढ़ अंचल में अनुसेवक पद पर नौकरी लगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** घर में अक्सर पति-पत्नी के बीच झगड़े होते रहते हैं। लेकिन जब कोई व्यक्ति पारिवारिक ताना-बाना ही तोड़ दे तो एक अनसुलझी कहानी बनकर समाज में उजागर हो जाती है। रामगढ़ अंचल के अनुसेवक महेंद्र कुमार दास ने अपनी पत्नी और तीन बेटों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। यहां तक कि उनकी मदद करने पर अपने भाइयों को ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। कई बार न्याय की गुहार लगाने रामगढ़ अंचल पहुंची अनुसेवक की पत्नी और बच्चों पर सरकारी धौंस दिखाने का भी प्रयास किया गया।




**रामगढ़ थाने पहुंचा मामला, हो रही जांच**

महेंद्र कुमार दास के भाई नंदकिशोर दास ने इस मामले में न्याय के लिए रामगढ़ थाने में गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत खपरियावां गांव के रहने वाले हैं। उनके बड़े भाई महेंद्र कुमार दास को अनुकंपा के आधार पर रामगढ़ अंचल में अनुसेवक पद पर नौकरी लगी। उन्होंने अपनी पत्नी मीना देवी और तीन बेटों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जब उनके भतीजे सचिन से उन्हें इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने बड़े भाई को समझाने का प्रयास किया। यहां तक कि उन लोगों का एक और भाई नितेश कुमार निराला जो रामगढ़ जिला पुलिस बल में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है, उसने भी अपने बड़े भाई को समझाने का प्रयास किया।

# एफएल और सीआरपी का छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** वित्तीय समावेशन को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा 11 से 16 जुलाई 2025 तक आरसेटी रामगढ़ में 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से वित्तीय साक्षरता कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के लिए आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित कुल 24 एफएल-सीआरपी प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से जोड़ना, बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करना तथा उनके साथ सशक्त वित्तीय संबंध स्थापित करना था।

प्रशिक्षण के दौरान इमरान विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई भविष्य की बचत योजना एवं (लघु मासिक बचत योजना) की तैयारी,व्यक्तिगत बचत की महत्ता, बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिया, व्यक्तिगत एवं क्रेडिट लिंकेज की जानकारी,धन का सही दिशा में उपयोग,बीमा योजनाओं की जानकारी जैसे:प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ,अटल पेंशन योजना , आयुष्मान कार्ड, डिजिटलीकरण की ओर बढ़ते कदम – मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई का प्रयोग बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी सक्षम सेंटर की भूमिका और महत्ता, सक्षम एप्लिकेशन के माध्यम से प्रशिक्षण की प्रक्रिया, एफ एल सीआरपी कार्य प्रणाली और रिपोर्टिंग मेकेनिजम के बारे में जानकारी दी गई।

## महिला को सांप ने काटा, मौत

**कुरडेग।** प्रखंड के सरइपानी ( बड़की विउरा पंचायत ) निवासी महिला की मौत सर्पदंश से हो गई । जानकारी के अनुसार सरइपानी निवासी मीनीस कुजूर 33 वर्ष पति सनातन कुजूर अपने मायके केरसई टोरोटोली गई थी इसी बीच बीते रात्री में सोई हुई अवस्था में जहरीले करैत सांप ने डस लिया सुबह लगभग 4:00 बजे मृतका ने घर वाले से पानी मांगा इसी बीच पानी देने गई मृतका की माँ ने बेड पर करैत सांप को देखा पानी पीने के बाद कुछ ही देर में महिला बेहोश हो गई। परिजनो ने तत्काल महिला को कुरडेग सी एच सी लाये जहाँ प्रभारी चिकित्सा पदा डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया ।

**पीनी विवाद** बड़कीपोना में पानी निकासी को लेकर उत्पन्न विवाद

# 34 लोगों को मिला नोटिस, ग्रामीणों ने की बैठक

- यहां पानी निकासी की बड़ी समस्या हैं। वर्षों से जिस रास्ता से पानी निकासी होता था, उसे अब रोका जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बड़कीपोना में पानी निकासी को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद गांव के 34 लोगों को न्यायालय द्वारा नोटिस भेजा गया है। जिसे लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने तेतर टोला में एक बैठक कर झूठे प्राथमिकी का विरोध किया। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया अरविंद सिंह, पंसस शम्भू कुमार, जेएलकेएम के पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर कुमार महतो शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में रामप्रसाद महतो द्वारा गांव के 34 लोगों पर कराये गये प्राथमिकी का एक स्वर में विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि कई दशकों से हमारे पूर्वजों के समय से ही बारिश के साथ नाली का पानी अखरा टोला, तेतर टोला के बाद रेलवे लाइन की तरफ जाता है। लेकिन रामप्रसाद महतो द्वारा इन दिनों पानी निकासी को लेकर विवाद उत्पन्न कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने पिछले दिन गांव के 34 महिला - पुरुषों के ऊपर मामला दर्ज कराया है। पिछले दिन हुए विवाद को सुलझाने पहुंचे कई जनप्रतिनिधियों पर भी झूठा मामला दर्ज करा दिया गया है।

उन्होंने ग्रामीणों पर हत्या करने का प्रयास, मारपीट, छेड़खानी, धमकी देने सहित कई गंभीर आरोप लगाया है। इस संदर्भ में मुखिया ने कहा कि इस तरह अगर कोई व्यक्ति द्वारा विवाद पैदा कर पानी को रोक दिया जायेगा, तो पूरे गांव के लोगों की मुश्किलें बढ़ जायेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि न्यायालय द्वारा ग्रामीणों को मिले नोटिस को स्वीकार करते हुए 28 जुलाई को सभी लोग न्यायालय पहुंच कर अपना पक्ष रखेंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह का विवाद को आपसी बैठक कर ही सुलझाया जा सकता है। पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर महतो ने कहा कि यहां पानी निकासी की बड़ी समस्या हैं। वर्षों से जिस रास्ता से पानी निकासी होता था, उसे अब रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपसी समझौता कर इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया जाये।

बैठक में पूर्व पंसस मुकेश प्रसाद, अनिल कुमार, सहदेव महतो, योगेंद्र महतो, जितभन महतो, बिनोद कुमार, लालकिशुन महतो, गंशु महतो, खिरोधर महतो, दिवाकर कुमार, नंदलाल कुमार, शिशुपाल कुमार, संजय कुमार, धर्मदेव महतो, दिलंदर कुमार, कमल कुमार, बैजू कुमार, बिट्टू कुमार, रवि कुमार, सतेंद्र कुमार, फंटूश कुमार, अमरदीप कुमार, कपिल कुमार, शारदा देवी, पम्मी देवी, बालेश्वरी देवी, जितनी देवी, उखा देवी, पुनिता देवी, डोली कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में डीएवी को 60 स्वर्ण पदक



**बरही।** सत्र 2024-25 के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. इस परीक्षा में कुल 60 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, 41 को रजत पदक और 36 को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। इनमे चार विद्यार्थियों को 1000 रु व तीन को 500 रु की नकद राशि के साथ स्वर्ण पदक, पांच को स्वर्ण पदक के साथ डिजिटल वॉच और नौ को स्वर्ण पदक के साथ साइंटिफिक कैलकुलेटर प्रदान किया गया. इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं छात्रों के नैसर्गिक गुणों को निखारने और उनके बौद्धिक विकास में सहायक है. डीएवी पब्लिक स्कूल का वातावरण विद्यार्थियों को हर स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन के लिए आयोजन कर्ता की भूरी भूरी प्रशंसा किया।

# ‘सशक्त पंचायत नेत्री अभियान’ के तहत महिला प्रतिनिधियों को दिया गया नेतृत्व प्रशिक्षण

## उपायुक्त ने महिला सशक्तिकरण को समावेशी विकास की कुंजी बताया

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत गुरुवार को पंचायती राज,विभाग शाखा सिमडेगा द्वारा गांव की सरकार में शामिल महिला नेत्रियों को सशक्त करने की दिशा में सिमडेगा, नगर भवन में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, पंचायती राज अधिकारी दयानंद कार्जी, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, जिप सदस्य जोखिमा खाखा, जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा आदि सहित ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को पौधा देकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने स्वागत किया। वहीं जेएसएलपीएस की दीदी द्वारा भी स्वागत गान के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया।आदिवासी बहुल सिमडेगा जिला में गांव की सरकार में महिलाओं की अत्यधिक भागीदारी है। यहां इस तरह की कार्यशाला इनके कार्यक्षमता को बढ़ाने को महत्वपूर्ण है। घर की देहरी से बाहर निकल कर अपने पंचायत के विकास की दारोमदार कंधे में लेने वाली महिला नेत्री जब सशक्त होगी तब क्षेत्र का समुचित विकास संभव हो सकेगा। महिला नेत्रियां सशक्त होगी तो उनके नेतृत्व कौशल तेज होगी जिससे उनकी निर्णय लेने की क्षमताएं बढ़ेगी और जमीनी स्तर के शासन में उनकी भूमिका मजबूत होगी।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि पंचायत राज निदेशालय, झारखंड द्वारा रिवेम्प्ड राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत सभी महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान के विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है. साथ ही सभी निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को प्रखंडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसका उद्देश्य पंचायत राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला का सशक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सराहनीय योगदान है।उन्होंने कहा कि महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आत्मविश्वासपूर्वक भाग लेने और अपने तथा अपने समुदाय से जुड़े मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से समाधान के लिए एक सशक्त माध्यम प्रदान करना है. जब तक महिलाएं जागरूकता के साथ सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व नहीं निभाती, तब तक सशक्तिकरण संभव नहीं है. सशक्त महिला पंचायत नेतृत्व अभियान का उद्देश्य स्थानीय स्वशासन में महिला नेत्रिओं को सशक्त करना और उनके नेतृत्व को नई ऊंचाई देना है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल और स्वच्छता जैसे प्राथमिक विषयों को प्राथमिकता देकर स्थानीय शासन की गुणवत्ता और समावेशिता को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना जिससे समावेशी एवं सामुदायिक विकास को बल मिले।कार्यक्रम में उपायुक्त ने महिलाओं की भूमिका और उनके सामाजिक महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में क्रोध, प्रेम और नेतृत्व की अद्भुत संगम क्षमता होती है। उन्होंने रूपक के माध्यम से बताया कि लाल और सफेद रंग मिलकर गुलाबी रंग बनाते हैं, जिसे महिलाओं से जोड़ा जाता है। लाल रंग क्रोध ,वहीं सफेद निर्मल,स्वच्छता का प्रतीक,गुलाबी उनकी कोमलता और शक्ति दोनों का प्रतीक है। उन्होंने महिला नेत्रियों से अपने स्त्रीत्व के गुणों को सामाजिक और प्रशासनिक कार्यों में अपनाने की अपील की।उपायुक्त ने यह भी कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज में उनकी बात को गंभीरता से सुना जाएगा और उनके कार्यों में प्रसिद्धि मिलेगी। उन्होंने सभी महिला प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे संविधान और राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का समुचित उपयोग करें तथा अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाते रहें।उन्होंने यह विश्वास जताया कि जब महिलाएं ज्ञान और अधिकार दोनों में सशक्त होंगी, तब वे समाज को एक समावेशी, संवेदनशील और संतुलित दिशा में ले जा सकेंगी।

### समाहरणालय में लगा उपायुक्त का जनता दरबार

## सभी फरियादियों की समस्या सुनी गई तथा समाधान के दिए गए निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन कर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। समाहरणालय के ग्राउंड फ्लोर पर मुख्य द्वार के पास टेबल-कुर्सी लगाकर लोगों की शिकायतों की सीधी सुनवाई की गई।जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में बाल कल्याण समिति कार्यालय से अनाथ बच्चों को मिलने वाली सहायता राशि निर्गत करने, सड़क निर्माण, अबुआ आवास योजना में समस्याएं, बिरहोर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही दिक्कतें, जमीन घोटाले, चापाकल मरम्मत, अनुकंपा नियुक्ति, जमीन बंटवारा, भूमि सीमांकन निरस्त करने, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने, अवैध रजिस्ट्री को रद्द करने, पारिवारिक विवाद का समाधान, जमीन बंदोबस्ती, लगातार बारिश से घर गिरने की समस्या, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादन, संपर्दश के तहत लंबित मुआवजे का भुगतान, एससी-एसटी थाना में दर्ज मामलों पर कार्रवाई तथा रोजगार दिलाने से संबंधित मुद्दे शामिल रहे।उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि सभी मामलों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त के साथ मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मी भी उपस्थित थे।

## विश्वआदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर संयुक्त आदिवासी मोर्चा की हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** गुरुवार को परम वीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में अनुप लकड़ा की अध्यक्षता में संयुक्त आदिवासी मोर्चा की बैठक आयोजित हुई। संयुक्त राष्ट्र संघ के साधारण सभा द्वारा 23 दिसंबर 1994 को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाने का एतिहासिक प्रस्ताव पारित किया गया हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया हैं। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई विश्व आदिवासी दिवस पर सभी समुदायों से पारम्परिक संस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। जिले में जितने भी संस्कृतिक नृत्य प्रतिभागी कमिटि से सम्पर्क करेंगे। आदिवासी हक और आधिकारों को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा जिससे समाज अपने आधिकारों के लिए जागरूक हो सके। बैठक में प्यारा मुण्डु, किशोर डांग, अजित नवरंगी, अनिल कंडुलना, दिलीप तिर्की, साधु मालवा, चतुर बड़ाइक, नील जस्टिन बेक, राकेश लकड़ा, नुवस केरकेट्टा, रितेश बड़ाईक, शिशिर टोप्पो, अशीषन बिलुंग, रेजिना टोप्पो, प्रताप बाड़ा, धानो कच्छप, पीटर बागे ,राजेन्द्र मिंज, स्तानिस लकड़ा, प्रदीप टोप्पो आदि उपस्थित रहे।

## पोगलोया बर टोली के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई टूटी सड़क






नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत ऐडेगा पंचायत के पोगलोया बर टोली से राम जड़ी बाजार पहुंचने तक कच्ची सड़क है। एक माह से लगातार हो रही बारिश के कारण पोगलोया बर टोली कच्ची सड़क बारिश की बाढ़ से टूटने के कारण कार,ऑटो,एंबुलेंस भी नहीं जा पा रही थी।पोगलोया बड़का टांड़ आंगनबाड़ी की स्वास्थ्य सहिया बताई की विगत दिनों रात्रि के समय पोगलोया बर टोली के कैलाश सिंह के गर्भवती पत्नी की तबियत खराब होने के कारण रात्रि में ही खाट से राम जड़ी बाजार एंबुलेंस तक पहुंचाया गया और कोलेबिरा सी एच सी तक पहुंचाया गया। पोगलोया बर टोली के ग्रामीणों ने बताया बीती गांव में एंबुलेंस नहीं पहुंचे के कारण गांव के ही एक महिला का तबीयत खराब हो गया था जिसे अस्पताल तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद लचरागढ़ अस्पताल में महिला को भर्ती कराया गया,जहां उसका इलाज किया गया।इसे देखते हुए ग्रामीण एकजुट होकर सड़क को श्रम दान कर बनाने का निर्णय लिया और श्रम दान कर सड़क बनाने में जुटे। ग्रामीणों ने बताया बरसात का पानी का बहाव इस मार्ग में बहुत ज्यादा होती है,गार्डवाल का निर्माण किया गया है लेकिन गार्डवाल में मिट्टी भी नहीं भरा गया है। ग्रामीणों ने नया गार्डवाल बनाने के साथ में गार्डवाल की लंबाई बढ़ाने की मांग एवं एक पुलिया बनाने की मांग मुखिया एवं विभाग से की है। मौके पर पोगलोया बर टोली के कैलाश सिंह,शंकर सिंह, टकबर सिंह, शत्रुध्न सिंह, सुरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह,सुंदरा सिंह, लक्ष्मण सिंह, दामोदर सिंह, टोपी सिंह, कन्हैया सिंह, रामटहल सिंह, सुषमा देवी, के अलावा गांव के और भी महिलाओं ने मिलकर श्रम दान किया।

### एमवीआई के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

# बगैर परमिट के बसों का संचालन करने वालों पर होगी कार्यवाही : डीटीओ

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** उपायुक्त कंचन सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग के द्वारा गुरुवार को मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वाहन चेकिंग अभियान कोलेबीरा थाना क्षेत्र के देवनदी मोड़ के समीप चलाया गया। इस अभियान के दौरान छोटे बड़े दो पहिया, चार पहिया, तीन पहिया एवं व्यावसायिक वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में वैसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का चालन कर रहे थे,उनपर जुर्माना किया गया। साथ ही जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन वाहनों पर भी जुर्माना किया गया। जानकारी देते हुए मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कुल 28 वाहनों की जांच की गई। जिनसे 51,250 का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने वाहन चालकों से अपने-अपने वाहनों के कागजात को जल्द दुरुस्त करने की हिदायत दी।साथ ही कहा कि अगली बार से पकड़े जाने पर वाहनों को जब्त किया जाएगा।
इधर जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला ने बस संचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि वैसे बस संचालक जिनके पास वैद्य रोड परमिट नहीं है एवं बगैर परमिट के बसों का संचालन कर रहे हैं। वैसे बसों के संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी बस संचालकों को एक हफ्ते के अंदर अपने-अपने बसों के कागजातों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है अन्यथा जांच के दौरान पकड़े जाने पर मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करने की बात कही।

## सुबोध क्लासेस के विद्यार्थियों ने झारखंड पॉलिटेक्निक परीक्षा 2025 में लहराया परचम

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल बन चुका सुबोध क्लासेस एक बार फिर सुर्खियों में है। झारखंड पॉलिटेक्निक परीक्षा 2025 के घोषित परिणाम में इस संस्थान के पाँच विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। इनमें प्रज्ञा कुमारी और नंदनी कुमारी का चयन गवर्नमेंट वूमेन्स पॉलिटेक्निक, जमशेदपुर के सिविल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए हुआ है।संस्थान के संचालक संतोष प्रधान ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मार्गदर्शन दे रहा है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जैसे पिछड़े जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, बस सही दिशा की जरूरत है।मैट्रिक परीक्षा 2025 में भी संस्थान के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की, जिनमें पाँच ने 90% से अधिक अंक हासिल किए। पिछले वर्ष पॉलिटेक्निक और पारा मेडिकल परीक्षाओं में भी संस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ रही हैं।लगातार मिल रही इन सफलताओं से अभिभावकों में खुशी की लहर है। उन्होंने संतोष प्रधान और उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया है।

### उद्घघाटन | विधायक की पहल पर बदला गया तीन महीने से खराब पड़ा ट्रांसफॉर्मर

# नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल

- उद्घाटन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन सहित पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने किया
- पुराना ट्रांसफार्मर तीन महीने से खराब था, जिससे गांव अंधेरे में था

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़कादुइल पंचायत के करंजटोली गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घघाटन बानो झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, सचिव अमित बडिंग, कोषाध्यक्ष जगदीश बागे और करंजटोली के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।बानो झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन ने जानकारी देते हुए कहा कि विगत 03 महीनों पूर्व से ट्रांसफार्मर खराब था जिससे अंधेरे में रहने को मजबूर थे। ग्रामीण,बिजली बाधित रहने से बच्चों के पढ़ाई पर भी असर हो रहा था,किसानों के फसलों में सिंचाई में समस्या आ रही थी और हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के नाते और भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की मांग पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश और सहयोग से बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिसका उद्घाटन ग्रामीणों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से किया गया।ग्रामीणों के द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी झारखंड प्रखंड कमेटी को दी गई।सूचना के उपरांत ही तुरंत विधायक सुदीप गुड़िया को सुचित किया गया उसने तत्काल संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग को सूचित कर ट्रांसफार्मर दिलाने का सहयोग किया और आज फीता काटकर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया।नया ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव के छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों,माता-बहनों, भाइयों एवं तमाम ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आए।स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लग जाने पर खुशी जाहिर करते हुए झामुमो प्रखंड कमेटी और तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया का आभार प्रकट करते हुए उनको धन्यवाद दिया और कहा की आशा है आगे भी पंचायत क्षेत्र में जो भी समस्याएं होंगी, झामुमो प्रखंड कमेटी और विधायक को अवगत कराया जाएगा ताकि क्षेत्र में भी व्याप्त समस्याओं का समाधान हो और आम जनता को इसका लाभ मिले।मौके पर लाईन मैन यशवंत बरजो,जनकु सिंह,हीरानाथ सिंह,लगनु सिंह,सीता देवी,महेंद्र सिंह,विलासी देवी,मैत्री देवी,सनमईत देवी,नितेश सिंह,राहुल सिंह, जगदीश सिंह,संतोष सिंह,विदु सिंह,जीतन देवी के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### फुटबॉल टूर्नामेंट कमिटी ने की उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात



**सिमडेगा।** वीर शहीद थॉमस सोरेगं अंतराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के पूरे कमिटी के पदाधिकारीयो द्वारा उपायुक्त सिमडेगा से की शिष्टाचार मुलाकात जिसमें 27 जुलाई से उद्घाटन मैच खेलने को लेकर कमिटी द्वारा उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह से मिले। जिसमें उपायुक्त सिमडेगा ने पूर्ण योगदान देने की बात कही। साथ ही खेल को सुचारु रुप से एवं शांतिपूर्ण तरिके से करने की बात कही। उपायुक्त से मिलने वालो में खेल के अध्यक्ष अमित डुंग डुंग, सचिव मोनु बड़ाईक, कुलदीप किन्डो , अजित नव रंगी,प्रताप बाड़ा, सन्दीप मिंज, शमशुल, शमुल्लाह, सुबास और सतीश शामिल थे।

### बानो प्रखंड में मडुवा की खेती करने वाले किसानों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बानो।** प्रखंड के ऐसे किसान जो मडुवा (रागी) की खेती करना चाहते हैं, उनके लिए वर्ष 2025 के मिलेट मिशन के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक किसान जमीन का रसीद, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या व वंशावली जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रज्ञा केंद्र में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।बीटीएम सुनील समद ने जानकारी देते हुए बताया कि रजिस्ट्रेशन की सीमा 10 डिसमिल से 5 एकड़ तक निर्धारित की गई है। मिशन के तहत किसानों को प्रति एकड़ 3000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही पिछले वर्ष की लंबित राशि का भुगतान भी जल्द किया जाएगा।किसान millets.dac.gov.in (उदाहरण स्वरूप) जैसी अधिकृत वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना खासकर छोटे और सीमांत किसानों को पारंपरिक अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।किसानों से अपील है कि समय रहते रजिस्ट्रेशन कराकर इसका लाभ उठाएं।

### बानो रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर कांग्रेस ने सांसद से की मुलाकात



**बानो।** बानो रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर गुरुवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल लोकसभा सांसद कालीचरण मुंडा से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष अजीत कंडुलना ने किया। उनके साथ रफीक अंसारी, शमशेर अंसारी, सहदेव कोटवार एवं रोशन अंसारी शामिल थे।प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए मूरी एक्सप्रेस (15027/15028), धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस (02831/02832) और जयनगर–राउरकेला एक्सप्रेस (08105/08106) का बानो स्टेशन पर नियमित ठहराव की मांग की। उन्होंने कहा कि बानो एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां के लोग इलाज, पढ़ाई और रोजगार के लिए दूर-दराज की यात्रा करते हैं। ट्रेनों के ठहराव नहीं होने से उन्हें परेशानी होती है।प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बानो स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है, ऐसे में ट्रेनों का ठहराव जरूरी है। सांसद ने मांग को जायज बताते हुए रेलवे मंत्रालय से पत्राचार का भरोसा दिलाया।

### बानो वन विभाग की टीम ने देर रात हाथी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के पाड़ो महतोटोली और पाड़ो टोंगरीटोली में जंगली हाथी से बचाव हेतु सामग्री जैसे मशाल,जूट बोरा,छड़,टॉर्च आदि का वितरण किया।बानो वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार के निर्देश पर वन पाल विवेक कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि जंगली हाथी को अनावश्यक ना छेड़ें, उनके निकट न जाए,उनसे दूरी बनाए रखें,यदि हाथी के झुंड में बच्चे हैं तो उनसे विशेष सावधानी बरतें और दूरी बनाएं रखें।शांत और स्थिर रहें चिल्लाने,अचानक आवाज़ करने या ऐसी हरकतों से बचें जिनसे हाथी घबरा जाएँ।शांत रहें और अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने से बचें।मौके पर वन विभाग के वन पाल विवेक कुमार,वन रक्षी लखींद्र कुमार सिंह,दिलीप खड़िया,श्रवण गोप आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों के बीच हाथी बचाव सामग्री का किया गया वितरण



**बानो।** प्रखंड के बांकी पंचायत के महतो टोली,टोंगरी टोली, टोनिया सहित विभिन्न क्षेत्र के लगभग सौ ग्रामीणों के बीच जंगली हाथियों को भगाने के लिए जुट,बोरा,छड़, मोबिल,टार्च डीजल एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया।इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुडिया बानो वन विभाग पहुंचे तथा रेंजर अभय कुमार से मिलकर हाथी से ग्रामीणो को राहत कैसे मिले इसके बारे जानकारी ली।हाथियो के स्थिति के बारे जानकारी ली।विधायक ने हाथी भगाओ दल के साथ मिलकर हौसला बढाया तथा ग्रामीणो के बीच हाथी भगाने हेतु सामग्री वितरण किया।जंगली हाथी से बचाव हेतु सामग्री जैसे मशाल,जूट बोरा,छड़,टॉर्च आदि का वितरण कर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने ग्रामीणों से कहा कि जंगली हाथी को अनावश्यक ना छेड़ें,उनके निकट न जाए,उनसे दूरी बनाए रखें,यदि हाथी के झुंड में बच्चे हैं तो उनसे विशेष सावधानी बरतें और दूरी बनाएं रखें।शांत और स्थिर रहें चिल्लाने,अचानक आवाज़ करने या ऐसी हरकतों से बचें जिनसे हाथी घबरा जाएँ।शांत रहें और अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने से बचें। सतर्कता और सावधानी बरतें। मालुम हो कि बानो प्रखंड के बांकी,बड़काडुइल, उकौली,साहुबेड़ा,गेनमेर, बेड़ाइरगी,सोय पंचायत के लोग हाथी के आंतक से परेशान हैं।हाथी आए घरों को निशान बना रहे है।गरीबों का आशियाना उजड़ जा रहा है। जिससे लोगों को काफी नुकासान हो रहा है।वहीं लगातार हाथी गांव आने से ग्रामीण आतंकित है।विधायक के पहल पर ग्रामीणों के बीच मोबील,जुट व मशाल उपलब्ध कराया।बानो क्षेत्र में हाथी जमे हुए हैं वन विभाग द्वारा लोगों के सहयोग का बराबर प्रयास किया जा रहा है।विभाग द्वारा बराबर लोगों से अपील की जा रही है कि लोग हाथियों को छेड़े नहीं,इन्हें ज्यादा छेड़ने से काफी उग्र होकर क्षति पहुंचाते हैं।उन्होंने बताया कि विभाग हमेशा लोगों के सहयोग के तत्पर है जानकारी मिलने पर जंगली हाथियों को भगाने का बराबर प्रयास किया जाता रहा है।मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार,वन पाल विवेक कुमार,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन,उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन,सचिव अमित बडिंग,कोषाध्यक्ष जगदीश बागे,अमुस कंडुलना,चंदन ठाकुर,जोलेन बारला के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात लोगों ने मंदिर में की तोड़-फोड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना रोड शिव मंदिर में स्थापित मां दुर्गा जी की मूर्ति को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मूर्ति किसने तोड़ी ये किसी को पता नहीं है। इस विषय पर स्थानीय पुलिस प्रशासन जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मूर्ति तोड़ने वाले उपद्रवी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

मंदिर परिसर में रहने वाले फूल बेचने वाला उमेश कुमार मालाकार ने बताया कि सावन का महीना चल रहा है इसलिए मंदिर का मुख्य द्वार दिनभर खुला रहता है लोग पूजा करने के लिए आते रहते हैं गुरुवार को भी मंदिर में दोपहर 1.30 बजे तक लोगों ने पूजा किया। मैं अपने कमरे में टीवी देख रहा था और लगभग 3.45 बजे मंदिर का बाजा चालू करने के लिए मंदिर के अंदर गया तो देखा कि दुर्गा मां की मूर्ति टूटी हुई थी और साथ दो तीन शिव लिंग भी टूटकर बिखरे पड़े थे। तब मैंने आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो मंदिर में जांच के लिए पहुंचे। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा इस घटना से आक्रोशित होकर सिसई मेन रोड को टायर जलाकर एवं बैरिकेडिंग कर बाधित कर दिया गया है और शाम को सिसई की सभी दुकानों को बंद करा दिया गया है स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन उचित कार्रवाई करते हुए शीघ्र ही उपद्रवी को गिरफ्तार करे और कड़ी से कड़ी सजा दे।

जबतक उपद्रवी नहीं पकड़ा जाता है तबतक सड़क को बाधित रखा जाएगा।

लोग नेशनल हाइवे को भी जाम करने पर अड़े हुए हैं। कुछ लोगों ने ये भी कहा कि एक विक्षिप्त सा दिखने वाला व्यक्ति पंडित के वेश में दोपहर को घूम घूम कर भिक्षा मांग रहा था। और पूछे जाने पर कभी अपना पता जामताड़ा बतलाता तो कभी तीन इमली का पेड़ बताता।

लोग उसपर भी मूर्ति तोड़ने का

# जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी : विधायक कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। सोरेन गुरुवार को गिरिडीह परिसदन में बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतर्क और सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की स्थिति की समीक्षा की गई।



### विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**गिरिडीह।** गिरिडीह दौरे पर पहुंचीं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने गुरुवार को प्लस-2 उच्च विद्यालय बेंगाबाद में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लिया। समारोह में मैट्रिक व इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और बेहतर करने की प्रेरणा दी। कहा कि युवाओं की सफलता ही राज्य का उज्जवल भविष्य तय करेगी।

## न्यूज बॉक्स

### डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से लगा ग्राम जुरिया में 63केवीए का ट्रांसफार्मर



**लोहरदगा।** विधानसभा अंतर्गत सदर प्रखंड के ग्राम जूरिया में लगा पूर्व में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर अत्यधित कंजूमर होने के साथ विद्युत भार के कारण लगातार जल जा रही थी ।जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही थी। साथ ही विगत कुछ दिनों पूर्व 25केवी का भी ट्रांसफार्म जल गया जिसके समाधान के लिए जुरिया के ग्रामीण जनता के द्वारा माननीय विधायक लोहरदगा डॉ रामेश्वर उरांव को 25 केवीए को बदल के 63 केवीए का ट्रांसफार्म अधिक आबादी को देखते हुए लगाने के लिए आवेदन के मध्यम से अवगत कराया गया। जिसके समाधान के लिए माननीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा ग्रामीणों के समस्या के समाधान के लिए 25 केवीए को बदल के 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर के लिए विद्युत अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति विभाग गुमला से बात कर जिला विद्युत अभियंता के माध्यम से ग्राम जुरिया में 25 के जगह 63 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया।

### वज्रपात की चपेट में आकर दो चचेरे भाईयों की मौत

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के लोम्बोई बांडीसेमर में आकाशीय बिजली कि चपेट में आकर दो चचेरे भाई कि मौक़े पर ही मौत हो गई एवं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मरने वालों में सुरेश गोंड़ पिता बलधर गोंड़ एवं राजकिशोर गोंड़ पिता चंद्रभान गोंड़ शामिल हैं वहीं रमेश साय घटना में घायल हैं।मिली जानकारी के अनुसार लोम्बोई बांडीसेमर निवासी सुरेश गोंड ने अपने चचेरे भाई राजकिशोर गोंड़ से खेत बंधक में लिया था एवं खेत जोतने सुरेश गोंड़ टिनगीना से रमेश साय के ट्रेक्टर को भाड़े पर बुलाया था जिसे उसका चचेरा भाई राजकिशोर चला रहा था मौक़े पर ट्रेक्टर मालिक रमेश साय भी था। खेत जोतने के क्रम में भारी बारिश को देखते हुए तीनों ट्रेक्टर को खेत में छोड़कर बचने के लिए सुरक्षित स्थान जा रहे थे तभी खेत कि मेड़ पर ही अचानक से वज्रपात हुई एवं दोनों भाइयों कि मौक़े पर ही मौत हो गई एवं ट्रेक्टर मालिक रमेश घायल होकर गिर गया। घायल रमेश ने किसी तरह होश सँभालते हुए चिल्लाकर लोगों को घटना कि जानकारी दी जिसके बाद ग्रामीणों ने मौक़े पर पहुंचकर देखा तो खेत में पानी होने के कारण दोनों शव डूबे हुए थे। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों के शव को निकाला गया एवं जलडेगा पुलिस को मामले कि सुचना दी गई। सुचना पाकर जलडेगा थाना के एसआई दुर्गेश कुमार एवं एसआई सुशील शाह द्वारा मौक़े पर पहुंचकर आवश्यक कागजी कारवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया जहां शव शवों के पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## 117 में से 104 मामलों का हुआ समाधान प्रशासन की पहल से लोगों को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले भर में आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान हेतु साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 17 जुलाई 2025 को चैनपुर, घाघरा और कामडारा अंचल कार्यालयों में जनसुनवाई शिविर आयोजित किए गए। चैनपुर अंचल कार्यालय में कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन, राशन कार्ड, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, और कृषि भूमि सत्यापन से संबंधित मामले शामिल थे। इनमें से 91 आवेदनों का त्वरित निष्पादन मौके पर ही किया गया।

घाघरा अंचल कार्यालय में आयोजित शिविर में 17 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि प्रतिवेदन, जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याएं शामिल थीं। इनमें से 10 मामलों का समाधान तत्काल किया गया।

कामडारा अंचल कार्यालय में प्राप्त 4 आवेदनों में से 3 का निष्पादन मौके पर किया गया, जिनमें मकान क्षति और प्रमाण पत्र संबंधी मामले थे। कुल मिलाकर आज के शिविरों में 117 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 104 का समाधान मौके पर कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन शिकायत निवारण दिवस को नियमित, परिणामदायक और नागरिकों के विश्वास को मजबूत करने वाला मंच बनाया जाए। सभी आवेदनों का निष्पादन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से हो ताकि जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें।

### 50 विद्यालयों के शिक्षकों को मिलेगा मातृभाषा आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा कार्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को डायट चिरी परिसर में पलाश-बहुभाषी शिक्षा के अंतर्गत जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण दो बैचों में संचालित किया जा रहा है, जिसमें चयनित 50 विद्यालयों के शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार, एपीओ तथा डाइट फैकल्टी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन सत्र में श्री कुमार ने उपस्थित शिक्षकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा एवं फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए पलाश कार्यक्रम की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा न केवल बच्चों की समझ और सीखने की गति को बढ़ाती है।

### किसानों को फसल बीमा की जानकारी दी गई



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीटीएम की अध्यक्षता में गुरुवार को किसान मित्रों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक किसान मित्रों को बताया गया झारखण्ड सरकार कृषि एवं पशुपालन मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी किसानों का फसल बीमा करना आवश्यक है.जिसके अनुसार फसल योजना,मिलेट मिशन योजना,डिजिटल क्रॉप सर्वे के बारे में सभी किसान मित्रों को विस्तृत जानकारी दी गई. किसानों से बीमा के लिये प्रति प्लॉट 1 रू जमा कराया जाना है। मिलेट मिशन योजना के तहत सरकार की ओर से मडुवा लगाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू प्रोत्साहन राशि के रूप में भुगतान किया जायेगा।

### संवेदक समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य को पूरा करें : प्रमुख

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप अंचल प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराये जाने पर पंचायत समिति के 15 वें वित योजना अंतर्गत बाजार में दुकान कंपलेश का निर्माण के लिये गुरुवार को पहान साहावीर उरांव के द्वारा भूमि पूजन करने के पश्चात प्रमुख फूलझरी देवी,सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला,विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उरांव,पंचायत समिति सदस्य सफरूदीन अंसारी,संवेदक रोहित साहु द्वारा फावड़ा चला कर संयुक्त रूप से शिलान्यास किया गया.प्रखंड मुख्यालय के समीप पंचायत समिति के 15 वें वोट योजना के तहत 20 लाख की लागत से मार्केट कमलपेक्स का निर्माण होना है.जिस पर प्रमुख फूलझरी देवी ने संवेदक को निर्देश देते हुए कहा कि ये कार्य पंचायत समिति के माध्यम से हो रहा है.मार्केट कमलपेक्स निर्माण का जो कार्य होगा उसे गुणवत्ता पूर्वक समय से कार्य को पूर्ण करायें दुकान भवन निर्माण होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

### पर्यावरण के प्रति जागरुकता को लेकर वन महोत्सव का हुआ आयोजन

## 1,651 फलदार पौधों का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो प्रखंड के आरसीएम मध्य विद्यालय और आरसी +2 इंटर विद्यालय बांकी में पर्यावरण जागरूकता को लेकर वन महोत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के 1,651 फलदार पौधों का वितरण किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण विद सह केंद्रीय अध्यक्ष विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान सह डा० व पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मुवमेंट के प्रनेता कौशल किशोर जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में बानो जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना, प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग व विधालय के प्राचार्य फादर अलेक्जेंडर कुल्लू मुख्य रूप से उपस्थित थे।बच्चों ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान प्रस्तुत कर किया गया।वर्ग 8 वीं और वर्ग 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण आधारित झांकी प्रस्तुत कर पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रति जागरुक किया और झांकी के माध्यम से वनों के संरक्षण से होने वाले लाभ के बारे बताया वहीं दूसरी ओर वनों और पेड़-पौधों की लगातार अंधाधुंध कटाई से हो रहे पर्यावरणीय क्षति और उनसे होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया।

विद्यालय के प्राचार्य फादर अलेक्जेंडर कुल्लू ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी और बच्चों के बीच पौधों का वितरण कर कहा कि सभी कोई अपने-अपने घर में पौधे लगाएं। मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि बानो जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना ने उपस्थित सभी छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अपने आस-पास के पर्यावरण की देखभाल करना भी ज़रूरी है।

## बाबा बैजनाथ धाम के लिए निकली कांवरियों की टोली, हुआ भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सावन के पावन अवसर पर बुधवार की रात को लोहरदगा से बाबा बैजनाथ धाम (देवघर) के लिए कांवरियों की एक विशाल टोली बोल बम के जयघोष के साथ रवाना हुई। इस अवसर पर जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अगुवाई में बरवाटोली चौक से कांवरियों को हर्षोल्लास के साथ रवाना किया गया। कांवरियों का जत्था जब ब्लॉक मोड़ स्थित महावीर मंदिर पहुँचा, तो वहाँ महावीर मंदिर पूजा समिति की ओर से पारंपरिक मंगलवारी पूजा और भव्य भंडारे का आयोजन कर सभी कांवरियों का स्वागत किया गया। भंडारे के उपरांत जय श्रीराम समिति के महामंत्री प्रदीप साहू एवं रक्त संग्रह अध्यक्ष जीवनराज मेहता ने सभी कांवरियों को केसरिया ध्वज दिखाकर बाबा धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान कांवरियों ने "बोल बम", "बड़े कदम बाबा नगरिया दूर है, जाना जरूर है" जैसे भक्तिमय नारों से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा, "हर वर्ष सावन के पावन महीने में हम कांवरियों को देवघर तक सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से पहुँचाने का प्रयास करते हैं। यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि भक्ति और सेवा का संगम है। बाबा भोलेनाथ के आशीर्वाद से यह परंपरा वर्ष दर वर्ष और भव्य रूप ले रही है।" कार्यक्रम में जय श्रीराम समिति और महावीर मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### झारखंड आंदोलन के वरिष्ठ नेता का निधन

**लोहरदगा।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले, आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव एवं जुझारू आंदोलनकारी अरुण साहू का शुक्रवार को डाल्टनगंज (मेदिनीनगर) में आकस्मिक निधन हो गया। वे लोहरदगा नगर क्षेत्र के राणा चौक निवासी थे और पिछले कई वर्षों से ब्रेन से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका अंतिम संस्कार आज रात बनारस में किया जाएगा। श्री साहू झारखंड अलग राज्य आंदोलन के दौरान एक सक्रिय योद्धा के रूप में उभरे थे और उन्होंने आजसू पार्टी के संगठन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके निधन से झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा, आजसू पार्टी, सामाजिक विचार मंच समेत कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में शोक की लहर फैल गई है। सामाजिक विचार मंच के संयोजक एवं झारखंड आंदोलनकारी कवलजीत सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, अरुण साहू के निधन की खबर से मैं मर्माहत हूं।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–श्वाती कुमारी, उम्र करीब–20 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–04 फीट 08 ईंच, पहनावा–उजला रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला श्वाती, पिता–शिवशंकर साहु, ग्राम–बिसहाखटगा, थाना–माण्डर, जिला–राँची जो दिनांक–05.07.2025 को अपने घर से कॉलेज जाने को कहकर निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या–12/2025, दिनांक–07.07.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। –9431742777

थाना प्रभारी माण्डर, राँची। –9431706187

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 357613 Police(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या - 08/2025-26**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 24.07.2025 एवं 25.07.2025 को 10.00 बजे पूर्वा० से 03.00 बजे अप० तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 26.07.2025 को 03.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 26.07.2025 को 03.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8. कार्य मद :–
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :– कल्याण विभाग

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | घाघरा | Comprehensive renovation including gate, boundary wall, dilapidated rooms toilet, kitchen, door, roof, fan etc and electrification work in KARTIK ORAON HOSTEL, PALKO T ROAD GUMLA | 860257.00 | 17500.00 | 1250.00 | 03 माह | IV |

निविदा की शर्तें:–

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनाममा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
गुमला

PR 357594 NREP (25-26)_D


### उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

# देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में तीन दिनों में चार लाख 75 हजार 659 श्रद्धालुओं ने किया जलापर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर।** देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोग सावन शुरू होते ही बाबा भोलेनाथ को जलापर्ण करने पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी श्रद्धालुओं की सुबह से ही लंबी लाइन रही। लोग श्रद्धालु लाइन में लग कर जलापर्ण कर रहे है। जिला प्रशासन के अनुसार सावन की पहली सोमवारी से लेकर बुधवार तक चार लाख 75 हजार 659 श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ पर जलापर्ण किया है। वहीं, सावन मेले के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बुधवार देर रात कंपोजिट कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए । इसके अलावा उपा युक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम में वायरलेस डिवाइस, चैनल, रेंज सहित अन्य उपकरणों की पूरी जानकारी प्राप्त की तथा उसे बेहतर रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम के भवन को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम जलार्पण और व्यवस्थित सुविधा को लेकर आवश्यक निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। उन्होंने सीसीआर में प्रतिनियुक्त अधिकारियों से बात कर वहां के कार्यों की जानकारी ली तथा सीसीटीवी की मॉनिटरिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि श्रावण मास में बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो रही है, इस दौरान श्रद्धालुओं की भेष में असामाजिक तत्वों भी घूमते रहते हैं, इसलिए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें और लगातार माईकिंग के जरिए श्रद्धालुओं को सचेत और जागरूक करते रहें।

"विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने समाज और देश के प्रति जागरूक रहे। उसे अपने समाज और देश की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और उनका समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए।" - **हजारी प्रसाद द्विवेदी**

## संपादकीय

# अकल्पनीय ट्रंप और आर्थिक युद्ध

परमाणु हथियारों से भी अधिक अकल्पनीय ट्रंप से विश्व आशंकित है और वे अपने ऊटपटांग बयानों के साथ टैरिफ युद्ध रणनीति में लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में युद्धों, क्षेत्रीय संघर्षों और ट्रंप के टैरिफ की आशंकाओं के चलते शक्तियों के बीच टकराव पहले ही नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है, तब अमेरिकी सीनेटरों और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) की भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों के रूस के साथ व्यापारिक संबंध जारी रखने पर भारी टैरिफ लगाए जाने की चेतावनी देने से सवाल उठता है कि कहीं दुनिया आर्थिक युद्ध की तरफ तो नहीं बढ़ रही। उल्लेखनीय है कि यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी रूस के राष्ट्रपति पुतिन को पचास दिन के भीतर यूक्रेन से युद्ध खत्म न करने पर सौ फीसदी द्वितीयक टैरिफ की धमकी दे चुके हैं। उल्लेखनीय है कि द्वितीयक टैरिफ उन देशों या कंपनियों पर लगता है, जिन पर सीधे कोई प्रतिबंध नहीं होता, लेकिन उनके साथ व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं। चूंकि भारत और चीन रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक हैं, यह स्थिति दोनों के लिए चिंताएं बढ़ाने वाली है। भारत अपनी लगभग 88 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है, और पिछले करीब तीन वर्षों से रूस भारत के तेल आयात का आधार रहा है। अगर इन टैरिफ के चलते रूस से तेल की आपूर्ति रुकती है, तो भारत को सऊदी अरब और इराक जैसे वैकल्पिक स्रोतों को देखना होगा, जिससे स्वाभाविक ही तेल की कीमतें बढ़ेंगी और इसका असर आम जनता पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारत ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी अपनी चिंताओं को लेकर अमेरिकी सांसदों और ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है। इस सवाल का जवाब कि-क्या टैरिफ की धमकियां इन देशों को अपनी व्यापारिक नीतियों में बदलाव लाने पर मजबूर करेंगी- इतना आसान नहीं है। इसकी पहली वजह तो यह कि तीनों ही मजबूत अर्थव्यवस्थाएं हैं और दूसरी यह कि इन देशों के साथ पश्चिमी देशों के भी गहरे हित जुड़े हुए हैं। नाटो में शामिल पश्चिमी देशों का तर्क है कि रूस के साथ व्यापार करने वाले देश अप्रत्यक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं। हालांकि, भारत ने हमेशा से ही इस मामले में तटस्थ रुख अपनाते हुए बार-बार कहा है कि वह संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांति की वकालत करता है, और उसका रूस के साथ व्यापार राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर ही किया जाता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों को टैरिफ की चेतावनी ने कूटनीति के मोर्चे पर नया तनाव तो पैदा किया ही है। अब यह तनाव वैश्विक व्यवस्था को किस दिशा में ले जाता है, यह तो समय ही बताएगा।भारत लंबे समय से अमेरिका और रूस दोनों से व्यापार में संतुलन रखकर चलता आया है। अपने ऐतिहासिक रिश्तों की वजह से भारत लंबे समय से हथियारों के लिए रूस पर निर्भर रहा है। दूसरी तरफ 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत ने रूस से तेल का आयात भी बढ़ाया है। मौजूदा समय में रूस से सबसे ज्यादा तेल आयात करने वाले देशों में चीन और भारत सबसे ऊपर हैं। व्यापार के पूरे आंकड़ों को देखा जाए तो भारत और रूस ने 2024-25 में कुल 68.7 अरब डॉलर का कारोबार किया। इस दौरान जहां भारत का कुल निर्यात 4.88 अरब डॉलर का रहा वहीं, आयात 63.84 अरब डॉलर का रहा। अगर अमेरिका ने रूस से व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का एलान किया तो भारत को तेल के आयात में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

*द्वितीयक टैरिफ उन देशों या कंपनियों पर लगता है, जिन पर सीधे कोई प्रतिबंध नहीं होता, लेकिन उनके साथ व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं।*

# मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश



पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं। क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालाँकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके जवाब में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत "मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2020" जारी किये थे। इन दिशानिर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढाँचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 पेश किया है। "यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है"। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशानिर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

दिशानिर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रूपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे।

इसके अलावा, नए दिशानिर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20% तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहाँ यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। यात्रियों के लिए भी ये दिशानिर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी। एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इन ऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएँ होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं।

राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24x7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है।

दिशानिर्देशों में स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित की गई हैं: राज्य की नीति के आधार पर किराए में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च माँग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म को किराए का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं। महत्वपूर्ण रूप से, दिशानिर्देश उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का भी ध्यान रखते हैं। एग्रीगेटर्स को भारत-स्थित सर्वरों पर उपयोगकर्ता डेटा का संग्रह करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम सहित डेटा सुरक्षा रूपरेखा का पालन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि डेटा का दुरुपयोग या लीक न होना सुनिश्चित हो सके और भारत की संप्रभु डेटा नीतियों के अनुसार इसे सुरक्षित रखा जा सके।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत@2047 के विजन, जो समावेशी और सतत विकास पर जोर देता है तथा दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, दिशानिर्देश में इस बात को अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर बेड़े का एक हिस्सा दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाएं और कार्यबल में ड्राइवरों के रूप में दिव्यांगजनों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। ऐसे वाहनों की संख्या राज्यों द्वारा स्थानीय जरूरतों और आवश्यकताओं के आधार पर निर्धारित की जाएगी। स्थायित्व के लिए एक बड़े प्रयास के तहत, एग्रीगेटर्स को अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वैकल्पिक ईंधन या शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को शामिल करने की आवश्यकता है। संबंधित वायु नियामक निकाय वाहन-परिचालन प्लेटफार्मों के लिए राज्यवार ईवी लक्ष्य निर्धारित करेंगे, तथा यह भारत के जलवायु और स्वच्छ वायु लक्ष्यों के अनुरूप है। दिल्ली की 'देवी' (डीईवीआई) बसें जैसी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियाँ ईवी एकीकरण के उदाहरण हैं, जो पहले से ही मौजूद हैं। ये दिशानिर्देश राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों, विशेष रूप से अनुच्छेद 39 के अनुरूप हैं, जो राज्य को निर्देश देता है कि गिग श्रमिकों सहित नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, की न्यायालयों द्वारा की गयी व्याख्या में सुरक्षित कार्य वातावरण के अधिकार और सम्मान के साथ आवागमन के अधिकार को शामिल किया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**अजय टम्टा**
केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री

## विश्व सर्प दिवस



विश्व सर्प दिवस पर मैंने अपनी शक्ति और सामर्थ योग्यता के आधार पर मनाने का निर्णय अंततः ले ही लिया। इस निर्णय के पीछे एकमात्र कारण यह था कि राष्ट्रीय संयुक्त सचिव का कंधे पर भार अधिक लगने लगा था। पूरी पूजन सामग्री मंगाई गयी और वह भी अपनी टेंट से, अपने बटुए से। सर्प देवता के विधिवत आह्वाहन, पूजन, हवन और आरती के लिए चलन में रह रहे सारे श्लोक - मंत्र कंठस्थ कर लिए। सर्प देवता के लिए मखमली कपड़े बिछे एक ऊँचे स्थान के लिए छोटी चौकी लगा दी। पान पत्र पर सुपारी में मौली धागा लपेट कर और ऊपर से गोबर लीप पर गौरी गणेश के विग्रह बनाए गए। फिर काँसे के लोटे की गर्दन में मौली धागा बाँध लिया। लोटे पर रोली से स्वास्तिक का चिन्ह भी बड़े मनोयोग से बनाया। एक छोटी चौकी पर एकरंगा कपड़ा बिछाकर नवग्रह, षोडस मातृका चावल से विग्रह बनाया। फिर पारम्परिक रूप से अग्नि देव, वरुण देव, पृथ्वी पूजन, दिशा रक्षण और स्वस्तिवाचन भी रटे हुए मंत्र से कर विधिवत संकल्प लिया। श्री गणेश, कलश स्थित देवों, नवग्रह और षोडस मातृका के आह्वाहन, पूजन के बाद सर्प देवता का विधिवत आह्वाहन प्रारम्भ किया ही था कि आस्तीन से सर्प देवताओं का आगमन होने लगा। एक के बाद एक प्रजातियों के सर्प निकलकर आसन ग्रहण करने लगे। उनकी संख्या स्थिर होने का नाम ही नहीं ले रही थी। इसमें बहुत समय निकल गया। शीघ्रता से उनके पूजन और आरती को सम्पन्न कर अभी मुक्त हुआ हूँ। लेकिन मुझे ज्ञात नहीं कि आरती के बाद वे सर्प देवी - देवतागण पुनः मेरी आस्तीन में प्रवेश किए अथवा किस पदाधिकारी के या फिर अलग समूह बनाने निकल पड़े। मुझे इसका कोई मलाल नहीं है। देवी - देवता हैं, बस जहाँ कहीं भी रहें, आशीर्वाद देते रहें। हम वैसे भी भोले हैं, वे कभी भी अपनी सुख - सुविधा के लिए मेरी आस्तीन में आकर विराजमान हों! बोलिए एक बार प्रेम से - सर्प देवता की जै!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# पाकिस्तान में तख्ता पलटा तो...!

पाकिस्तान में सत्ता पलट की सुगबुगाहट होने लगी है। हमारा दूसरा पड़ोसी बांग्लादेश भी शांत नहीं है। यूं तो इन दोनों देशों में इस तरह की हलचल का जुलाई में होने वाली ऐतिहासिक घटनाओं से कोई नाता नहीं है, फिर भी कुछ को याद करना चाहिए। वर्ष 1658 में जुलाई की पांच तारीख थी, जब मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बना लिया था। वह शाहजहां के बीमार पड़ने के बाद सत्ता की लड़ाई का नतीजा था। मथुरा के पास बंदी बनाया गया मुराद बख्श आगरा में कैद कर रखा गया। बाद में 1661 में उसकी मौत हो गई थी। यह घटना बहुत पुरानी है। तख्ता पलट के ताजा मामले पाकिस्तान में हुए हैं। बात जुलाई की हो रही है, तो 1977 में इसी महीने की पांच तारीख को ही जुल्फिकार अली भुट्टो को सत्ता से हटाकर जनरल जिया उल हक ने कब्जा कर लिया था। ऐसा करने वाले वे चौथे सैनिक तानाशाह थे। हालांकि वे 11 साल तक सत्ता में बने रहे और एक रहस्यमयी विमान दुर्घटना में मारे गये। इतिहास की ये घटनाएं पाकिस्तान में ताजा हलचल के बीच याद की जा रही हैं। खबरें साफ होने लगी हैं कि पाकिस्तान फिर सत्ता के खिलाफ साजिश के दौर से गुजर रहा है। आतंकवाद के विरुद्ध पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के बाद वहां सब कुछ सामान्य नहीं है।

आतंकवादियों को संरक्षण देने वाली पाकिस्तान की छवि इस ऑपरेशन के बाद और भी स्पष्ट हुई है। यह अकारण नहीं है कि जुल्फिकार अली भुट्टो के नवासे और बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो ने कुछ दिन पहले ही हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकियों को भारत को सौंपने की जरूरत बताई थी। ये चेहरे दुनियाभर में, खासकर भारत के खिलाफ आतंकवाद के बड़े सरगना हैं। बिलावल ने यह जरूरत क्यों बताई और इसके पीछे उनके वालिद और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को बचाने की मंशा है, इस पर चर्चा चल सकती है। वैसे पिता-पुत्र के रिश्ते भी चर्चा से बाहर नहीं हैं। जो भी हो, राष्ट्रपति को बचाने के प्रयास का चर्चा में आना अस्वाभाविक नहीं है। इसे सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर और राष्ट्रपति जरदारी के बीच तनाव की खबरों से भी जोड़कर देखा जा सकता है। जनरल मुनीर जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच के भागीदार बने, तभी से अमेरिका के पाकिस्तान की सत्ता में फिर से रुचि बढ़ने के कयास लगने लगे थे। अब जनरल ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर नई चर्चा को हवा दी है। कहते हैं कि जनरल फिलहाल पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को साथ रखना चाहते हैं। इसी योजना के तहत दोनों की मुलाकात हुई है। वैसे जरूरत पड़ने पर मुनीर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी किनारे लगा सकते हैं। जहां तक पाकिस्तानी अवाम का सवाल है, भारत की सैन्य कार्रवाई के दौरान उसे लगता है कि पाकिस्तानी सेना को वहां के राष्ट्रपति की ओर से 'खुले हाथ' नहीं रखा गया। वैसे मुनीर ने भी कम डींगे नहीं हांकी, फिर भी 'कौन अधिक झूठा' की लड़ाई जोरों पर है। देखना है कि यह लड़ाई तख्तापलट तक कैसे पहुंचती है। ऐसा हुआ तो यह आधिकारिक रूप से पाकिस्तान में पांचवां तख्तालट होगा। ऐसा हुआ तो निश्चित ही भारत का इस पड़ोसी के साथ रिश्ता एक बार और नये सिरे से देखा जायेगा।

इतिहास में तख्तापलट शब्द का पहली बार प्रयोग 19वीं सदी में हुआ था। उस वक्त अमेरिका, पुर्तगाल, स्पेन और लैटिन को तख्तापलट का सामना करना पड़ा। तख्तापलट क्या होता है, यह भी जानना जरूरी है। यह वो परिस्थिति है जब किसी देश की सेना, अर्धसैनिक बल या फिर विपक्षी पार्टी वर्तमान सरकार को हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो जाती हैं। सैन्य तख्तापलट में सेना सरकार को हटाकर एक दिखावटी असैन्य सरकार स्थापित कर देती है। पाकिस्तान कई बार तख्तापलट देख चुका है। पहला तख्तापलट 1953-54 में हुआ था। इस दौरान तत्कालीन गवर्नर-जनरल गुलाम मोहम्मद ने प्रधानमंत्री ख्वाजा नजीमुद्दीन की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। दूसरा तख्तापलट 1958 में हुआ, जब तत्कालीन राष्ट्रपति मेजर जनरल इस्कंदर अली मिर्जा ने संविधान सभा और तत्कालीन फिरोज खान नून की सरकार को बर्खास्त कर दिया। 1977 में सेना प्रमुख जनरल जियाउल हक के नेतृत्व में तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार गिराई गई थी। चौथा तख्तापलट 1999 में सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने किया था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ. प्रभात ओझा**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अपराधी वे सृजन के, जो रचते विपरीत।
'चिति' रक्षण करते नहीं, गढें स्वयं की रीत।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# लवजेहादी चरमपंथियों के निशाने पर हैं हिन्दू लड़कियां!

इन दिनों देश भर में हिन्दू लड़कियों के शोषण और साजिश षडयंत्र के तहत बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के लिए कई छांगुर बाबा सक्रिय है। हाल ही में पर्दाफाश हुए धर्मांतरण गिरोह के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को की सो करोड़ रुपए इस्लामिक देशों से मिले थे। यह बात पुलिस की छानबीन में सामने आ चुकी है। एक योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण के इस खेल में एक नहीं अनेक लोग शामिल थे। अब धीरे-धीरे सब बेनकाब हो रहे हैं और कानून का शिकंजा इन समाज व देश विरोधियों विरुद्ध कसता जा रहा है। उत्तर प्रदेश एटीएस और ईडी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, छांगुर बाबा की सच्चाई परत-दर-परत बेनकाब होती जा रही है। धर्मांतरण के एक संगठित रैकेट से शुरू हुआ खुलासा अब आईएसआई कनेक्शन और राष्ट्रविरोधी साजिश तक पहुंच चुका है। छांगुर बाबा सिर्फ धर्म बदलवाने का खेल नहीं खेल रहा था, बल्कि हिंदुस्तान में सांप्रदायिकता का जहर खोलकर तोड़ने की साजिश भी रच रहा था।जानकारी के मुताबिक, छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के नाम पर जो नेटवर्क खड़ा किया था, उसी का इस्तेमाल कर वो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सीधा संपर्क साधने की कोशिश कर रहा था। बताया जाता है कि है कि नेपाल की राजधानी काठमांडू में पाकिस्तानी दूतावास में आईएसआई एजेंटों की एक गोपनीय बैठक हुई थी। इसमें छांगुर के नेपाल कनेक्शन के जरिए संपर्क की कोशिश की गई। देश में हिन्दू लड़कियों के धर्मांतरण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 से 15 लाख रुपए लड़की की जाति देखकर इनाम के रूप में रखे जाते थे। जिन लड़कियों ने हिन्दू धर्म में वपसी की है अब उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। हिन्दुओं प्रति नफरत इस हद तक है कि हर स्तर पर हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने में कट्टरपंथियों को सकून मिलता है। एक रिपोर्ट बताती है कि छांगुर बाबा की योजना थी कि आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों की महिलाओं को फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया जाए। फिर इनका निकाह नेपाल में आईएसआई के एजेंटों और स्लीपर सेल से करवा दिया जाए। ये महिलाएं बाद में जासूसी के नेटवर्क का हिस्सा बन सकें, इसके लिए बाकायदा कोडवर्ड सिस्टम भी विकसित किया गया था। छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था।छांगुर बाबा का जाल महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था। इस पूरे नेटवर्क को वो विदेशी फंडिंग के जरिए मजबूत करता रहा। एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों की फौज तैयार की थी। बीते तीन वर्षों में 1000 से ज्यादा मुस्लिमों को इस काम के लिए कैश पेमेंट दी गई। नेपाल सीमा से सटे सात जिलों को टारगेट किया गया। बाबा का नेटवर्क लड़कियों को फंसाता, ब्रेनवॉश करता और फिर उनका धर्मांतरण कर निकाह करवा देता था। इसके लिए विदेशों से भारी मात्रा में फंड आता था। एटीएस की जांच में छांगुर बाबा द्वारा इस्तेमाल किए गए कोडवर्ड भी सामने आए हैं। जैसे कि लड़कियों को 'प्रोजेक्ट' कहा जाता था। ब्रेनवॉश की प्रक्रिया को 'काजल करना' कहा जाता था। किसी लड़की को बाबा से मिलाने को 'दीदार कराना' कहा जाता था। एक रिपोर्ट के अनुसार धर्मांतरण को 'मिट्टी पलटना' कहा जाता था। इन कोड्स के जरिए बाबा और उसका गैंग आपस में बात करता था ताकि किसी को भनक न लगे। ईडी और एटीएस की पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि बाबा के पास विदेशों से करोड़ों की फंडिंग आई। जांच में अब तक 18 बैंक खातों की जानकारी मिली है। इनमें कुल 68 करोड़ रुपए जमा हुए। केवल तीन महीनों में ही 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। इस से भी चिंता जनक बात यह है कि इस तमाम षडयंत्र में कथित तौर पर एक आइपीएस अधिकारी लंबे समय तक तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार पटवारी और पुलिस स्टाफ की भी मिलीभगत शिकायतें अनदेखा करने और समय समय पर छांगुर बाबा और उसके गुर्गों का संरक्षण व बचाव करने की बात सामने आ रही है। बिना सरकारी तंत्र की गंदी। मछलियों की मदद के इतना बड़ा स्कैंडल करना संभव नहीं है। इसी तरह का एक मामला शाहजहांपुर का है। यहां एक लवजेहादी नावेद उर्फ कासिब ने माथे पर तिलक, कलाई में कलावा बांधकर खुद को शिव वर्मा बताकर धर्मांतरण का जाल बिछाया। उसने 18 हिंदू लड़कियों को जाल में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण किया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बारिश और भूस्खलन में फंसे 3 हजार श्रद्धालुओं को मिली सेना की मदद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के ऊपरी क्षेत्रों में लगातार खराब मौसम के बीच अमरनाथ यात्रा प्रभावित हुई है। यहां बारिश और भूस्खलन के कारण सैकड़ों यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ऐसे में भारतीय सेना ने एक बार फिर अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं को अपने कैंपों में शरण दी है। अमरनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा के मार्ग में बाधा उत्पन्न हुई है। सभी यात्रियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के प्रयास लगातार जारी हैं। वहीं, रायलपथरी और अन्य क्षेत्रों में हल्की बारिश अभी भी जारी है और सेना पूर्ण सतर्कता के साथ किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने यहां सेना के कैंपों में शरण ली है। सेना के कैंपों में शरण लेने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें सही समय पर सेना द्वारा इन कैंपों में शरण दी गई, जिसके कारण वे तेज बारिश और भूस्खलन से बच सके। श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां सेना के कैंपों में उन्हें पीने का पानी, चाय व भोजन भी उपलब्ध कराया गया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि सेना के कैंपों में करीब 3 हजार के आस-पास व्यक्तियों को शरण दी गई है। अमरनाथ यात्रा 2025 के दौरान किए गए ये त्वरित और मानवीय प्रयास भारतीय सेना की पेशेवरिता, समर्पण और सेवा भाव के एक और शानदार उदाहरण हैं, जो हर संकट में यात्रियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने और यात्रा की निर्बाध सम्पन्नता सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन शिवा 2025' चला रही है। 'ऑपरेशन शिवा' नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ समन्वय में संचालित किया जा रहा है। इस बार यहां सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है, विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकियों से उत्पन्न खतरे के मद्देनजर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। सेना के मुताबिक, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया में भी नागरिक प्रशासन को हरसंभव सहायता दी जा रही है।




### 500 श्रद्धालुओं को सेना ने टेंट में पहुंचाया

भारी बारिश के कारण सड़क पर काफी मलबा बहकर आ गया है। यात्रा से लौट रहे कई श्रद्धालुओं को रास्ते में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारतीय सेना के मुताबिक 16 जुलाई की शाम लगभग सवा सात बजे लगातार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यात्रा बाधित हो गई और बड़ी संख्या में यात्री फंसे रह गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यहां तैनात सेना की टुकड़ी ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। क्षेत्र में फंसे लगभग 500 यात्रियों को टेंट में ठहराया गया और उन्हें चाय व पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त, करीब 3000 यात्रियों ने सेना के लंगरों में शरण ली, जहां उन्हें आवश्यक आश्रय और भोजन प्राप्त हुआ। एक विशेष रूप से गंभीर मामला एक बीमार यात्री का था, जो दो भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के बीच रायलपथरी में फंसा हुआ था। भारतीय सेना की क्विक रिएक्शन टीमों ने बेहद चुनौतीपूर्ण मौसम में मैनुअल स्ट्रेचर के माध्यम से सुरक्षित रूप से उस यात्री को बचाया और आगे एम्बुलेंस द्वारा उसे चिकित्सा सहायता के लिए भेजा गया। कैंप निदेशक और भारतीय सेना के कंपनी कमांडर मौके पर मौजूद हैं और उन्होंने स्थिति को स्थिर और नियंत्रण में बताया है।

---

**8 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामला**

## सीबीआई ने 20 साल बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लंबे समय से फरार चल रहे घोषित अपराधी मणि एम शेखर को 8 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में, अपराध के लगभग दो दशक बाद, गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी उन्नत इमेज सर्च और तुलनात्मक उपकरणों की मदद से संभव हुई, जिससे उसके डिजिटल फुटप्रिंट्स का पता लगाने और उसकी वर्तमान पहचान स्थापित करने में मदद मिली। यह मामला 1 अगस्त 2006 का है, जब सीबीआई ने इंडो मार्क्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रामानुजम मुथुरामलिंगम शेखर उर्फ आरएम शेखर और इंडो मार्क्स एवं बीटीसी होम प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक उनकी पत्नी मणि एम शेखर सहित कई आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। दोनों ने कथित तौर पर 2002 और 2005 के बीच भारतीय स्टेट बैंक, ओवरसीज शाखा, बेंगलुरु के साथ 8 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने की साजिश रची थी। उन पर इंडो मार्क्स और उसकी सहयोगी कंपनियों के नाम पर गैर-फंड आधारित क्रेडिट सीमाओं का बेईमानी से दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था।

# राजस्थान में पेपर लीक पर सख्ती एसआईटी जांच करेगी : अमित शाह

**गृह मंत्री ने कांग्रेस शासनकाल को घेरा, वर्तमान सरकार की कार्रवाई की सराहना**

**एजेंसी। जयपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दादिया में कहा कि कांग्रेस के समय में पूरा राजस्थान पेपर लीक से त्रस्त था। अब एसआईटी गठित करके पेपर लीक करने वालों को कठोर संदेश देने का काम राजस्थान सरकार ने किया है। बता दें कि अमित शाह ने दादिया में सहकारिता सम्मेलन और रोजगार उत्सव का उद्घाटन किया। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित करने के संदर्भ में आयोजित किया गया। केंद्र सरकार ने राज्यों को सहकारिता से जुड़े 54 कार्य सौंपे हैं और राजस्थान का यह सम्मेलन उसी पहल का हिस्सा है। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान कृषि में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राज्य भर में 24 अनाज भंडारण गोदामों और 64 मिलेट्स बिक्री केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण 8,000 नवचयनित उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित करना रहा।

कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1,400 लाभार्थियों को लगभग 12 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। साथ ही, दूध उत्पादक सहकारी समितियों को 2,346 माइक्रो एटीएम सौंपे गए। महत्वपूर्ण पहल के तहत अमित शाह ने व्हाइट रिवॉल्यूशन 2.0 पीडीसीएस ऑनलाइन पंजीकरण मंच की शुरुआत की। कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद वे एक कार्यकारी दोपहर भोज में हिस्सा लेंगे, जहां शासन और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। कार्यक्रम से पहले शाह ने राजस्थान पुलिस के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### ऊंट संरक्षण, पेपर लीक पर सख्ती और सहकारिता वर्ष घोषित



अमित शाह ने कहा, "राजस्थान को पूरा देश ऊंटों की भूमि के रूप में जानता है। हमने कोऑपरेटिव का उपयोग करके ऊंटों की नस्ल संरक्षण और ऊंटनी के दूध के औषधीय गुणों के परीक्षण पर रिसर्च शुरू की है, जिससे आने वाले दिनों में ऊंटों के अस्तित्व पर कोई खतरा नहीं आएगा।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस के समय में पूरा राजस्थान पेपर लीक से त्रस्त था। एसआईटी गठित करके पेपर लीक करने वालों को कठोर संदेश देने का काम राजस्थान सरकार ने किया है। इसके साथ ही 4 साल के सहकारिता मंत्रालय ने 61 नए इनिशिएटीव्स के माध्यम से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है।" गृह मंत्री ने आगे कहा, "2025 का वर्ष 'सहकारिता वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' की शुरुआत करने के लिए भारत को चुना और प्रधानमंत्री मोदी ने 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' का उद्घाटन किया।

## बिहार में भय का माहौल, कोई भी सुरक्षित नहीं : तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने पटना के पारस अस्पताल में हुई फायरिंग की घटना पर नीतीश कुमार सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिहार में कोई भी, कहीं भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर एक बार फिर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं और नीतीश कुमार अचेत अवस्था में हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में दोनों उपमुख्यमंत्रियों को 'निकम्मा' करार दिया। तेजस्वी ने बिहार पुलिस के उस बयान पर भी तंज कसा, जिसमें कहा गया कि मानसून में अपराध बढ़ जाता है और इसलिए जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुश्किल है। तेजस्वी ने इसे 'क्रिमिनल डिसऑर्डर' करार देते हुए कहा कि बिहार में भय का माहौल है, जहां रोज हत्याएं और गंभीर अपराध हो रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई या कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने डबल इंजन सरकार पर भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने के आरोप लगाए, जिसमें एक इंजन भ्रष्टाचार और दूसरा अपराध को संरक्षण दे रहा है। बिहार की जनता अपराधीकरण से त्रस्त है और इस सरकार से राज्य का भला नहीं हो सकता। बिहार में भय का माहौल है और कोई भी सुरक्षित नहीं है। रोज हत्याएं और गैंगरेप जैसी घटनाएं हो रही हैं। कार्रवाई तो दूर की बात है, सुनवाई भी नहीं हो रही है। सीएम नीतीश कुमार की ओर से फ्री बिजली की घोषणा को तेजस्वी ने कॉपी पेस्ट बताया है।

**सिद्धारमैया ने दी भाजपा को सलाह,**

## दलित नेता को प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराधिकारी घोषित करने का बढ़िया मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को भाजपा को सुझाव दिया कि अब उसके पास अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक दलित नेता को नामित करने का सुनहरा मौका है क्योंकि नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो गए हैं और आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्रधानमंत्री के राजनीतिक संन्यास का संकेत दिया है। सिद्धारमैया ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को संबोधित एक मीडिया बयान में कहा कि उन्हें कांग्रेस पर समय बर्बाद करने के बजाय अपनी पार्टी पर विचार करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल की शुरुआत आप खुद से करें। दूसरों को उपदेश देने के बजाय, आप भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसी दलित नेता का नाम क्यों नहीं सुझाते? चाहे वह गोविंद करजोल हों या चलवाडी नारायणस्वामी, अगर आप उनके नाम प्रस्तावित करते हैं, तो मैं आपको सबसे पहले बधाई दूँगा। करजोल और नारायणस्वामी अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले भाजपा नेता हैं।

**बच्चे की कस्टडी पिता को देकर गलती हुई...**

## मासूम की पीड़ा सुन सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया अपना ही फैसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक 13 वर्षीय बच्चे की कस्टडी उसकी माँ को सौंपने के अपने आदेश को पलट दिया। अदालत ने पाया कि बच्चे में माँ से अलग होने के बाद चिंता की स्थिति पैदा हो गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष अदालत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसे मामलों में बच्चे के सर्वोत्तम हितों के अनुरूप लचीला रुख अपनाया जाना चाहिए। अगस्त 2024 में अपने पिछले आदेश में, शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा था जिसमें बच्चे की स्थायी कस्टडी उसके पिता को दी गई थी। हालांकि, बच्चे की मां ने एक मनोवैज्ञानिक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए एक समीक्षा याचिका दायर की, जिसमें संकेत दिया गया था कि वह चिंताग्रस्त है और उसे अलगाव चिंता विकार का उच्च जोखिम है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले आदेश के बाद पिता ने बच्चे को उसकी मां से न मिलने देने की धमकी दी, जिससे उसकी मानसिक स्थिति और खराब हो गई।

## बिहार के रोहतास में जदयू नेता के पिता की हत्या

**पटना।** पटना के पारस अस्पताल में गुरुवार सुबह चंदन मिश्रा की हत्या के बाद एक और हत्या से हड़कंप मच गया। रोहतास में जेडीयू के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ भोला के पिता पारसनाथ सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। पारसनाथ सिंह की हत्या सासाराम के तिलौथू प्रखंड के अमरा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, पारसनाथ सिंह ने दो महीने पहले गांव में एक गौशाला बनवाई थी, जहां वह अपने मवेशियों की देखभाल करने के लिए रहते थे और कभी-कभी अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए ऑटो-रिक्शा भी चलाते थे।

## विदेश नीति पर पाकिस्तान जैसी भाषा बोलते हैं राहुल गांधी : किरेन रिजिजू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के मानसून सत्र से पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और उन्हें राष्ट्र-विरोधी या देश के खिलाफ कुछ भी न बोलने की सलाह दी। रिजिजू ने विदेश नीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने के पीछे गांधी की मंशा पर सवाल उठाया और कहा कि देश के लिए अच्छा काम करने में विपक्ष की भी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश की विदेश नीति पर प्रधानमंत्री की आलोचना करने से देश का भला नहीं होगा। देश के विकास में विपक्ष की भी भूमिका है। संसद में चर्चा होगी, लेकिन विदेश नीति पर दो राय नहीं होनी चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर पाकिस्तान की भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह से गांधी विदेश नीति पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, उससे देश को नुकसान होता है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान, हमने विदेश नीति को लेकर प्रधानमंत्री पर अलग से हमला नहीं किया। जिस तरह से राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोलकर विदेश नीति पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, उससे देश को नुकसान होता है। हम उन्हें सलाह देंगे कि विपक्ष के नेता होने के नाते उन्हें देश-विरोधी कुछ भी नहीं कहना चाहिए। रिजिजू की यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकात को लेकर हमला करने के एक दिन बाद आई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। मन प्रसन्न बना रहेगा।

**सिंह :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत: आलस्य का त्याग करें।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।

**असम में आईईडी विस्फोट की साजिश मामला**

## एनआईए ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



असम के दिसपुर में उल्फा (आई) आतंकी संगठन द्वारा 2024 के स्वतंत्रता दिवस पर विस्फोट की साजिश के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने विस्फोट की साजिश के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। असम के दिसपुर में स्वतंत्रता दिवस 2024 को उल्फा (आई) आतंकी संगठन द्वारा आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाने की साजिश के मामले में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों की पहचान डिब्रूगढ़ जिले के निवासी भार्गोब गोगोई और सुमु गोगोई के रूप में हुई है, जो इस साजिश में सीधे तौर पर शामिल थे। एनआईए के मुताबिक, आरोपियों का मकसद असम में कई जगहों पर विस्फोट कर देश की सुरक्षा और अखंडता को खतरा पहुंचाना था। इनकी गिरफ्तारी के साथ इस मामले (आरसी-03/2024/एनआईए-जीयूडब्ल्यू) में कुल तीन लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। एनआईए ने सितंबर 2024 में दिसपुर पुलिस से इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 13 जून को असम में स्वतंत्रता दिवस 2024 के दौरान कई स्थानों पर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की साजिश रचने के मामले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन उल्फा (आई) के तीन सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए की जांच में पता चला कि ये आरोपी गुवाहाटी के दिसपुर लास्ट गेट सहित असम के कई इलाकों में स्वतंत्रता दिवस समारोह (2024 में) को बाधित करने के लिए आईईडी लगाने की साजिश में शामिल थे। बता दें कि असम के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट ने अपने बयान में दावा किया था।

## केजरीवाल के घोटाले दिल्ली के लोगों के सामने आएंगे : पंकज सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' में वर्ष 2021-22 के दौरान गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर अब इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) वित्तीय अनियमितताओं की जांच करेगी। दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज कुमार सिंह ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि पिछली सरकार घोटालों की सरकार थी और ऐसे कई मामले अभी सामने आने बाकी हैं। मैं एलजी का आभार करना चाहता हूं। दिल्ली की जनता को केजरीवाल ने धोखा दिया है। उनके कार्यकाल में जितने भी घोटाले हुए हैं, उसकी सच्चाई दिल्ली के सामने आएगी। अब पंजाब में भी आम आदमी पार्टी सरकार के घोटालों की पोल खुलेगी। 'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' की जांच पर दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि अगर एलजी ने जांच के आदेश दिए हैं।

**मुफ्त बिजली** | नीतीश कुमार ने 17 दिन में लिए 10 बड़े फैसले

# बिहार के लोगों को अब मुफ्त मिलेगी 125 यूनिट बिजली

- **इस फैसले से 1 करोड़ 67 लाख रुपए परिवारों को होगा लाभ**

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बड़ा ऐलान किया। ये फ्री बिजली को लेकर था। सीएम की ये घोषणा 1 करोड़ 67 लाख लोगों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते 17 दिनों में जन कल्याण से जुड़े 10 अहम फैसले लिए हैं। इनमें युवा, बुजुर्ग, कलाकार, महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों का खास ख्याल रखा गया है। नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक दिन में ही दो घोषणाएं कीं। एक फैसले में उन्होंने बिहार की जनता को 125 यूनिट तक फ्री बिजली का तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। सीएम नीतीश कुमार के मुताबिक, इस फैसले से राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। इसी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'कुटीर ज्योति योजना' पर बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। कुटीर ज्योति योजना के तहत जो गरीब परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी। इससे पहले, 16 जुलाई को बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर उठाया। मुख्यमंत्री नीतीश ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना और नियुक्ति के लिए जल्द टीआरई-4 की परीक्षा लेने को कहा। इन नियुक्तियों में भी 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को दिया जाएगा।

13 जुलाई को बिहार सरकार ने प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार की 'गारंटी' दी।

### बिहार में फ्री बिजली मिलने से गरीबों को राहत : केसी त्यागी



**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस फैसले को गरीब हित में ऐतिहासिक बताया है, जिसमें मुख्यमंत्री ने बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए हर माह 125 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा की है। नीतीश सरकार के फैसले पर जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि यकीनन यह फैसला सराहनीय है। गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि मैं बिहार सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करता हूं।

## ग्लोबल सुपर लीग 2025

### हरिकेंस को हराकर फाइनल में पहुंचे वॉरियर्स



नई दिल्ली (आईएएनएस)

गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने गुरुवार को ग्लोबल सुपर लीग-2025 के नौवें मैच में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका सामना रंगपुर राइडर्स से होगा। इस मुकाबले के हीरो गुडाकेश मोती रहे, जिन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा उपयोगी 19 रन बनाए। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी होबार्ट हरिकेंस की टीम 16.1 ओवरों में 125 के स्कोर पर सिमट गई। हरिकेंस ने 14 के स्कोर तक अपने दो विकेट खो दिए, जिसके बाद टीम निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाती गई। हरिकेंस के लिए फेबियन एलन ने सर्वाधिक 28 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान बेन मैकडरमोट, निखिल चौधरी और मोहम्मद नबी ने 21-21 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक तीन शिकार किए, जबकि मोईन अली और इमरान ताहिर को 2-2 विकेट हाथ लगे। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम ने 16.3 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। हालांकि, वॉरियर्स की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही थी। बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष तीन खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। वॉरियर्स 42 के स्कोर तक अपने इन बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी।

### बेलिंगहैम ने करवाई कंधे की सर्जरी, ला लीगा मैच से बाहर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने अपने कंधे की सफल सर्जरी करवाई है। ऐसे में अब बेलिंगहैम को कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रहना होगा। वह ला लीगा के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल सकेंगे। बेलिंगहैम को नवंबर 2023 से कंधे में तकलीफ थी। ला लीगा मैच के दौरान उनका कंधा खिसक गया था। तभी से बेलिंगहैम अपनी जर्सी के नीचे सपोर्ट ब्रेस पहनकर खेलते रहे। बेलिंगहैम ने क्लब वर्ल्ड कप के बाद ही सर्जरी कराने का फैसला किया था, ताकि रियल मैड्रिड के लिए उस टूर्नामेंट में खेल सकें। हालांकि, उनकी टीम सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से हारकर बाहर हो गई थी। रियल मैड्रिड ने अपने बयान में कहा, "बार-बार होने वाले खिसकाव की समस्या के इलाज के लिए जूड बेलिंगहैम के कंधे की सर्जरी हुई। यह ऑपरेशन डॉक्टर मैनुएल लेयेस और एंड्रयू वालेस ने रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज की निगरानी में किया। अब बेलिंगहैम रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे, जिसके बाद ट्रेनिंग शुरू कर सकेंगे। स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड अब नए मैनेजर शाबी अलोंसो के नेतृत्व में है। टीम 19 अगस्त को ओसासुना के खिलाफ घरेलू मैच से ला लीगा सीजन की शुरुआत करेगी।




# प्रगनानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

## लास वेगास टूर्नामेंट में टॉप पर, मैग्नस को 30 दिन में दो बार हरा चुके हैं गुकेश

नई दिल्ली। एजेंसी

भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं।

**प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे :** मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पॉइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फॉर्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे।

**चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा :** प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोदिर बेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे।

प्रगनानंदा ने अपनी लय को बरकरार रखते हुए तीसरे राउंड में काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया। चौथे राउंड में प्रगनानंदा वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के साथ संयुक्त रूप से टॉप पोजीशन पर पहुंच गए हैं।

### प्रगनानंदा के पिता बैंक में काम करते हैं, मां संभालती है घर

प्रगनानंदा का जन्म 10 अगस्त 2005 को चेन्नई में हुआ। उनके पिता स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में काम करते हैं, जबकि मां नागलक्ष्मी एक हाउसवाइफ हैं। उनकी बड़ी बहन वैशाली आर भी चेस खेलती हैं। प्रगनानंदा का नाम पहली बार चर्चा में तब आया, जब उन्होंने 7 साल की उम्र में वर्ल्ड यूथ चेस चैंपियनशिप जीती थी। तब उन्हें फेडरेशन इंटरनेशनल डेस एचेक्स (FIDE) मास्टर की उपाधि मिली। प्रगनानंदा 10 साल की उम्र में 2016 में शतरंज के सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर बने थे। वे 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए। इससे पहले, वे 2016 में यंगेस्ट इंटरनेशनल मास्टर बनने का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। तब वे 10 साल के ही थे। चेस में ग्रैंडमास्टर सबसे ऊंची कैटेगरी वाले खिलाड़ियों को कहा जाता है। इससे नीचे की कैटेगरी इंटरनेशनल मास्टर की होती है। भारत के टॉप चेस प्लेयर्स में शुमार डी गुकेश, मैग्नस कार्लसन को एक महीने में दो बार हरा चुके हैं। गुकेश ने कार्लसन को 2 जून को नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में हराया था।

## छत्तीसगढ़ की बेटी ने ताइवान में रचा इतिहास एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

रायपुर (आईएएनएस)




कोंडागांव की बेटी रंजीता कोरेटी ने ताइवान में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक्स' पर रंजिता को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए लिखा, "कोंडागांव की बिटिया रंजीता कोरेटी ने ताइपे में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। रंजीता की यह उपलब्धि न केवल कोंडागांव, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। हमारी बेटियां अब वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा, "राज्य बाल कल्याण परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग और समर्पित प्रशिक्षकों के सहयोग से रंजीता ने कठिन परिश्रम, लगन और अदम्य आत्मविश्वास के साथ यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने रंजीता को लड़कियों के लिए प्रेरणा बताते हुए लिखा, "मैं रंजीता कोरेटी को हृदय से बधाई देता हूं। उनकी सफलता हम सभी के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि अगर मौका और मार्गदर्शन मिले, तो बेटियां हर ऊंचाई को छू सकती हैं। हमारी सरकार बेटियों को हर स्तर पर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला एवं बाल विकास विभाग और आईटीबीपी के सहयोग से रंजीता को जूडो की ट्रेनिंग दी गई थी।

## पैट्रिक मोरोनी बने साउथ अफ्रीका पुरुष टीम के नए संयोजक चयनकर्ता

जोहान्सबर्ग (आईएएनएस)



क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने पैट्रिक मोरोनी को राष्ट्रीय पुरुष टीम का नया संयोजक चयनकर्ता नियुक्त किया है। साल की शुरुआत में, सीएसए ने इस पद को फिर से शुरू करने की घोषणा की थी, जिसके लिए 29 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए थे। विक्टर म्पित्सांग के साल 2023 में हटने के बाद से यह पद खाली था। उनके जाने के बाद टेस्ट कोच शुक्री कोनराड और सीमित ओवरों के कोच रॉब वॉल्टर टीमों का चयन करते थे, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के बाद जब वॉल्टर ने पद छोड़ा, तो कोनराड ने सभी फॉर्मेट्स की जिम्मेदारी संभाल ली। पैट्रिक मोरोनी ने स्कूल स्तर पर खेल और मार्केटिंग निदेशक के रूप में काम किया है। वह कई चयन समितियों का हिस्सा रहे हैं, जिनमें यूथ मेंस टैलेंट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम और लायंस क्रिकेट के चीफ सेलेक्टर जैसे पद शामिल हैं।

## त्रिकोणीय सीरीज

### 10 साल बाद टी20 फॉर्मेट में न्यूजीलैंड को चुनौती देगा जिम्बाब्वे

नई दिल्ली (आईएएनएस)



जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के बीच लॉर्ड्स में 18 जुलाई को त्रिकोणीय टी20 सीरीज का तीसरा मैच खेला जाना है। करीब 10 साल बाद दोनों टीमें इस फॉर्मेट में एक-दूसरे को चुनौती देने जा रही हैं। दोनों टीमों के बीच टी20 इतिहास में अब तक कुल छह मैच खेले गए हैं, जिसमें सभी मुकाबले न्यूजीलैंड ने जीते। इस फॉर्मेट में आखिरी बार अगस्त 2015 में दोनों टीमों की भिड़ंत हुई थी। न्यूजीलैंड ने अक्टूबर 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सात रन से जीत दर्ज की थी। इसके बाद साल 2011 में दोनों देशों के बीच दो मुकाबले खेले गए, जिसमें न्यूजीलैंड ने क्रमशः 10 विकेट और 34 रन से जीत हासिल की। इसके बाद साल 2012 में दोनों टीमें दो बार आमने-सामने आईं, जिसमें न्यूजीलैंड ने क्रमशः सात और पांच विकेट से जीत दर्ज की।

दोनों देश अगस्त 2015 में आखिरी बार इस फॉर्मेट में आमने-सामने आए, जिसमें जिम्बाब्वे को 80 रन से हार झेलनी पड़ी। न्यूजीलैंड इस त्रिकोणीय सीरीज में अपना पहला मैच जीत चुकी है, जबकि जिम्बाब्वे को अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### पलानी, भटनागर और क्लेयर का आईसीसी मुख्य कार्यकारी समिति के लिए चयन

नई दिल्ली (आईएएनएस)

गुरुमूर्ति पलानी, अनुराग भटनागर और गुरदीप क्लेयर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रभावशाली मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) के लिए चुना गया है। फ्रांस के गुरुमूर्ति पलानी, हांगकांग के अनुराग भटनागर और कनाडा के गुरदीप क्लेयर ने मुख्य कार्यकारी पदों के लिए चुनाव में जीत हासिल की, उन्होंने सुमोद दमोदर (बोत्सवाना) और शंकर रंगनाथन (सिएरा लियोन) को पछाड़ा। चुनाव जीतने वालों की पुष्टि उनके संबंधित बोर्ड के सोशल मीडिया हैंडल पर की गई। दामोदर और रेंगनाथन के अलावा, टिम कटलर (वानुअतु), स्टेला सियाले (समोआ) और सारा गोमर्सल (जर्सी) भी सीईसी चुनावों में शामिल थे। इस चुनाव में अमेरिका, एशिया, अफ्रीका, यूरोप और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 40 सहयोगी सदस्य और पांच क्षेत्रीय प्रतिनिधि शामिल थे। सीईसी, आईसीसी के सबसे शक्तिशाली बोर्ड में से एक है, जिसमें सभी पूर्ण सदस्य देशों के बोर्ड प्रतिनिधि और निर्वाचित एसोसिएट प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

## भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर रच दिया इतिहास...

नई दिल्ली (आईएएनएस)



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथैम्प्टन में खेले गए पहले वनडे मैच को चार विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ भारत ने मेजबान इंग्लैंड को शिकस्त देते हुए इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 48.2 ओवरों में हासिल कर लिया। इसी के साथ भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड में वनडे फॉर्मेट में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की है। यह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ा सफल रन चेज भी है। भारतीय महिला टीम ने वनडे फॉर्मेट में रनों का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दर्ज की है, लेकिन यह मुकाबला साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था। साउथैम्प्टन में खेले गए पहले वनडे मुकाबले की बात करें, तो इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनते हुए छह विकेट गंवाकर 258 रन बनाए। मेजबान टीम 20 के स्कोर तक सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से एम्मा लैंब ने कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। लैंब ने 50 गेंदों में चार चौकों की मदद से 39 रन बनाए, जबकि ब्रंट ने 52 गेंदों मे 41 रन की पारी खेली। टीम ने 97 के स्कोर तक इन दोनों बल्लेबाजों के भी विकेट गंवा दिए। इसके बाद सोफिया डंकले ने एलिस डेविडसन रिचर्ड्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 106 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूत स्कोर की ओर पहुंचाया। डंकले 92 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि रिचर्ड्स ने 73 गेंदों में 53 रन की पारी खेली। इनके अलावा सोफी एक्लेस्टोन 23 रन बनाकर नाबाद रहीं।

मेहमान टीम के लिए स्नेह राणा और क्रांति गौड़ ने दो-दो शिकार किए, जबकि अमनजोत कौर और श्री चरणी को एक-एक सफलता हाथ लगी। इसके जवाब में भारत ने 10 गेंदें शेष रहते जीत दर्ज कर ली। प्रतिका रावल ने स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 48 रन जुटाए।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत 40 देशों से खरीदता है तेल, रूसी तेल पर प्रतिबंध से कोई चिंता नहीं : हरदीप

नई दिल्ली (आईएएनएस)




केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने वैश्विक बाजार में तेल खरीदने के अपने स्रोतों में विविधता ला दी है, इसलिए सरकार रूस के तेल निर्यात पर अमेरिका की किसी भी कार्रवाई को लेकर चिंतित नहीं है। ऊर्जा वार्ता 2025 में केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि भारत वर्तमान में 40 देशों से तेल खरीदता है, जबकि 2007 में यह संख्या 27 थी और वैश्विक बाजार में इसकी पर्याप्त आपूर्ति है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, "बाजार में बहुत सारा तेल उपलब्ध है। ईरान और वेनेजुएला वर्तमान में प्रतिबंधों के अधीन हैं। लेकिन क्या वे हमेशा के लिए प्रतिबंधों के अधीन रहेंगे? ब्राजील, कनाडा और अन्य सहित कई देश उत्पादन बढ़ा रहे हैं। मैं अभी आपूर्ति को लेकर अनावश्यक रूप से चिंतित नहीं हूं। हमने अपने स्रोतों में विविधता ला दी है।" केंद्रीय मंत्री का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर सेकेंड्री सेंक्शन लगाने की घोषणा की पृष्ठभूमि में आया है। 15 जुलाई को ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर यूक्रेन के साथ 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं हुआ तो वे रूस पर गंभीर व्यापार प्रतिबंध लगा देंगे। ट्रंप ने कहा कि रूसी निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिए जाएंगे साथ ही उन्होंने रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी। ट्रंप की धमकियों पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, "मैंने ये धमकियां सुनी हैं। कुछ बयान दो विवादित पक्षों के बीच किसी मुद्दे को सुलझाने के लिए दिए जाते हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि मॉस्को से भारत की तेल खरीद ने वैश्विक बाजार में कीमतों को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 2022 में जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, तब भारत-रूस तेल व्यापार के अभाव में कच्चे तेल की कीमतें 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती थीं। रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले भारत अपने कच्चे तेल के आयात का मात्र 0.2 प्रतिशत मॉस्को से खरीदता था। आज यह लगभग 40 प्रतिशत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की कीमत हमेशा 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा के अंतर्गत रही है, लेकिन उस पर कभी प्रतिबंध नहीं लगे। उन्होंने कहा कि भारत प्रतिबंधों के अधीन किसी देश से कच्चा तेल न खरीदने के अपने रुख पर अड़ा हुआ है।

### वारी रिन्यूएबल का मुनाफा अप्रैल-जून अवधि में तिमाही आधार पर 8.5% घटा

**मुंबई।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज ने गुरुवार को कहा कि अप्रैल-जून अवधि (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) में उसका शुद्ध लाभ तिमाही आधार पर 8.51 प्रतिशत घटकर 86.3 करोड़ रुपए रह गया है, जबकि पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही) में कंपनी का शुद्ध लाभ 94 करोड़ रुपए था। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार, परिचालन से प्राप्त राजस्व समीक्षाधीन तिमाही में 603 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में यह 476.5 करोड़ रुपए था।

### अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 7,150 करोड़ रुपए जुटाए

**अहमदाबाद।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी विल्मर इंटरनेशनल की सहायक कंपनी, लेंस प्राइवेट लिमिटेड को 275 रुपए प्रति शेयर की दर से बेचने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस डील से एईएल को करीब 7,150 करोड़ रुपए मिलेंगे। इस ताजा डील के बाद एडब्ल्यूएल में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विल्मर एक बड़ा शेयरधारक बन जाएगा। एईएल की सहायक कंपनी, अदाणी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) के पास वर्तमान में एडब्ल्यूएल में 30.42 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह बिक्री अदाणी द्वारा एडब्ल्यूएल में अपनी पूरी 44 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश और एफएमसीजी ज्वाइंट वेंचर से बाहर निकलने की योजना का अगला चरण है।

### शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 375 अंक फिसला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स 375.24 अंक या 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,259.24 और निफ्टी 100.60 अंक या 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,111.45 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 101.55 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,519.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 22.75 अंक या 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,117.30 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा हरे निशान में बंद हुए। फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और एनर्जी लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, ट्रेंट, टाइटन, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), एलएंडटी, टीसीएस, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे।

### एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस होने से वैश्विक स्तर पर आईटी खर्च 5.43 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली (आईएएनएस)


2025 में दुनिया भर में आईटी खर्च 5.43 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। इसकी वजह एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक फोकस होना है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। आईटी कंसल्टेंसी फर्म गार्टनर ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण कारोबार में मंदी के बावजूद एआई केंद्रित इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च आईटी क्षेत्र में खर्च को बढ़ावा देगा। गार्टनर के विशिष्ट उपाध्यक्ष विश्लेषक जॉन-डेविड लवलॉक ने कहा, "वैश्विक अनिश्चितता में वृद्धि के कारण शुद्ध-नए खर्च पर व्यावसायिक विराम है,




लेकिन एआई और जनरेटिव एआई (जेनएआई) डिजिटलीकरण पहलों के कारण यह प्रभाव कम हो रहा है। उदाहरण के लिए, अनिश्चितता के कारण 2025 में सॉफ्टवेयर और सेवाओं पर खर्च की वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है, लेकिन डेटा सेंटर सिस्टम जैसे एआई से संबंधित इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में वृद्धि जारी है। लवलॉक ने कहा, "जेनएआई के कारण डेटा केंद्रों में तेजी देखी जा रही है, और एआई अनुकूलित सर्वरों पर खर्च, जो 2021 में लगभग न के बराबर था, 2027 तक पारंपरिक सर्वरों की तुलना में तीन गुना बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिस्पर्धात्मकता एक प्रमुख कारण है, जिसके कारण कंपनियां इस बिगड़ते परिवेश में टेक्नोलॉजी और व्यावसायिक परिवर्तन में निवेश करेंगे।

### सोना-चांदी के दाम में मामूली गिरावट लगातार तीसरे दिन कम हुई कीमतें

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। 24 कैरेट



के सोने की कीमतों में बुधवार के मुकाबले 47 रुपए की मामूली गिरावट आई है। वहीं, चांदी की कीमत भी लगभग 200 रुपए कम हो गई है।इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 47 रुपए कम होकर 97,453 रुपए हो गया है, जो कि पहले 97,500 रुपए था। इसी तरह 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 43 रुपए कम होकर 89, 267 रुपए हो गया है, जो कि पिछले कारोबारी दिन 89,310 रुपए दर्ज किया गया था।

### भारत का मेडिकल टूरिज्म मार्केट 2035 तक 58.2 अरब डॉलर होगा

**नई दिल्ली।** भारत का मेडिकल टूरिज्म मार्केट 2025 में 18.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2035 तक 58.2 अरब डॉलर का हो जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) द्वारा केपीएमजी के सहयोग से तैयार की गई इस रिपोर्ट में 2035 तक ग्लोबल मेडिकल कब बनने के देश के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को दर्शाया गया है, जो 12.3 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ रहा है। यह रिपोर्ट एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय रणनीति की भी रूपरेखा प्रस्तुत करती है जो भारत की क्लिनिकल विशेषज्ञता को उसकी सदियों पुरानी स्वास्थ्य परंपराओं के साथ इंटीग्रेट करती है, जिसका लक्ष्य देश को मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) के लिए दुनिया का सबसे विश्वसनीय गंतव्य बनाना है।

# न्यूज बॉक्स

## रेंजर ने भुक्तभोगी को सौंपा 50 हजार का चेक

**टंडवा (चतरा)।** वन्यजीवों से सर्वाधिक प्रभावित मारंगलोइया गांव के भुक्तभोगी सरिता देवी को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने गुरुवार को आपदा कोष से 50 हजार रुपए का चेक सौंपा गया। बताया गया कि जून 2024 में जंगली हाथियों ने भुक्तभोगी के दो पालतू पशुओं को कुचलकर मार दिया था। विभागीय स्वीकृति मिलते ही रेंज आफिस में बुलाकर उसे चेक दे दी गई। इस मौके पर वनपाल सुनील कुमार उरांव और वनरक्षी सत्यनारायण रविदास मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह की अगुवाई में चंदवा पुलिस बल की टीम के द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। चकला पंचायत के बसार टोला गांव से बालेश्वर तुरी को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा भेज दिया गया। पुसिल ने बताया कि बालेश्वर तुरी के विरुद्ध युवती के साथ यौन शोषण का आरोप है। मामले में चंदवा थाना में पीड़िता द्वारा दिए आवेदन के आलोक में चंदवा थाना में कांड संख्या 170/25 दर्ज है। छापामारी अभियान में चंदवा पुलिस के पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## पत्रकार की मां का निधन, शोक की लहर

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के प्रख्यात पत्रकार संजय राम की माता अजंती देवी (75) का निधन बुधबार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र व जिले में शोक की लहर दौड़ गई। समाजसेवी व प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को सांत्वना दी। समाजसेवी राजुरामवृक्ष लोहार ने कहा कि उनकी माता जी के निधन से गहरा आघात पहुंचा है। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं समाज सेवी एवं प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## परियोजना निदेशक ने किया स्कूल का निरीक्षण

**लातेहार।** परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण गगराई ने गुरुवार को सदर प्रखंड के नेगाई गांव स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सत्र की शुरूआत 19 जुलाई को होगी। चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक प्रकाश राम और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। प्रवीण गगराई ने आगे बताया कि नेगाई स्थित विद्यालय में इस बार 155 बच्चों का नामांकन किया गया है। बरवाडीह प्रखंड के मंगरा स्थित विद्यालय में सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा। यहां 166 बच्चों का नामांकन है। गारू प्रखंड के विद्यालय में सत्र 23 जुलाई से शुरू होगा। यहां 144 छात्र नामांकित हैं। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों की नियुक्ति पूरी हो चुकी है। हर विद्यालय में विषयवार आठ शिक्षक जनवरी में ही बहाल कर दिए गए थे। ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

## कस्तूरबा विद्यालय के प्रतीक्षालय में गिरा पेड़

**चंदवा।** शहर से सटे कुसुम टोली स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रवेश द्वार के समीप एक विशालकाय पेड़ भारी बारिश के बीच गिर गया। जिससे विद्यालय का चहारदीवारी, अभिभावक प्रतीक्षालय व गार्ड रूम क्षतिग्रस्त हो गया। वार्डन प्रीति कुमारी ने बताया कि चहारदीवारी क्षतिग्रस्त होने से छात्राओं के सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है। वार्डन ने आगे बताया कि मामले में प्रबंधन की ओर से वन विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है, साथ ही गिरे पेड़ को अतिशीघ्र हटाने की गुहार लगाई गई है। बता दें कि इस मानसून हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पूरे प्रखंड में काफी नुकसान हुआ है। दर्जनों गरीबों का आशियाना ध्वस्त हो गया है साथ ही कई स्थानों पर पेड़ गिरने से क्षति पहुंची है।

## किसानों के बीच बीज का वितरण

**चंदवा।** गुरुवार को प्रखंड के जमीरा पंचायत के चतरो और अनगड़ा गांव में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय ने 50 किसानों के बीच उरद और बादाम के बीज का वितरण किया। इस दौरान पांडेय ने बताया कि बीज वितरण का उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराना और खरीफ मौसम में दलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाना है। उन्होंने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

## बीडीओ ने की योजनाओं की विभागवार समीक्षा

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने की। बैठक में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें शिक्षा विभाग,आपूर्ति विभाग,बिजली विभाग,स्वास्थ्य विभाग,बाल विकास परियोजना, मनरेगा,प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास,कृषि विभाग, जेएसएलपीएस,सामाजिक सुरक्षा,कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग समेत अन्य विभागों से संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा के उपरांत विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। बीडीओ ने स्पॉन्सर शिप और आधार सीडिंग, पशु टीकाकरण, कृषि विभाग से बीज वितरण संबंधित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय, आवास योजना के प्रखंड समन्वयक कुशध्वज कुमार, लव कुमार, महिला पर्यवेक्षिका अंजू देवी, शिक्षा विभाग के प्रतीक सिन्हा, विल्सन लकड़ा, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, रोहित मेहता, अमित कुमार, सुमित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## ओल्ड एज होम पहुंचे भूमि संरक्षण पदाधिकारी

**लातेहार।** पवित्र सावन माह शुरू हो चुका है। बाबा के भक्त भोलेनाथ पर जल अर्पन करने के लिए कई कई किलोमीटर पैदल चल रहे है। इधर इस पवित्र माह में भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने एक ऐसा कार्य किया जो हमारे समाज के के लिए प्रेरणा स्वरूप है। उनसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनकी सेवा की जिन्हें उनके ही बाल बच्चों ने वृद्धाश्रम छोड़ दिया है। जिन्होंने अपने बच्चों के भविष्य के लिए क्या-क्या जतन नहीं किया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने इन्हीं लोगों से मिलने करकट स्थित ओल्ड एज होम पहुंचे। उनसे मिल उनका मुंह मीठा कराया और उनके साथ समय व्यत्ति किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम आज अपनी संस्कृति और संस्कार भूलते जा रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने कभी अपने माता को नहीं छोड़ा, बल्कि की उनकी सेवा में लगे रहे। आज समाज में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो अपने माता पिता को बोझ समझ लेते हैं और उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं, ऐसा नहीं करना चाहिए। यह बहुत बड़ा पाप है। माता पिता भगवान के स्वरूप हैं, उनकी सेवा करनी चाहिए, ना की छोड़ देनी चाहिए।

**बुजूर्गों ने कहा आते रहिएगा, मन लगता है :** काफी देर रूकने के बाद जब भूमि संरक्षण पदाधिकारी वहां से निकलने लगे तो ओल्ड एज होम में रह रहे बुजूर्गजन भावुक नजर आए और कहा कि आप जैसे लोग आते हैं तो हमें भी मन लगता है, आते रहा कीजिए। भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि मैं जब तक लातेहार जिले में हूं आते रहूंगा। आप हमें अधिकारी ना समझे अपना बेटा ही मानें।


**बाल आश्रय गृह भी पहुंचे भूमि संरक्षण पदाधिकारी :** भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा जिला मुख्यालय के केशवर आहरा पास स्थित बाल आश्रय गृह भी पहुंचे। यहां पर उन्होंने बच्चों के बीच मिठाईयां बांटी और बच्चों से बातें की। इस दौरान मौजूद बच्चों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। इस दौरान विवेक मिश्रा ने बच्चों से पढाई को लेकर कुछ सवाल भी पूछे, जिसका बच्चों ने शालिनता से उत्तर दिया।

मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा के साथ जितेंद्र श्रीवास्वत, मो दिलशाद, शैलेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, पुष्पा देवी, अफसाना बीबी, आदितय सोनी, कोमल कुमार मौजूद रहीं।

## 95 लाख की लागत से बना म्यूजिकल फाउंटेन बर्बादी की कगार पर

# नगर निगम की लापरवाही से वर्षों से बंद, लोहे की पाइपों में लग चुका है जंग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के हृदयस्थल अंबेडकर पार्क में स्थापित म्यूजिकल फाउंटेन तीन वर्षों से बंद पड़ा है, और इसकी मरम्मत या संचालन को लेकर नगर निगम पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। करीब 95 लाख रुपये की लागत से जनता के मनोरंजन और पर्यटन की दृष्टि से इसे तैयार किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों तक चालू रहने के बाद यह पूरी तरह ठप पड़ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुरुआत में फाउंटेन की खूबसूरती देखने आने वालों की भीड़ उमड़ती थी, लेकिन कुछ ही समय में तकनीकी या प्रशासनिक लापरवाही से इसे बंद कर दिया गया। अब यह फाउंटेन जर्जर हो चुका है, और इसके बीच लगे लोहे के पाइपों में जंग लग चुकी है। गौरतलब है कि म्यूजिकल फाउंटेन की शुरुआत के समय जनप्रतिनिधियों में श्रेय लेने की होड़ मची थी, लेकिन जब से यह बंद हुआ, तब से किसी ने पलटकर इसकी सुध नहीं ली।

नगर निगम की ओर से बड़ा तालाब की खूबसूरती बढ़ाने को लेकर कई योजनाएं बनाई गईं, लेकिन तालाब में अब जलकुंभी और गंदगी का साम्राज्य है। न तो पर्याप्त जल उपलब्ध है और न ही नियमित सफाई होती है।बीते वर्ष तत्कालीन नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर फाउंटेन को दोबारा शुरू करने की योजना बनी थी और तकनीकी जांच भी कराई गई थी। इससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि रंग-बिरंगे फव्वारों की छटा एक बार फिर दिखेगी, मगर वह सपना अब तक अधूरा है। इस संबंध में पूछे जाने पर नगर निगम की सिटी मैनेजर शमिता भगत ने बताया कि म्यूजिकल फाउंटेन को दोबारा शुरू करने का प्रयास चल रहा है, लेकिन जलकुंभी और जलस्तर की समस्या के कारण देरी हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब लाखों रुपये खर्च कर कोई परियोजना तैयार की जाती है, तो उसकी देखरेख की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा?

## डीजीपी से मिले युवा नेता रुद्र शुक्ला



**मेदिनीनगर।** पांकी से पूर्व विधायक प्रत्याशी रूद्र कुमार शुक्ला ने डीजीपी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान युवा नेता रुद्र शुक्ला ने पांकी विधानसभा क्षेत्र और पलामू जिला के वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था से डीजीपी को अवगत कराया। संबंधित कुछ बातों से श्रीमान को अवगत कराया। उन्होंने डीजीपी से पांकी विधानसभा के सुदूरवर्ती इलाको में अपराध पर पूर्णतः लगाम लगाने की मांग की। रुद्र शुक्ला ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जल्द पलामू आने की बात कही।

## हाथियों के झुंड ने बनवारी उरांव का घर को किया ध्वस्त, पूरा परिवार हुआ बेघर

**बालूमाथ।** इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बुधवार की वन क्षेत्र के झाबर पंचायत स्थित कुशी टोला में जंगली हाथियों के झुंड ने बनवारी उरांव के घर को तोड़कर घर में रखे सामान को तहस-नस कर दिया। जिससे बनवारी उरांव एवं उनका पूरा परिवार घर से बेघर हो गए। इस मूसलाधार बरसात में बनवारी एवं उनका पूरा परिवार रहने और खाने का समस्या उत्पन्न हो गया है। बनवारी उरांव ने प्रखंड एवं जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। घटना की सूचना पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझु पीड़ित परिवार से मिलें एवं हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं वन कर्मियों से घटना की फोन कर जानकारी दी। प्रदीप गंझू ने पीड़ित परिवार को फिलहाल सिर छूपाने के लिए पास के गांव में स्थित धूमकुड़िया भवन में प्रखंड पदाधिकारी को जानकारी देकर व्यवस्था कराई है। गंझू ने पीड़ित परिवार को अपने निजी खर्चे से 50 किलो चावल दाल इत्यादि राशन उपलब्ध कराई है। मौके पर प्रदीप गंझू ने वन विभाग से पीड़ित परिवार का हुए नुकसान को यथाशीघ्र मुआवजा देने की मांग की एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से इस परिवार को नया आवास देने और त्वरित सहयोग करने की मांग किया है।

## स्वर्णकार के प्रतिष्ठान में चोरी सीसीटीवी में कैद हुई घटना

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शहर के पानी टंकी के चंदनडीह रोड स्थित रूपम ज्वेलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। तीन अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर घटना को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। फुटेज में पहले एक चोर शटर का लॉक तोड़ता दिख रहा है। इसके बाद तीनों चोर पास आते हैं। दो चोर शटर उठाकर अंदर घुसते हैं। दुकान में रखे सामान को झोले में भरकर निकल जाते हैं। तीसरा चोर बाहर की गतिविधि की निगरानी करता है। दुकान मालिक नरेश सोनी ने बताया कि रात में ताला लगाकर घर गए थे। सुबह आए तो शटर का ताला टूटा मिला। सीसीटीवी देखा तो तीन चोर चोरी करते दिखे। चोर दुकान से करीब 50 हजार रुपए की चांदी समेत अन्य सामान ले गए। दुकान के मेन लॉकर को नहीं तोड़ सके, इसलिए ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। मामले की शिकायत थाने में की गई है। थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो ने बताया कि तीन चोरों ने मिलकर चोरी की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। मामले की जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। इधर, चोरी की घटना के बाद झारखंड स्वर्णकार संघ में आक्रोश है। संघ के उमेश सोनी, मोती सोनी, आशीष सोनी, संजय सोनी ने कहा कि चोर बेलगाम होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस मामले की जल्द खुलासा नहीं हुई तो हम लोग आंदोलन करेंगे।

### जिस स्कूल में की पढ़ाई, उसी स्कूल में की चोरी, गिरफ्तार

**कुंदा (चतरा)।** मेदवाडीह सरकारी स्कूल में चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने घटना में शामिल गांव के ही चंदन कुमार नामक चोर को गिरफ्तार किया है। चंदन ने गांव के ही दो अन्य साथियों संग मिलकर विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने विद्यालय से चोरी हुआ 5 मॉनिटर, 5 सीपीयू, 5 कीबोर्ड, 05 माउस, 6 पीस 12 वाट बैटरी, 01 स्टेबलाइजर, 1 प्रिंटर व 1 यूपीएस बरामद किया है। पुलिस ने गांव के ही बहींलवाखाडार जंगल के फटार व बोटकिया ढिबर जंगल से गिरफ्तार चंदन यादव के निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया है। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल दो अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर निरंतर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही चोरी में शामिल अन्य चोरों को भी दबोचकर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

# झारखंड के पलामू जिले में सबसे अधिक 204 मिलीमीटर हुई बारिश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के उत्तर पश्चिम जिलों में इन दिनों अत्यधिक भारी बारिश हो रही है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागों के जिन जिलों में अत्यधिक बारिश हो रही है उनमें पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा शामिल है। मौसम विभाग से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश पलामू जिले के चैनपुर में 204 मिलीमीटर रिकार्ड की गई। वहीं इस दौरान डाल्टनगंज में 158.2 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। पलामू प्रमंडल के कई इलाकों में भी 70 मिलीमीटर से अधिक बारिश रिकार्ड की गई। इनमें 108.5 मिमी, नाव बाजार 82.7, पनकी में 93.3, नौडीहा बाजार में 72 और भवनाथपुर में 59.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं राजधानी रांची संहिता आसपास के इलाकों में बुधवार से बारिश में कमी आई है। वहीं गुरुवार को भी मौसम में सुधार है। हालांकि बीच-बीच में बादल छा रहे हैं। इधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की है। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 33.8, डालटेनगंज में 26.4, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### खपरैल घर गिरने से परिवार से सभी सदस्य घायल



**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत कसमार निवासी प्रदीप भुईयां का बारिश में कच्चा मकान गिर जाने से बच्चा सहित कई लोग घायल हो गए। ज्ञात हो कि पलामू जिला में बुधवार को भारी वर्षा हुई जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच अपना घर गिरते देख चुके प्रदीप भुईयां ने बताया कि बारिश में उसका घर अचानक से गिर गया। जिसमें उसके बच्चे सहित उसके पिता को भी चोट आई। इस घटना में सबसे ज्यादा चोट उसके पुत्र लकी कुमार को लगी है जिसका दायां आंख पूरी तरह से बंद हो गया है। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया।

## सतीश कुमार को जिला प्रभारी बनाए जाने पर दी बधाई

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने सतीश कुमार को पलामू जिला प्रभारी नियुक्त किया है। जिला प्रभारी बनाए जाने पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा व राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी के कार्यकर्ताओं ने नयी मुहल्ला स्थित आवास पर पहुंच कर बधाई व शुभकामनाएं दी। लोगों ने उम्मीद जतायी कि सतीश कुमार को प्रभारी बनाए जाने से मोर्चा व एकेडमी को भी मजबूती मिलेगी। मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने कहा कि मोर्चा के पदाधिकारी व एकेडमी से जुड़े खेल प्रेमियों में हर्षोल्लास है। सतीश कुमार ने कहा कि आपका स्नेह को बेकार नहीं जाने देंगे। पलामू आंदोलनकारी व आंदोलन का मॉडल बने, यही हमारा प्रयास होगा। बधाई देने वालों में दाउद केरकेट्टा, राजू कुमार प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, संतन कुमार, आशुतोष पांडेय, बसंत हेमर्म, पुनिया टोपनो आदि शामिल थे।

## पेज एक के शेष

### देशभर में जमशेदपुर...

नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन और नागरिकों के सहयोग को श्रेय दिया है। वहीं राज्य शहरी विकास अभिकरण और राज्य में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के निदेशक सूरज कुमार ने कहा है कि यह जमशेदपुर और बुंडू के लिए गौरव का क्षण है। वहीं पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शहर की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का क्षण है, जहां जमशेदपुर को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान निगम कर्मचारियों की निरंतर मेहनत और प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ शहरवासियों की जागरूकता का परिणाम है। हम सभी को इसी तरह स्वच्छता को अपनी आदत और संस्कृति बनाना होगा। उपायुक्त ने सभी सफाई कर्मियों, जागरूक शहरवासियों और नगरीय निकाय प्रशासन को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे शहर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग दें।

### जमशेदपुर और बुंडू...

इस मौके पर राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक सूरज कुमार, जमशेदपुर अधीसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार और बुंडू नगर पंचायत के पदाधिकारियों नें सम्मान हासिल किया।

### डाकघर से 9...

जांच में फर्जी वित्तीय लेनदेन, कागजातों में हेरफेर और बैलेंस शीट में गड़बड़ी सामने आई। सीबीआई की गहन पूछताछ में अन्य कर्मचारियों की भी संलिप्तता उजागर हुई, जिसके आधार पर कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### पंचायतों के विकास

सर्वे करने का काम वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पहली बार किया गया। जिन क्षेत्रों में विकास कार्य के आकलन किए गए हैं उसमें पंचायत में गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका, स्वास्थ पंचायत,बाल अनुकूल पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्याय संगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला अनुकूल पंचायत शामिल है। इन विषयों पर प्राप्त आंकड़ों के आधार पर पांच कैटेगरी में पंचायत को बांटा गया जिसमें ए+, ए, बी, सी और डी शामिल है। ए+ श्रेणी में देश के किसी भी पंचायत ने स्थान बनाने में सफलता नहीं पाई है। हालांकि ए ग्रेड में गुजरात के 346 और दूसरे नंबर पर तेलंगाना के 270 पंचायत ने जरूर स्थान बनाने में कामयाब हुआ है।

**बेहतरीन कार्य के लिए पंचायत प्रतिनिधि को किया गया सम्मानित :** झारखंड में पंचायत के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले मुखिया जिला परिषद अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों को आज 17 जुलाई को पंचायती राज विभाग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी ने लोहरदगा सहित विभिन्न जिलों के पंचायत और प्रखंड के जनप्रतिनिधि को सम्मानित किया। साथ ही पंचायत के विकास के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राजेश्वरी बी ने कहा कि जल्द ही पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 के लिए तैयारी की जा रही है। ऐसे में पंचायत के विकास में योगदान देने वाले सभी जनप्रतिनिधि अपने कार्यों के साथ-साथ उसकी जानकारी पोर्टल के माध्यम से जरूर सरकार को दें। झारखंड का प्रदर्शन आने वाले समय में बेहतर होने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कई जिले काफी पिछड़े हुए हैं इस वजह से काम होने के बावजूद भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा डाटा उपलब्ध नहीं कराया जा सका लेकिन आने वाले समय में जब पंचायत उन्नति सूचकांक की शुरुआत होगी तो वह यह जरूर इसमें अपने कार्यों के बारे में उल्लेख करें। इस मौके पर लोहरदगा के जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने खुशी जताते हुए कहा कि सम्मान से उत्साह बढ़ता है और आगे और भी जिले के पंचायत का प्रदर्शन बेहतर होगा। इस कार्यक्रम में विभाग के पदाधिकारी समेत मुखिया जिला परिषद अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### हॉस्पिटल में घुसकर...

वो10 से ज्यादा मर्डर केस में आरोपी था। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पटना पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से शूटर की पहचान की है। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि शूटर पटना के फुलवारी शरीफ का रहने वाला है। ये मामला कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का लग रहा है।

### 20 मिनट की...

वह चाहें तो किसी अलग रास्ते से सत्तापक्ष में आ सकते हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब उद्धव ठाकरे लगातार गठबंधन सरकार की तीन-भाषा नीति को लेकर आलोचना कर रहे हैं।

**पुराने गठबंधन का नया संकेत? :** शिवसेना और भाजपा ने 25 साल तक साथ मिलकर महाराष्ट्र में राजनीति की। लेकिन 2014 में सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों में दरार आ गई। 2019 में उद्धव ठाकरे ने भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। लेकिन 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद सरकार गिर गई और फडणवीस ने शिंदे के साथ मिलकर सत्ता संभाली।

**क्या फिर साथ आएंगे ठाकरे और भाजपा ? :** फडणवीस और उद्धव की मुलाकातों को लेकर अब यह अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या दोनों पुराने साथी एक बार फिर साथ आ सकते हैं। खास बात यह है कि फडणवीस का बयान और फिर उनकी मुलाकात ऐसे समय हुई है जब उद्धव ठाकरे फडणवीस सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं और एमएनएस के साथ तालमेल की चर्चा चल रही है। राज और उद्धव के बीच बढ़ती नजदीकियों ने भाजपा को सोचने पर मजबूर किया है। अगर मराठी वोट बैंक को लेकर ठाकरे बंधु एक हो जाते हैं तो भाजपा को 2029 की राजनीति में नुकसान हो सकता है। इसलिए फडणवीस की कोशिश यही मानी जा रही है कि किसी भी हालत में उद्धव को अपने पाले में वापस लाया जाए।

### हमारी सैन्य शक्ति...

क्योंकि वह देख चुके थे आतंकवादी धर्म पूछ कर खून बहा रहे हैं। पूरा देश क्रोध से भरा था सभी के खून में उबाल आ रहा था क्योंकि सभी को पता था इसका केंद्र बिंदु कहाँ है। जब से स्वतंत्रता मिली भारत से कटकर पाकिस्तान अलग हुआ पाकिस्तान भारत के साथ दुश्मनी निभा रहा है सीधा युद्ध में जीत नहीं पाता इसलिए आतंकवादियों को भेजता है। कभी भारत के नोट की नकल करके नकली नोट बनाता है और उससे अपना व्यवसाय चमकाता है तो कभी कश्मीर-कश्मीर चिल्लाता है। कंगाल हो रहा है फिर भी आतंकवादियों को पाल रहा है, उन पर खर्च कर रहा है। उससे भारत की उन्नति देखी नहीं जाती इसलिए बार-बार षड्यंत्र कर रहा है आतंकवादियों के माध्यम से। भारत सहनशील बना रहा बड़ा भाई बनकर परंतु कब तक सहे! अभी तो उसने खुला चैलेंज दिया पत्नी को जिंदा छोड़कर धमकी दिया –'तुम्हें संदेश देने के लिए छोड़ा है'! उसे पता नहीं हमारी सैन्य शक्ति अभी कितनी मजबूत है हमारे सैनिक बहादुर तो हैं ही उनके पास साधन भी अत्याधुनिक है। किसी को खबर नहीं हुई और 6 /7 मई की रात को भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर अपना बदला ले लिया। कई आतंकवादी मारे गए लेकिन किसी भी सामान्य नागरिक को खरोंच नहीं आई। यह है हमारी सैन्य शक्ति और सेना की बुद्धिमत्ता! वीरता! इसी का नाम दिया गया था 'ऑपरेशन सिंदूर'! और नेतृत्व कर रही थी दो महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह। हमारी बेटियों ने दिखला दिया वह किसी से कम नहीं। पाकिस्तान तो युद्ध विराम तोड़ते हुए अक्सर गोलीबारी करते रहते हैं जिसमें हमारे सामान्य नागरिक भी मारे जाते हैं लेकिन हमारी सेना ने एक भी सामान्य नागरिक को हताहत नहीं होने दिया साथ ही पाकिस्तान के क्षेत्र के भीतर गए बिना उसके ठिकानों को नष्ट किया। माँ माना तो यह भी जाता है उसके परमाणु संयंत्र जहाँ छिपा कर रखे गए थे वह भी नष्ट हुए। ऑपरेशन सिंदूर की विशेषता यही रही यह युद्ध नहीं होकर मात्र ऑपरेशन रहा। एक ऑपरेशन जिसमें शरीर के अन्य किसी भी अंग को कुछ भी नहीं होता है, मात्र रोगाणुयुक्त अंग की सफाई की जाती है, यही तो किया भारत की सेना ने! 10 जून तक चली इस कार्रवाई में पाकिस्तान ने नुकसान तो भरपूर झेला साथ ही वह दुनिया के सामने बेनकाब भी हो गया। उसके वरीयतम अधिकारी और सेना नायक आतंकवादी के अंतिम संस्कार में देखे गए। उसके द्वारा चीन, अमेरिका और तुर्कीये से आयातित सारे हथियारों के पोल खुल गए। कोई हथियार उसकी रक्षा करने में सक्षम नहीं हुआ। भारत की रक्षा प्रणाली और भारत के शस्त्र के समक्ष उसके सारे शस्त्र ढेर हो गए।

झूठ तो पाकिस्तान ने बहुत फैलाया लेकिन उसका सारा झूठ पकड़ा गया। उसने दावा किया राफेल को मार गिराने का जबकि उसकी प्रतिरक्षा तंत्र को ध्वस्त कर हमारा राफेल सुरक्षित रहा वह छू भी नहीं पाया था राफेल। भारतीय सेना और उसका सुरक्षा तंत्र कितना मजबूत है यह विश्व ने देख लिया। अंत में पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने और युद्ध विराम की प्रार्थना करने पर भारत ने युद्ध विराम किया वह भी अपनी शर्तों पर। स्पष्ट कह दिया अब किसी तरह की आतंकवादी घटना को युद्ध माना जाएगा और उसका बदला पाकिस्तान से अवश्य लिया जाएगा। हमारा नेतृत्व तो शक्तिशाली है ही, त्वरित निर्णय लेने वाला भी है लेकिन हमारी सेना भी तत्पर रहती है अपने देश की रक्षा के लिए यह हमेशा प्रमाणित करती आई है और ऑपरेशन सिंदूर से एक बार फिर प्रमाणित हो गया। हमारी सेना सीमा पर तत्पर रह सुरक्षा कर रही है तभी हम अपने घरों में चैन से सोते हैं।

जय हिंद! जय हिंद की! वंदे मातरम!

## 72वीं वर्षगांठ पर अमेरिका को उत्तर कोरिया की चेतावनी



**सोल (आईएएनएस)।** उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कोरियाई युद्ध (1950-53) में शामिल एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के मलबे को प्रदर्शित किया। युद्धविराम समझौते की 72वीं वर्षगांठ से पहले इसका प्रदर्शन किया गया है। उत्तर कोरिया के सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले अखबार, 'रोडोंग सिनमुन' ने बताया कि "दुश्मन के ठिकाने का यह मलबा" प्योंगयांग में पितृभूमि मुक्ति युद्ध के विजय संग्रहालय के कब्जे वाले हथियार हॉल में नए सिरे से प्रदर्शित होने के बाद, आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। प्रकाशित तस्वीरों और विवरणों से पता चलता है कि संभवतः यह मलबा कोरियाई युद्ध में शामिल एक अमेरिकी लड़ाकू विमान का है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 'रोडोंग सिनमुन' ने कहा कि इसे पिछले साल येलो सी से बरामद किया गया था। तस्वीरों में वर्दीधारी छात्र प्रदर्शनी में रखे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त मलबे को देख रहे हैं।

## इजरायली एयर स्ट्राइक के बाद स्वैदा में सीजफायर

### सीरिया ने वापस बुलाए सैनिक

**दमिश्क (आईएएनएस)।** दक्षिणी सीरिया में पांच दिनों तक चले संघर्ष के बाद सीरिया ने सीजफायर पर सहमति जताई है। इसी के साथ उसने स्वैदा शहर से अपनी सेना को वापस बुलाना शुरू कर दिया। इस बीच सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने ड्रूज नागरिकों और उनके अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसका ऐलान किया। उन्होंने एक्स पोस्ट पर कहा, " पिछले सप्ताह के आखिर से चल रहे सांप्रदायिक संघर्ष में शामिल पक्ष युद्धविराम के लिए विशिष्ट कदमों पर सहमत हो गए हैं।" इससे आज रात इस परेशान करने वाली और भयावह स्थिति का अंत हो जाएगा। इसके लिए सभी पक्षों को अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना होगा और हम उनसे यही अपेक्षा करते हैं। इससे पहले दमिश्क पर इजराइली एयरस्ट्राइक के बाद अहमद अल-शरा ने ड्रूज नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा, "हम आपको किसी बाहरी पक्ष के हाथों में सौंपने के किसी भी प्रयास का विरोध करते हैं।

### टोक्यो में गिरिराज सिंह बोले

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में भारत के दूत हैं

**टोक्यो (आईएएनएस)।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह इस समय जापान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को टोक्यो में 16वें इंडिया ट्रेड फेयर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अगले दिन, बुधवार को, उन्होंने टोक्यो में बड़ी कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात की और भारत में निवेश का प्रस्ताव दिया। गिरिराज सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हम तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। भारत से लगभग 150 बड़े कपड़ों के व्यापारी आए हैं। यहां की बड़ी कंपनियों के साथ वन टू वन मीटिंग भी हुई और तीन दर्जन से अधिक सामूहिक मीटिंग हुई। कंपनियों से मिलकर यह बात समझ में आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में फैली है। प्रधानमंत्री होने के साथ ही वह दुनिया में भारत के सबसे दूत हैं।



## पाकिस्तानी सेना ने बलूच कार्यकर्ता के घर मारा छापा

**क्वेटा (आईएएनएस)।** मानवाधिकार संस्था, बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) की सदस्य, सम्मी दीन बलूच के अनुसार, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक बलूच कार्यकर्ता के घर पर बिना किसी कानूनी आधार के 'अवैध छापेमारी' की। सम्मी ने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारी बुधवार शाम बलूचिस्तान में बीवाईसी कार्यकर्ता साहिबा बलूच के घर में जबरन घुस गए। एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा, "पाकिस्तानी सैन्य बलों ने एक बार फिर न्याय की बजाय धमकी को चुना है। साहिबा के पिता तीन महीने से गायब हैं। आरोप है कि पाकिस्तानी सेना ने ही उन्हें अगवा किया है। छापे के दौरान, मेरे परिवार के सदस्यों को परेशान किया गया और धमकाया गया।


# इराक के शॉपिंग मॉल में आग, 60 लोगों की मौत

### 5 दिन पहले ही खुला था, मॉल मालिक के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली । एजेंसी**

इराक के कुट शहर के एक बड़े सुपरमार्केट में भीषण आग लगने से अब तक 60 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग लापता हैं। कुट के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने रॉयटर्स न्यूज एजेंसी को बताया कि 59 मृतकों की पहचान कर ली है, लेकिन एक शव इतना जल गया है कि उसकी पहचान करना बहुत मुश्किल है। इलाके के गवर्नर ने बताया कि इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मॉल 5 दिन पहले ही खुला था। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

**हादसे की वजह पता नहीं :** फिलहाल आग लगने की असली वजह सामने नहीं आई है, लेकिन गवर्नर ने बताया है कि घटना की जांच शुरू हो गई है और अगले 48 घंटों में शुरुआती रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि शहर की एक पांच मंजिला इमारत आग की चपेट में है और दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। आग की शुरुआत पहली मंजिल से हुई और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, आग की शुरुआत एक एयर कंडीशनर में विस्फोट से हुई थी। हादसे के बाद पूरे प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है।



### 45 लोगों की बचाया गया

वायरल वीडियो में 5 मंजिला इमारत से भयंकर लपटें और धुआं दिखाई दे रहा है, जिसमें फायर फाइटर्स की टीम आग बुझाने और लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। इराक के गृह मंत्रालय के मुताबिक, सिविल डिफेंस टीमों ने 45 से ज्यादा लोगों को बचाया, लेकिन कई लोग अभी भी लापता हैं। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने गृह मंत्री को घटनास्थल पर जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए हैं। इराक लंबे समय से आतंरिक संघर्ष से जूझ रहा है, इस वजह यहां पर सुरक्षा मानकों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। इस वजह से अक्सर इस तरह के हादसे होते रहते हैं।

## फेड रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल को ट्रंप बर्खास्त किये तो बिटकॉइन में तेजी आएगी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी मीडिया के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल को बर्खास्त करने पर आमादा हैं। वैसे तो ट्रंप प्रशासन ने इससे इंकार किया है, लेकिन न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक इसका ड्राफ्ट तैयार हो चुका है, ट्रंप कभी भी पॉवेल की बर्खास्तगी पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यदि यह होगा तो अमेरिका के इतिहास में यह अभूतपूर्व घटना होगी।और ऐसा होता है तो इससे ग्लोबल मार्केट में अमेरिकी डॉलर को बहुत नुक़सान होगा, जबकि गोल्ड व बिटकॉइन में बहुत तेजी आ सकती है। चर्चा यह भी है कि ट्रंप की रही कई पत्नियों की संतानों में से एक संतान बड़े स्तर पर बिटकॉइन के धंधे में भी है। ट्रंप ने एक धनी मुस्लिम देश में यात्रा के दौरान वहाँ के सत्ताधारी से अपनी इस संतान को मिलवाया भी था। न्यूयार्क टाइम्स में छपी पावेल वाली ख़बर के बाद बीते बुधवार सुबह अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में 0.8% तक की गिरावट आई। हालांकि ट्रंप ने कहा कि पॉवेल को हटाने की संभावना नहीं है। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, "हम कुछ करने की योजना नहीं बना रहे हैं। मैं किसी भी संभावना से इनकार नहीं करता हूं लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत ही असंभव है।मालूम हो कि फेड की आजादी अमेरिकी वित्तीय बाजारों की नींव है। यदि लोगों को लगेगा कि यह आजादी खतरे में है, तो इससे डॉलर व अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की भारी बिक्री हो सकती है। इससे अमेरिका के बाजारों और अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका की छवि खराब हो सकती है। लेकिन बिटकॉइन व गोल्ड की कीमत में तेजी आ सकती है। चूँकि ट्रंप के सनकीपन वाले बयान व मनमानी टैक्स व अन्य तमाम कारनामों से इस वर्ष अमेरिकी बाजार में बहुत उतार-चढ़ाव हो रहा है। इस कारण ट्रंप लगातार पॉवेल की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने ब्याज दरों में 300 बेसिस पॉइंट कटौती की मांग की है। अमेरिका के इतिहास में इतनी बड़ी कटौती कभी नहीं हुई है। ट्रंप चाहते हैं कि यह दर कम हो जाए। इससे लोगों को लोन लेना आसान हो जाएगा व अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन फेड अपनी नीतियों के मुताबिक काम करता है और ट्रंप के दबाव में नहीं आना चाहता। इसके कारण बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।बाजार की यह अनिश्चितता सोने व बिटकॉइन के लिए खाद-पानी का काम कर रही है। बिटकॉइन की कीमत हाल में 122,000 डॉलर के पार पहुंच गई थी। इसी तरह सोने की कीमत में भी बहुत तेजी आई है। जबकि इसके उलट डॉलर की कीमत में बीते छमाही में लगभग 11 % गिरावट आई है। यह 1973 के बाद अमेरिकी करेंसी की वैल्यू में पहले 6 महीने में आई सबसे बड़ी गिरावट है।इसके कारण ट्रंप प्रशासन की किरकिरी हो रही है।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको

**कीव ।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। शिमहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने शिमहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी।



## मैमनसिंह में ध्वस्त किए जा रहे घर का सत्यजीत रे के पूर्वजों से संबंध नहीं : बांग्लादेश विदेश मंत्रालय

**ढाका ।** बांग्लादेश में फिल्मकार सत्यजीत रे से जुड़े 200 साल पुराने पुश्तैनी घर को ध्वस्त करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले में भारत सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए बांग्लादेश को एक पत्र भेजा था। इस पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का बयान सामने आया है।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बांग्लादेश में अभिलेखों की विस्तृत जांच से पुष्टि हुई है कि मैमनसिंह जिले में ध्वस्त की जा रही इमारत का प्रतिष्ठित बंगाली फिल्म निर्माता सत्यजीत रे या उनके पूर्वजों से कोई ऐतिहासिक या पारिवारिक संबंध नहीं है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के पत्र के अनुसार, ''बांग्लादेश सरकार ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और लेखक सत्यजीत रे की मैमनसिंह स्थित पैतृक संपत्ति, जो मूलरूप से उनके दादा प्रतिष्ठित साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे चौधरी की थी।

# किसानों की केंद्र सरकार से गुहार, अमेरिका से व्यापार समझौते में कृषि को शामिल न करें

- अमेरिका का चीन से 2018 से व्यापार युद्ध चल रहा है,जिससे अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा दोगुना हो गया है, इसलिए अमेरिका अपने कृषि उत्पादों को सबसे ज्यादा आबादी वाले भारत में बेचना चाहता है
- अमेरिका ख़ुद अपने किसानों के लिए 867 अरब डॉलर की सब्सिडी दिया,भारत पर सब्सिडी खत्म करने का दबाव दे रहा , सब्सिडी देने पर डब्ल्यूटीओ समझौते का उल्लंघन कह रहा है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** किसान संगठन 'भारतीय किसान समन्वय समिति' ने केन्द्र सरकार से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में कृषि को शामिल नहीं करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि ऐसा होने से भारतीय किसानों को बहुत नुकसान होगा। संगठन ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को भी पत्र लिखा है।किसानों को डर है कि यदि मोदी सरकार ने ट्रंप सरकार के दबाव में व्यापार समझौते में कृषि को शामिल तो भारतीय किसानों के हितों को भयंकर नुकसान होगा, भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। किसान संगठन का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर हालत में भारत के साथ व्यापार समझौते में कृषि को शामिल करने पर आमादा हैं। क्योंकि अमेरिका व चीन के बीच 2018 से व्यापार युद्ध चल रहा है। इसका असर अमेरिका के कृषि निर्यात पर पड़ा है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा लगभग दोगुना हो गया है। इसलिए, अमेरिका अपने कृषि उत्पादों को भारत जैसे बाजारों में बेचना चाहता है। उदाहरण के लिए अमेरिका से सोयाबीन का निर्यात 2022 में 34.4 अरब डॉलर था, जो 2024 में घटकर 24.5 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह, मक्का निर्यात 18.6 अरब डॉलर से घटकर 13.9 अरब डॉलर हो गया।किसान संगठन का कहना है कि अमेरिकी सरकार दुनिया में सबसे ज्यादा कृषि सब्सिडी देने वाली सरकारों में से एक है। अमेरिका के 2024 के फार्म बिल में कृषि सब्सिडी के लिए 1.5 ट्रिलियन डॉलर आवंटित किए गए हैं। इतनी बड़ी सब्सिडी की वजह से अमेरिका में कृषि उत्पादों का आयात कम होता है।

साथ ही, अमेरिकी उत्पादों को कम कीमत पर दूसरे देशों में बेचा जा सकता है। इसीलिए किसान संगठन कह रहा है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारत व अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते से कृषि को मोदी सरकार पूरी तरह से बाहर रखे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसके लिए कितना भी दबाव बनावें , धमकी दें , तिकड़म करें, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके दबाव में न आवें। मालूम हो कि 'भारतीय किसान समन्वय समिति' में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु व महाराष्ट्र समेत 11 राज्यों के किसान संगठन शामिल हैं। यह संगठन किसानों के मुद्दों पर काम करता है। संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि किसानों के हितों को अनदेखा किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। हालांकि, संगठन को उम्मीद है कि सरकार क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) से हटने के फैसले की तरह ही इस मामले में भी किसानों के हित में फैसला लेगी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में किसान संगठन ने कहा है कि यदि अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों को बिना टैरिफ के भारत में आने दिया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।




### समझौता हुआ तो डेयरी किसान भी हो जाएंगे बर्बाद

किसान संगठन का तर्क है कि यदि ऐसे सब्सिडी वाले अमेरिकी उत्पादों को भारत में आने दिया गया तो विश्व व्यापार संगठन में भारत का विरोध कमजोर हो जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत का डेयरी क्षेत्र अमेरिकी उत्पादों के लिए खुल गया तो भारतीय डेयरी किसानों को सालाना 1.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि डेयरी क्षेत्र को खोला गया तो भारत में दूध की कीमतें कम से कम 15% तक गिर सकती हैं। इससे छोटे डेयरी किसानों की आजीविका पर खराब असर पड़ेगा। किसान संगठन ने भारतीय किसानों की आजीविका को खतरे में डालने के लिए अमेरिका की आलोचना की है। अमेरिका ने भारत सरकार की ओर से सार्वजनिक खरीद योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली मामूली सहायता को डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन बताया है। जबकि अमेरिका ने खुद 2019 के फार्म बिल में अमेरिकी किसानों के लिए 867 अरब डॉलर की सब्सिडी आवंटित की थी। वहीं, ओईसीडी के अध्ययन के अनुसार, 2000-2016 के दौरान भारतीय किसानों के लिए कुल उत्पादक समर्थन अनुमान नकारात्मक 14 % था।

### सरकारी नीति से देश की खाद्य तेल आत्मनिर्भरता खत्म, 70% आयात हो रहा

किसान संगठन ने खाद्य तेल के मुद्दे पर भी बात की। उसने कहा कि अमेरिका दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोयाबीन तेल का निर्यातक है। भारत कभी खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर था, लेकिन अब उसे अपनी जरूरत का लगभग 70 % आयात करना पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सरकार ने किसान विरोधी व्यापार नीतियां अपनाई हैं। 31 मई को भारत ने कच्चे पाम तेल, सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क 20 %से घटाकर 10 % कर दिया। सरकार ने कहा कि ऐसा महंगाई को कम करने के लिए किया गया है।'भारतीय किसान समन्वय समिति' का कहना है कि इस शुल्क कटौती से बड़े आयातकों को फायदा होगा। ये आयातक कच्चे खाद्य तेल का आयात और प्रसंस्करण करते हैं। किसान संगठन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़े अमेरिकी कृषि व्यवसायों का समर्थन किया है। भारत के नेताओं को भारत के छोटे किसानों की रक्षा करनी चाहिए। ये किसान ही देश को भोजन देते हैं। भारत में खाद्य तेल का उत्पादन बढ़ाने की क्षमता है। आयात शुल्क कम करने से घरेलू उत्पादन कम होगा और बड़ी प्राइवेट व विदेशी कंपनियों को फायदा होगा। इससे भारतीय किसानों को बहुत नुकसान होगा।इसलिए केन्द्र सरकार को किसानों व भारतीय कृषि को बचाने के लिए अमेरिका व उसके राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में नहीं झुकना चाहिए।




### सलमान खान का खुलासा

# 'बैटल ऑफ गलवान' शारीरिक रूप से अब तक की सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण फिल्म...

सलमान खान अपनी अगली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की रिलीज़ के लिए तैयार हैं। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म लद्दाख की गलवान घाटी में 2020 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई भीषण झड़प पर आधारित है। सलमान ने हाल ही में बताया कि फिल्म में उनका किरदार शारीरिक रूप से कितना चुनौतीपूर्ण है। अभिनेता सलमान खान की मानें तो आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' शारीरिक रूप से उनके करियर की अब तक की सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है और इसका निर्देशन 'शूटआउट एट लोखंडवाला' से मशहूर हुए अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "यह शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। हर साल, हर महीने, हर दिन यह और भी मुश्किल होता जा रहा है। मुझे अब (प्रशिक्षण के लिए) ज्यादा समय देना होगा। पहले, मैं इसके (प्रशिक्षण) लिए एक या दो सप्ताह का समय लेता था, अब मैं दौड़ लगा रहा हूं और वह सबकुछ कर रहा हूं जिसकी जरूरत है।'' खान ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, "उदाहरण के लिए 'सिकंदर' में एक्शन अलग था, किरदार अलग था। लेकिन यह शारीरिक रूप से कठिन है।

